kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-215 | सोमवार, 08 सितम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12




देश में विपक्ष 'घुसपैठिया बचाओ आंदोलन' चला रहा है। यही कारण है कि बिहार में राहुल गांधी की वोटर बचाओ यात्रा 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' बन गई है।

डॉ. संबित पात्रा


नागरिक स्वदेशी उत्पाद खरीदें : मांडविया 11

मुख्यमंत्री ने 'महिला रोजगार योजना' के तहत एक विशेष ऑनलाइन पोर्टल किया लॉन्च 12


# जीएसटी सुधार के लिए प्रधानमंत्री का अभिनंदन

## कार्यशाला में पिछली पंक्ति में नजर आए मोदी



एजेंसी

नयी दिल्ली। भाजपा की दो दिवसीय कार्यशाला में रविवार को ऐतिहासिक जीएसटी सुधार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन और आभार व्यक्त किया गया जहां वह आम कार्यकर्ता की तरह कार्यशाला की आखिरी पंक्ति में सहज भाव से बैठे दिखाई दिए।

भाजपा की दो दिवसीय कार्यशाला रविवार सुबह 11 बजे से संसद के जीएमसी बालयोगी सभागार में शुरू हुई। इस कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद शामिल हुए । इस कार्यशाला में उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारी और विकसित भारत समेत कई मुद्दों पर चर्चा होनी है। इस कार्यशाला में प्रधानमंत्री द्वारा 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से जीएसटी सुधारों की घोषणा को साकार करने पर भाजपा सांसदों ने प्रस्ताव पारित करके उनका अभिनंदन और आभार व्यक्त किया गया। भाजपा की दो दिवसीय कार्यशाला के पहले दिन सांसदों के लिए महत्वपूर्ण चार सत्र होंगे। पहला सत्र आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी भारत, ईज ऑफ डूइंग और युवा शक्ति एवं रोजगार पर होगा। दूसरा सत्र सांसदों की ओर से सोशल मीडिया के प्रभावी प्रयोग पर होगा। तीसरा सत्र सांसदों की स्थायी समिति के समूहों से संबंधित है, जिसमें अलग-अलग मंत्रालयों की संसदीय समितियों से जुड़ा है।

इसमें संसदीय समिति की कार्यवाही का महत्व, संसद सत्र की तैयारी, संसदीय नियमावली का इस्तेमाल, मंत्रालय रिपोर्ट का अध्ययन और सांसद के रूप में व्यवहार और सावधानी आदि पर चर्चा होगी। चौथे और अंतिम सत्र में सागरीय क्षेत्र, लेफ्ट विंग क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र, शहरी क्षेत्र और पहाड़ी और उत्तर पूर्व क्षेत्र के बारे में चर्चा होगी।

भाजपा कार्यशाला के दूसरे दिन सोमवार को नौ सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए भाजपा सांसदों को चुनाव प्रक्रिया, मतदान करने का तरीका और सावधानियों के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

ज्ञात रहे कि उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राजग प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी न्यायमूरित बी सुदर्शन रेड्डी के बीच मुकाबला है।

## प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन पर 75 स्थानों पर 'नमो युवा रन' का होगा आयोजन

एजेंसी




नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन के मौके पर 17 सितंबर को देशभर में 75 स्थानों पर 'नशा मुक्त भारत' के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) द्वारा 'नमो युवा रन' का आयोजन किया जाएगा।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और भाजयुमो अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में इसकी घोषणा की। इस अवसर पर तेजस्वी सूर्या ने बताया कि फिटनेस के प्रतीक के तौर पर पहचाने जाने वाले मॉडल, एक्टर मिलिंद सोमण 'नमो युवा रन' के ब्रांड एंबेसडर होंगे। इस अवसर पर 'नमो युवा रन' की टी शर्ट और एप भी लॉन्च किया गया। श्री सूर्या ने बताया कि भाजयुमो प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 17 सितंबर को भाजयुमो देश के 75 स्थानों पर 'नमो युवा रन' आयोजित कर रही है। जिसमें हर स्थान पर करीब 10,000 युवा के भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि एक अनुमान के मुताबिक ● शेष पेज 11 पर

# हर प्रदेश में धर्मांतरण कराने की तैयारी में था छांगुर गिरोह

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



- एटीएस ने छांगुर के बेटे महबूब और नवीन रोहरा के मुकदमे में दाखिल की चार्जशीट
- पूरे देश को इस्लामिक राष्ट्र बनाने का मिशन चलाया
- एटीएस दूसरी चार्जशीट भी जल्दी ही दाखिल करेगी

लखनऊ।छांगुर का गिरोह हर प्रदेश में धर्मांतरण कराने के लिए तैयारी कर रहा था। उसने पूरे देश को इस्लामिक राष्ट्र बनाने का इरादा कर रखा था। छांगुर अपनी हर बैठक और दौरे में यही रट लगाता था कि वर्ष 2047 तक भारत को इस्लामिक राष्ट्र बना देना है। एटीएस ने छांगुर के बेटे महबूब और करीबी नीतू उर्फ नसरीन के पति नवीन रोहरा की गिरफ्तारी के प्रकरण में कुछ समय पहले कोर्ट में दाखिल अपनी चार्जशीट में इसका उल्लेख किया है।

अवैध धर्मांतरण के इस मामले ने इसी साल पांच जुलाई को तब तूल पकड़ा था, जब एटीएस ने जलालुद्दीन उर्फ छांगुर और उसकी करीबी नीतू को गिरफ्तार किया था। इस मामले में एसटीएफ की जांच के बाद एटीएस ने पिछले साल नवम्बर में मुकदमा दर्ज किया था। इस प्रकरण के तूल पकड़ने से पहले पिछले साल 14 नवम्बर को छांगुर के बेटे महबूब और नवीन रोहरा को जेल भेजा जा चुका था। उस समय इस बारे में ज्यादा खुलासे नहीं हुए थे। छांगुर की गिरफ्तारी के बाद ईडी समेत कई जांच एजेन्सियां सक्रिय हो गई थी। इसी बीच एटीएस ने अगस्त में अपनी पहली चार्जशीट दाखिल कर दी। इस चार्जशीट में छांगुर के बेटे महबूब और नवीन के बयान से पूरे नेटवर्क का खुलासा किया गया है। पहला सम्पर्क होने के बाद नवीन जाल में फंसा एटीएस की चार्जशीट में नवीन के बयान में लिखा कि वह पहली बार जब छांगुर के सम्पर्क में आया तो उसे कई तरह के प्रलोभन दिए गए थे। इसके बाद ही वह उसे मुम्बई में बुलाने लगा। फिर पत्नी नीतू के साथ बलरामपुर के उतरौला में उसकी कोठी पर गया था। इसके बाद उसकी आस्था छांगुर में बढ़ी तो उसने इस्लाम कुबूल कर लिया। छांगुर के कहने पर ही उसने पत्नी को भी इस्लाम कुबूल करवाया। महबूब ने अपने बयान में पिता छांगुर को निर्दोष बताया। उसने बयान दिया कि जिसकी इस्लाम धर्म में आस्था होती थी, उसका ही धर्मांतरण कराया जाता था। करोड़ों की फंडिंग का जिक्र चार्जशीट में एटीएस की चार्जशीट में भी छांगुर का करोड़ों रुपये की फंडिंग विदेशों से आने की बात कही गई है। महबूब ने कुबूला है कि उसके पिता ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### मधुमक्खी पालन के लिए 90 दिनों का नि:शुल्क प्रशिक्षण देगी सरकार

**लखनऊ।** राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रदेश में किसानों को मधुमक्खी पालन का 90 दिनों का निशुल्क प्रशिक्षण देगी। उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि राज्य में रोजगार सृजन और शहद उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम शुरू करने जा रही है। उन्होंने बताया कि मधुमक्खी पालन के लिए 40 प्रतिशत अनुदान भी प्रदान किया जाएगा। मधुमक्खी पालन से औद्यानिकी में स्वरोजगार का विस्तार होगा। उद्यान राज्यमंत्री ने बताया कि मधुमक्खी पालन ऐसा व्यवसाय है, जिसे अपना कर किसान कम समय और कम लागत में अधिक आय अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा मधुमक्खी पालन को वैज्ञानिक ढंग से प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, सहारनपुर तथा बस्ती के साथ-साथ राजकीय उद्यान, प्रयागराज में 16 सितम्बर से 15 दिसम्बर तक तीन माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है।

### जापान के प्रधानमंत्री ने इस्तीफा देने की जताई इच्छा

**टोकियो।** जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) को और विभाजन से बचाने के लिए इस्तीफा देने की इच्छा जताई है। राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि श्री इशिबा की गठबंधन सरकार जुलाई में हुए ऊपरी सदन के चुनाव (हाउस ऑफ काउंसिलर्स) में हार गई थी। इसके लिए श्री इशिबा ने माफी भी मांगी थी और कहा था कि वह इस्तीफा पर विचार करेंगे। फैसला पार्टी द्वारा 8 सितंबर को राष्ट्रपति चुनाव कराने पर निर्णय लेने से ठीक एक दिन पहले आया है। एलडीपी के भीतर पार्टी के 295 डाइट सदस्यों में से 130 आपातकालीन नेतृत्व चयन का समर्थन कर रहे हैं। इनमें वरिष्ठ नेता और श्री इशिबा के अपने मंत्रिमंडल के सदस्य भी शामिल हैं। जिला स्तर पर 47 स्थानीय शाखाओं में से 18 ने पहले ही औपचारिक रूप से चुनाव कराने का समर्थन कर दिया है और दो और शाखाएं इस दिशा में आगे बढ़ रही हैं। यदि सांसदों और प्रांतीय प्रतिनिधियों के संयुक्त वोटों के आधे से ज्यादा वोट मिल जाते हैं तो मुकाबला शुरू हो जाएगा। युद्धोत्तर जापान में 1955 में अपनी स्थापना के बाद से प्रमुख राजनीतिक ताकत रही एलडीपी का अध्यक्ष लगभग हमेशा देश का प्रधानमंत्री बनता है क्योंकि पार्टी के पास संसद में सबसे ज्यादा सीटें होती हैं। अभी तक यही देखा गया है कि जब भी कोई एलडीपी अध्यक्ष इस्तीफा देता है या उसकी जगह कोई और आता है तो आमतौर पर प्रधानमंत्री पद भी बदल जाता है। जुलाई में एक ऐतिहासिक राजनीतिक झटके में जापान के सत्तारूढ़ गठबंधन ने हाउस ऑफ काउंसिलर्स में अपना बहुमत खो दिया जिससे सरकार के प्रति जनता में गहरा असंतोष प्रकट हुआ।

# यूपी में चार करोड़ ग्लोबल स्किल्ड वर्कफोर्स तैयार होंगे

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- आईटी और एआई सेक्टर में यूपी को ग्लोबल हब बनाने की तैयारी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के आधार पर 2047 तक यूपी में 10 अरब यूएस डॉलर मूल्यांकन वाली 15-20 'डेकाकॉर्न कंपनियां स्थापित करना है। इससे यूपी में चार करोड़ ग्लोबल स्किल्ड वर्कफोर्स तैयार होंगे। इसके लिए एक तरफ आईटी, एआई, डीपटेक जैसे भविष्योन्मुखी तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है, साथ ही 4 करोड़ से अधिक युवाओं को ग्लोबल स्किल्ड वर्कफोर्स के रूप में तैयार किया जाएगा। लघु अवधि के लक्ष्यों के तहत 2030 तक लखनऊ और कानपुर में एआई सिटी विकसित होगी। एनसीआर, लखनऊ और नोएडा को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) हब बनाया जाएगा। हर मंडल में इनक्यूबेटर स्थापित होंगे और नए यूनिकॉर्न स्टार्टअप (1 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य) को बढ़ावा दिया जाएगा।

सरकार का लक्ष्य 2030 तक कम से कम 20 यूनिकॉर्न स्टार्टअप तैयार करने पर है। इसके साथ ही इसरो के सहयोग से सैटेलाइट लॉन्चिंग कर आपदा प्रबंधन और मौसम पूर्वानुमान में क्रांति लाने का प्रयास होगा। वहीं सॉफ्टवेयर एक्सपोर्ट को भी पांच गुना बढ़ाया जाएगा। मध्य और दीर्घ अवधि में 2047 तक उत्तर प्रदेश को एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और ब्लॉकचेन का वैश्विक लीडर बनाने का लक्ष्य है। राज्य को एक विश्वस्तरीय टेक्नोलॉजी कॉरिडोर के रूप में स्थापित किया जाएगा। इस दौरान 15 से 20 डेकाकॉर्न (10 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य) स्टार्टअप तैयार होंगे और यूपी भारत के आईटी निर्यात में सबसे बड़ा योगदान देने वाला राज्य बनेगा। सरकार की रणनीति चार प्रमुख स्तंभों पर आधारित है, इसमें एआई सिटी, ग्रीन आईटी व सस्टेनेबल टेक, जीसीसी और स्पेस टेक्नोलॉजी ● शेष पेज 11 पर

## 10 लाख का इनामी नक्सली ढेर, विभिन्न घटनाओं में थी संलिप्तता

पश्चिमी सिंहभूम। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए विशेष अभियान के दौरान रविवार को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा (माओवादी) का जोनल कमेटी सदस्य और दस लाख रुपये का इनामी नक्सली मारा गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राकेश रंजन ने बताया कि सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में भाकपा माओवादी का इनामी नक्सली अमित हांसदा उर्फ़ आपटन मारा गया है। उसपर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था। उसपर जिले के विभिन्न थानों में नक्सली हिंसक घटनाओं को अंजाम देने के कई मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में मारे गए नक्सली की पहचान अमित हांसदा उर्फ अपटन उर्फ चंद्रमोहन हांसदा, पिता गुड्डू हांसदा, निवासी ढोड़ी, थाना चतरोचट्टी, जिला बोकारो के रूप में हुई है। वर्ष 2008 से सक्रिय यह नक्सली लंबे समय से झारखंड ● शेष पेज 11 पर

# भारत ने चौथी बार हॉकी एशिया कप जीता

- साउथ कोरिया को 4-1 से फाइनल हराया, वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालिफाई किया

एजेंसी



राजगीर। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर एशिया कप का खिताब जीता। भारत ने चौथी बार एशिया कप ट्रॉफी जीती है। महाद्वीपीय टूर्नामेंट जीतने के साथ ही भारतीय टीम ने अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड द्वारा संयुक्त मेजबानी में आयोजित होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। राजगीर में खेले गए फाइनल में भारत की ओर से सुखजीत, दिलप्रीत और अमित ने गोल किए।

भारत ने एशिया कप में दमदार प्रदर्शन किया। हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में टीम ने ग्रुप स्टेज में चीन को 4-3 से, जापान को 3-2 से और कजाकिस्तान को 15-0 से रौंदा था। इसके बाद सुपर-4 में भी टीम का दबदबा कायम रहा। पहला मुकाबला कोरिया से 2-2 से ड्रॉ रहा। दूसरे मुकाबले में टीम ने मलेशिया को 4-1 से धोया। अंतिम सपर-4 मुकाबले में भारत ने चीन को 7-0 से धोया। वहीं फाइनल में भारत ने दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

सुखजीत सिंह ने 30वें सेकंड में भारत के लिए पहला गोल किया। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में दिलप्रीत ने गोल दागा। 45वें मिनट में दिलप्रीत सिंह ने फिर गोल किया। अमित ने 50वें मिनट में गोल करके भारत की बढ़त को मजबूत किया। 51वें मिनट में कोरिया ने मैच का पहला गोल किया।

हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने सुपर-4 के आखिरी मुकाबले में चीन को 7-0 से हराया, जबकि कोरिया ने मलेशिया को 4-3 से धूल चटाई। भारतीय टीम का एशिया कप में प्रदर्शन शानदार रहा। टीम ने एक भी मैच नहीं गंवाया है। भारत ने जारी टूर्नामेंट में सात मैच खेले हैं और 6 में जीत दर्ज की। कोरिया के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ रहा था। एशिया कप 2025 में तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में मलेशिया ने चीन को 4-1 से हराया।

# सीबीआई की जांच में रिश्वतखोरी के कई और राज सामने आए, दो से पूछताछ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- आरोपी तीनों इंस्पेक्टरों की सम्पत्ति का ब्योरा जुटाया
- बाराबंकी के दो तस्करों के परिवारीजनों से भी पूछताछ की
- रिश्वतखोरी के नेटवर्क का खुलासा कर तीन इंस्पेक्टरों को पकड़ा था सीबीआई ने

लखनऊ। केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो में रिश्वतखोरी का भण्डाफोड़ करने वाली सीबीआई की जांच में कुछ और राज सामने आए है। सीबीआई ने इस आधार पर ही आरोपी इंस्पेक्टरों की सम्पत्ति और खातों का ब्योरा जुटा लिया है। उसने बाराबंकी से पकड़े गए दो तस्करों के परिवारीजनों से भी पूछताछ की है। इन तस्करों को पकड़वाने और इनकी मदद करने वाले कई लोगों से बिचौलिए के जरिए आरोपी इंस्पेक्टरों ने कई बार सम्पर्क किया था।

इसी में नर्सिंग होम संचालक को मुकदमे से बचाने के नाम पर 10 लाख रुपये रिश्वत मांगी गई थी। सीबीआई ने इस प्रकरण में 26 अगस्त को रिश्वत लेते हुए नारकोटिक्स इंस्पेक्टर महिपाल सिंह, रवि रंजन और आदर्श योगी के साथ ही देवा नर्सिंग होम के संचालक गयासुद्दीन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद ही रिश्वतखोरी के पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ तो कई बिचौलियों का नाम सामने आया था। इस दौरान ही दो बिचौलिये सुनील जायसवाल व संतोष जायसवाल को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। जांच में कई नाम सामने आए सीबीआई ने इसके बाद अपनी जांच बढ़ाई तो सामने आया कि कुछ दिन पहले पकड़े गए तस्कर रौशन ने उन सभी के नाम बताए थे जिनको वह प्रतिबन्धित ड्रग्स देता था। इन नामों के आधार पर ही आरोपी इंस्पेक्टर ने उन सभी को सम्पर्क किया। फिर उन्हें धमका कर वसूली की जाने लगी थी। देवा नर्सिंग होम के संचालक से रिश्वत लेने की पोल खुल गई थी। सीबीआई ने जब केन्द्रीय नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो के दफ्तर में छापा मारा तो कई और राज खुले। गिरफ्तार इंस्पेक्टरों ● शेष पेज 11 पर

## आजादी के समय यूपी की अर्थव्यवस्था देश में सबसे बड़ी थी : योगी आदित्यनाथ

# यूपी में अब नौकरियों की बौछार, हर क्षेत्र में यूपी अग्रणी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो




लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछली सरकारों पर निशाना साधा और कहा कि आठ वर्ष पहले वे नियुक्ति पत्र वितरण के ऐसे इवेंट नहीं कर पाते थे। पहले भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं होती थी, क्योंकि हर प्रक्रिया में कोई न कोई ऐसा व्यवधान होता था, जिस पर न्यायालय द्वारा रोक लगा दी जाती थी। शिक्षक, पुलिस, अनुदेशक की भर्ती हो या किसी अन्य विभाग की, इतना पैसा ले लिया जाता था कि वे किसी अभ्यर्थी से आंख मिलाकर बात नहीं कर पाते थे। क्योंकि जब व्यक्ति बेईमानी और भ्रष्टाचार का सहारा लेता है तो उसका नैतिक पतन हो जाता है और वह चेहरा उठाकर बात नहीं कर पाता है।

2017 के पहले सरकार में बैठे लोगों ने यही स्थिति कर दी थी, जिससे यूपी का नौजवान हताश और निराश था। जब नौजवान हताश और निराश होगा तो अर्थव्यवस्था नीचे गिरेगी ही, लेकिन पिछले साढ़े 8 वर्ष में सामूहिक परिणाम हुए तो आज सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरी के साथ रोजगार भी है। यूपी में अब नौकरियों की बौछार है। उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नवचयनित 1510 अनुदेशकों को रविवार को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। मुख्यमंत्री ने लोकभवन में नवचयनित 11 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। सीएम ने निष्पक्ष व पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से चयनित अनुदेशकों व अभिभावकों को बधाई दी।

सीएम योगी ने कहा कि 8 वर्ष पहले यूपी में परंपरागत उद्यम के कलस्टर भी बंदी के कगार पर थे। 400 वर्ष पहले की बात करेंगे तो यूपी देश के सबसे समृद्ध राज्यों में था। यहां विदेशी आक्रांताओं के हमले भी हुए, अंग्रेजों ने भी लूटा। देश जब 1947 में स्वतंत्र हुआ, तब भी यूपी भारत की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी। 1960 तक यूपी का योगदान भारत की अर्थव्यवस्था में 14 फीसदी था, लेकिन 1960 के बाद इसमें गिरावट प्रारंभ हुई। 2016 आते-आते यूपी का योगदान महज 8 फीसदी के आसपास रह गया। इन लोगों के कारनामों ने नंबर एक से नंबर आठ तक पहुंचा दिया। जब नीतियां स्वयं के स्वार्थ और वोटबैंक की चिंता करके, परिवार के हितों के संरक्षण को लेकर बनाई जाती हैं तो वह दुर्गति की तरफ लेकर जाती हैं।

यूपी में अब नौकरियों की बौछार सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने यूपी के नौजवानों के लिए साफ-सुथरा मंच दिया। चयनित अनुदेशकों को सिफारिश की नौबत नहीं आई होगी। जिसने तैयारी की, उसका चयन हुआ। जिसने नहीं की होगी, तैयारी करेगा, उसका आने वाले समय में होगा। अब नौकरियों की बौछार हो रही है। कानून व्यवस्था के माध्यम से सुरक्षा का माहौल तैयार किया गया है। दंगामुक्त, गुंडागर्दी, माफिया मुक्त की अवधारणा ने यूपी में बड़े-बडे निवेश को आमंत्रित किया है। इसका सर्वाधिक लाभ व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास व उद्यमिता से जुड़े नौजवानों को हुआ। 8 वर्ष में 60 लाख से अधिक ऐसे लोगों को नौकरी मिली। इसमें 14 लाख ऐसे नौजवान हैं, जिन्होंने यूपी कौशल विकास के माध्यम से प्रशिक्षण लिया। सीएम ने नियुक्ति पाने वाले युवाओं से कहा कि आवेदन से लेकर नियुक्ति पत्र मिलने तक सिफारिश या लेन-देन नहीं हुआ, इसलिए सरकार की भी अपेक्षा है कि जब अपनी आईटीआई में जाएं तो ईमानदारी के साथ छात्रों को गाइड करें। टाइमपास करने ● शेष पेज 11 पर

# 'ट्रम्प टैरिफ' से उभरी चुनौतियों पर देशहित में केंद्र सरकार उठाए ठोस कदमः मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि 'ट्रम्प टैरिफ' के बाद उभरी नई चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार को देशहित का ध्यान रखते हुए अपने नीतियों व सुधारवादी रवैया अपनाने की जरूरत है।

बसपा प्रमुख मायावती रविवार को पार्टी के कार्यालय में बैठक की। जिसमें यूपी स्टेट के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता ने शामिल होकर पार्टी की ओर से दिए गये कार्यों की प्रगति रिपोर्ट दी। बैठक में भारत पर अमेरिका के लगाए 50 प्रतिशत टैरिफ को लेकर चर्चा हुई। 'ट्रम्प टैरिफ' से उभरी नई चुनौतियों का जिक्र करते हुए बसपा प्रमुख ने कहा कि इससे सही से निपटने के लिए भारत सरकार को देशहित का ध्यान रखते हुए अपने नीतियों व सुधारवादी रवैया अपनाने की जरूरत है। वरना देश में गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी, अशिक्षा घरों से दूर पलायन की विवशता आदि की समस्याएं और भी जटिल होकर देश के मान–सम्मान को भी दुनिया में प्रभावित करेंगी, जिससे बचना बहुज जरूरी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने यूपी समेत सभी राज्यों में विभिन्न धर्मों के पूजा स्थलों और संतों-महापुरुषों को निरादार करने के मामले में कहा कि सभी सरकारों को संकीर्ण, जातिवादी, सांप्रदायिक व द्वेषपूर्ण राजनीति छोड़कर ऐसे आपराधिक तत्वों के प्रति सख्त कानूनी रवैया अपनाकर कानून का राज स्थापित करना चाहिए, ताकि लोग शांतिपूर्वक अपनी आजीविका कमा सकें और अपना व अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। बसपा प्रमुख ने पार्टी जनों को देश और प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों से जुड़ी नई चुनौतियों के प्रति आगाह किया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल लगातार साम, दाम, दंड, भेद आदि हर तरह के हथकंडे अपनाकर बसपा को कमजोर करने की साजिश रच रहे हैं ताकि दलितों और अल्पसंख्यकों की आवाज उठाने वाली पार्टी आगे न बढ़ सके। मायावती ने अक्टूबर माह में कांशीराम की पुण्यतिथि पर लखनऊ में होने वाले राज्यव्यापी कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बसपा के संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर लखनऊ के वीआईपी रोड स्थित पार्टी उनके स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम करेगी। इसमें वे स्वयं शामिल होंगी। यूपी प्रदेश इकाई के अलावा, आल इंडिया लेवल पर पार्टी के पुनर्गठन के बाद राज्यस्तर पर होने वाला यह पार्टी का पहला बड़ा कार्यक्रम है। इसमें पूरे प्रदेश से कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# मोदी के जन्मदिन से चलेगा भाजपा का सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक लखनऊ महानगर में 17 सितंबर से दो अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जनसेवा से जुड़े कार्यक्रम स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर, स्वच्छता व श्रमदान अभियान, पौधरोपण, प्लास्टिक मुक्त अभियान, दिव्यांग कल्याण कार्यक्रम और गरीब व जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रमुख रहेगा, जिसको लेकर भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट में सेवा पखवाड़ा अभियान की कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें अवध क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, उपविजेता रजनीश गुप्ता, अंजनी श्रीवास्तव उपस्थित रहें। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक 18 प्रकार की सेवा कार्यों को किया जाएगा । लखनऊ महानगर का हर एक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ राजनीतिक क्षेत्र में काम करता है, जो अन्य राजनीतिक दलों से इसे अलग करता है। इसका दूसरा पहलू जनसेवा का है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पहचान जनसेवा और रचनात्मक कार्य है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पहचान जनसेवा और रचनात्मक कार्य है। ?उन्होंने बताया कि 25 सितंबर को हम सब के प्रेरणास्रोत और पार्टी की विचारधारा प्रदान करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई जाएगी। दो अक्टूबर को गांधी जयंती मनायी जाएगी।भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक 15 दिन तक चलने वाले इस सेवा पखवाड़ा अभियान हम लोग भारतीय जनता कार्यकताओं को जमीन स्तर पर उतरने का कार्य करेंगे कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा एक राजनीतिक दल है, लेकिन राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ राजनीतिक क्षेत्र में काम करती है, जो अन्य राजनीतिक दलों से इसे अलग करती है। उन्होंने कहा कि इसका दूसरा पहलू जनसेवा का है। यह सेवा पखवाड़ा यह हमारे पार्टी की मूल चरित्र को दर्शाता है भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एक सेवक के रूप कार्य करता है हमें ये भी सुनिश्चित करना पड़ेगा कि हमारा हर कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी इन दिनों को पार्टी की मूल चरित्र सेवा भाव से अधिक अधिक लोगों को जोड़े । पीएम नरेंद्र मोदी के जीवन दर्शन और जनसेवा की सोच से प्रेरित होकर यह पखवाड़ा में सेवा भाव को बढ़ाने का कार्य करेगा। आपको बता दे कि ईस दौरान ही 16, 17 सितम्बर को कॉल्विन ग्राउंड में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर 7500 युवाओं को रोजगार देने का काम किया जाएगा।

अवध क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि कमलेश मिश्रा ने सेवा पखवाड़ा अभियान की कार्यशाला पर विस्तृत चर्चा कि उन्होंने बताया कि 'सेवा पखवाड़ाङ्क के तहत आयोजित होने वाली 11 से 13 सितंबर तक मंडल स्तर में कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। सेवा पखवाड़ा अभियान की शुरुआत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा । जिसमें बूथ स्तर पर 17 सितम्बर रक्तदान शिविर, सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान,17 से 24 सितम्बर को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पी एच सी, सी एच सी, आरोग्य मंदिर में किया जाएगा, 17 सितम्बर - सामुदायिक केंद्रों पर मा. प्रधानमंत्री जी का लाइव सम्बोधन सुनना होगा।वही 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर को प्रदर्शनी मा. प्रधानमंत्री जी के जीवन पर आधारित प्रदेश स्तर, जिला स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

## न्यू महक हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने लगाया गलत ब्लड चढ़ाने का आरोप

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मऊआइमा ब्लॉक क्षेत्र के न्यू महक हॉस्पिटल में रविवार सुबह प्रसव के दौरान एक 30 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि उसका नवजात शिशु गंभीर अवस्था में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि महिला को गलत ब्लड चढ़ाया गया, जिससे उसकी हालत बिगड़ती चली गई और अंततः उसकी मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात को नियंत्रित किया और अस्पताल प्रबंधन से पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल, महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

## एयरपोर्ट थाने में भ्रष्टाचार का बोलबाला, हेड मोहर्रिम राशिद खान पर गंभीर आरोप

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एयरपोर्ट थाने में तैनात हेड मोहर्रिम राशिद खान पर भ्रष्टाचार और अपराध को बढ़ावा देने के गंभीर आरोप लगे हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि हेड मोहर्रिम थाने में आए पीड़ितों से मोल–भाव करता है और बिना रुपए लिए कोई काम नहीं करता। बताया जा रहा है कि वह खुद को एक बड़े मंत्री का करीबी बताकर लोगों पर दबाव भी बनाता है। पीड़ितों का कहना है कि थाना आने पर थाना प्रभारी से पहले हेड मोहर्रिम से मिलना पड़ता है, अन्यथा कोई कार्यवाही नहीं होती। आरोप यह भी है कि वह थाने में आए पीड़ितों से सीधे मुंह बात नहीं करता और अपनी मनमानी करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हेड मोहर्रिम की मिलीभगत से क्षेत्र में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन एयरपोर्ट थाना प्रभारी को इसकी जानकारी तक नहीं है। अब सवाल यह है कि ऐसे भ्रष्ट हेड मोहर्रिम के खिलाफ कब होगी कार्यवाही।

## प्रयागराज में बढ़ता बाढ़ का खतर, प्रशासन अलर्ट

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रविवार शाम 4 बजे तक गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। गंगा में फाफामऊ पर जलस्तर 83.24 मीटर है जो 4 घंटे में 12 सेमी बढ़ा, वहीं छतनाग पर 82.75 मीटर है जिसमें 16 सेमी की वृद्धि दर्ज की गई। यमुना नदी नैनी में जलस्तर 83.27 मीटर है, जो खतरे के बिंदु 84.738 मीटर से मात्र थोड़ा ही नीचे है। जिले में कुल 10 वार्ड और मोहल्ले बाढ़ से प्रभावित हैं, जिनमें सदर के कछार मऊ, मऊ सरैया, बघाड़ा, नेवादा, बेली, मेहदौरी, फुलपुर के सोनौटी, बदरा और करछना के देहली, भगेसर शामिल हैं। कुल 135 परिवार राहत शिविरों में और 135 परिवार सुरक्षित स्थानों पर रह रहे हैं। वर्तमान में 3 बाढ़ राहत शिविर सक्रिय हैं, जहां कुल 560 लोग निवास कर रहे हैं। आज 13 नावें संचालित की गईं और 1,220 लंच पैकेट तीन बार वितरित किए गए। बाढ़ से संबंधित किसी भी आपात स्थिति में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कंट्रोल रूम नंबर 0532–2641577, 0532–2641578, 0532–2641597, 0532–2641598 या 1077 पर संपर्क किया जा सकता है।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण, पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर शुरू की कड़ी कार्यवाही

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना थरवई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पन्ने मथुरा उर्फ पारनडीह की निवासी एक युवती से शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस उपायुक्त गंगानगर ने आज दिनांक 07.09.2025 को मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता की तहरीर पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर ली गई है। अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है। डीसीपी ने कहा कि ऐसे संवेदनशील मामलों में पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

## प्रेम प्रसंग में युवक की संदिग्ध मौत,परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**रहीमाबाद/लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम महिमाखेड़ा में प्रेम प्रसंग के मामले ने सनसनी फैला दी है। हरदोई जनपद निवासी प्रभु ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके भतीजे अशोक 25 वर्ष की हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गया। लिखित शिकायत में बताया गया कि अशोक का प्रेम संबंध ग्राम महिमाखेड़ा निवासी संतोषी उर्फ प्रिया से था। बीते 2 सितम्बर को संतोषी ने अशोक को मेला देखने के लिए बुलाया था। अगले दिन 3 सितम्बर की सुबह अशोक का शव गांव के आम के बाग में पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता मिला। परिजनों का आरोप है कि संतोषी उर्फ प्रिया और उसके परिजनों ने साजिश के तहत अशोक को मेला दिखाने के बहाने बुलाकर उसकी हत्या की और बाद में शव को पेड़ से लटका दिया, ताकि यह आत्महत्या लगे। घटना के बाद से परिवार और गांव में मातम का माहौल है। पीड़ित पक्ष ने रहीमाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक को पत्र देकर आरोपी युवती और उसके परिवारजनों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। परिजनों के आरोप गंभीर हैं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## जान से मारने की नियत से फायरिंग करने वाले दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अलीगंज थाने मे दिनांक 5 सितंबर 2025 को वादी द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराया गया था कि स्टार स्टे होटल के पास कुछ अभियुक्तों द्वारा उनपर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गई थी इसी मामले की तहकीकात मे जुटी अलीगंज पुलिस ने रेलवे कालोनी से दो अभियुक्तों को मुखबिर खास से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया उनके कब्ज़े से एक .32 की पिस्टल ,करतूस और मैगज़ीन भी बरामद की है। इस मामले मे चार अभियुक्तों को नामजद किया गया था जिनमे अभियुक्त विवेक तिवारी उर्फ़ हनी तिवारी और अभियुक्त रजत चौधरी पुलिस की गिरफ्त मे आ चुके हैं जबकी अन्य दो अभियुक्तों की अभी भी पुलिस को तलाश है।

## चोरी का दो सिलेंडर, इलेक्ट्रॉनिक काटा, सरसो गेंहू व नगदी बरामद

**कोराव प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** प्राथमिक विद्यालय श्री नगर कोराव से कुछ दिन पहले गैस सिलेंडर चोरी हुआ था जिसकी सूचना विद्यालय के अध्यापक द्वारा कोराव थाना पुलिस को दिया गया था इसी प्रकार गरन गाव के रहने वाले बिहारी लाल पुत्र राम आधार के आटा चक्की से इलेक्ट्रॉनिक काटा गेंहू सरसो का तेल नगदी अज्ञात चोर द्वारा चोरी किया गया था चोरी की घटना को संज्ञान में लेकर कोराव पुलिस ने तीन बाल अपचारी व बालिक धर्मेंद्र कुशवाहा पुत्र रमेश निवासी श्री नगर कोराव को पकड़कर चोरी का माल बरामद कर चोरी के घटना का अनावरण किया गया आरोपी को रविवार के दिन न्यायालय के समक्ष पेश किया गया इस घटना का अनावरण व गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक श्याम सुंदर शर्मा , गुलाब सिह , अश्वनी यादव, प्रेम शंकर समेत अन्य पुलिस बल ने सहयोग किया।

# परीक्षार्थियों की भीड़ को लेकर मुस्तैद रही पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मऊ । पेट की परीक्षा को देखते हुए आज मऊ जंक्शन पर आरपीएफ, जीआरपी एवं शहर कोतवाली पुलिस रेलवे स्टेशन पर मुस्तैद रही । मऊ जंक्शन से आने जाने वाले परीक्षार्थियों को ट्रेन में चढ़ने उतरने की दिक्कत ना हो इसलिए हर बोगी के पास आरपीएफ, जीआरपी सहित शहर कोतवाली पुलिस के जवानों को लगाया गया था और पहले ट्रेन से यात्रियों को उतारने के बाद ही परीक्षार्थियों को चढ़ाने की अनुमति दी गई. आरपीएफ प्रभारी ए के सिंह, जीआरपी प्रभारी राज किशोर सिंह एवं शहर कोतवाल अनिल सिंह सहित पुलिस की मुस्तैदी से आज परीक्षार्थी सहित रेल यात्रा करने यात्री सुगमता से मऊ जंक्शन से अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए । शाम 5 बजे की परीक्षा के बाद मऊ वाराणसी पैसेंजर में परीक्षार्थियों को शकुलता पूर्वक बैठाया गया । वहीं उसके बाद वाराणसी से गोरखपुर जा रही 15007 कृषक एक्सप्रेस में भारी भीड़ देखते हुए पुलिस ने सभी परीक्षार्थियों को एक-एक कर डिब्बे में जगह दिलवाया और उन्हें अपने गंतव्य तक सकुशल पहुचाने का कार्य किया । पुलिस के इस कार्य कुशलता को देखते हुए लोगों ने आरपीएफ जीआरपी सहित शहर कोतवाली की भूरि भूरि प्रशंसा की । वहीं इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को अपनी कमान मिल लेने वाले आफ के असिस्टेंट कमांडेंट एन यादव ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से आफ सीआरपीएफ और शहर को ताली पुलिस को यहां लगाया गया है किसी भी परीक्षार्थी को यात्रा में और चढ़ने उतरने में परेशानी ना हो इसलिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है किसी भी प्रकार की कोई भी अनहोनी अभी तक नहीं हुई है सभी परीक्षार्थियों को जब तक उनके गंतव्य तक पहुंचा नहीं दिया जाएगा तब तक जीआरपी आरपीएफ की पुलिस मऊ रेलवे स्टेशन पर लगी रहेगी

# नवनियुक्त अनुदेशकों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकभवन में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से विभिन्न व्यवसाय के लिए नवचयनित 1510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस अवसर पर कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल, एमएलसी मुकेश शर्मा, लालजी प्रसाद निर्मल, अवनीश सिंह पटेल और विधायक डा. नीरज बोरा उपस्थित रहे। लोकभवन के सभागार में नियुक्ति पत्र पाने वाले नवचयनित अनुदेशकों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता केवल उनकी मेहनत ही नहीं, बल्कि सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम है। मैनपुरी की सीमा ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि मैंने राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, बरेली से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के प्रयास से यह भर्ती प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ पूरी हुई, जिसकी वजह से उनकी मेहनत रंग लाई। लखनऊ की अल्पना श्रीवास्तव ने फिरोजगांधी पॉलीटेक्निक, रायबरेली से प्रशिक्षण प्राप्त किया और एनएसटीआई कानपुर से सीआईटीएस कोर्स किया। उन्होंने बताया कि समाज की चुनौतियों के बावजूद उनके माता-पिता ने कभी पढ़ाई में कमी नहीं रखी। उन्होंने बताया कि अनुदेशक की नियुक्ति मिलने पर उनके माता-पिता की आंखों में खुशी के आंसू थे। उन्होंने वादा किया कि वह अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाएंगी। उत्तर प्रदेश को उत्तम और कुशल प्रदेश बनाने में सहयोग करूंगी। गोरखपुर के श्यामू विश्वकर्मा ने भावुक होकर कहा कि वह किसान परिवार से आते हैं और परिवार में पहले व्यक्ति हैं जिन्हें सरकारी नौकरी मिली है। यह अवसर उन्हें इसलिए मिल पाया क्योंकि प्रदेश सरकार ने निष्पक्ष भर्ती की परंपरा स्थापित की है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए विश्वास दिलाया कि वह पूरी लगन और मेहनत से काम कर अपने चयन को सार्थक करेंगे।

# पितृपक्ष में एक देववृक्ष अपने पितृदेव के नाम : कृष्णा नन्द

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। धरोहर संरक्षण सेवा संगठन द्वारा निरन्तर चल रहे,संस्कृति संवाद यात्रा व मासिक योजना बैठक जी होटल जगतगंज में आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता केसरिया भारत के प्रदेश अध्यक्ष गौरीश सिंह ने किया। संगठन के प्रमुख संयोजक व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कृष्णा नन्द पाण्डेय ने कहा पितृपक्ष में पितरों का आगमन धरती पर होता है,यहां अपने पुत्रों अपने बंधु बाँधवो द्वारा तर्पण के बाद विश्राम के लिए सबसे अच्छा स्थान देव बृक्ष ( पीपल,पाकड़ ,गुलर बरगद आम )

होता है,जिसके पत्तो पर विश्राम करने पर पितृदेव को अति आनन्द मिलता है,प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक देव वृक्ष ज़रूर लगाना चाहिए, माता पिता के सम्मान के साथ वृक्षों का सम्मान करना चाहिए। मांगलिक अवसरों पर पौधारोपण अवश्य करें व उसकी सेवा भी करें। सृष्टि के अंत में तो भगवान भी अक्षयवट के पत्ते का सहारा लिए थे,तो हम बिना वृक्षों के आश्रय के कैसे रह सकते हैं। वृक्ष हमें शारीरिक, मानसिक व आर्थिक रूप से मजबूती देते हैं। आइए हम सब मिलकर इस पितृपक्ष को वृक्ष पक्ष बनाए।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डा. चन्द्रदेव पटेल,शुभम, सोनू गोंड, अमित सिंह, संजीव पंडित, अविनाश मिश्र,हर्ष पाण्डेय राजन मिश्र,राकेश त्रिपाठी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन गौरव मिश्र ने किया, आयोजन बुटीकांत पाण्डेय ने किया ।

# किड्स एक्सट्रावेगेंजा आरंभ का भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। महर्षि विद्या मंदिर में र पूर्व - प्राथमिक विद्यार्थियों का वार्षिकोत्सव किड्स एक्सट्रावेगेंजा आरंभ अत्यंत हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन सफ़ेद रंग के कबूतर को उड़ाकर शांति सद्भावना एवं स्वतंत्रता के संदेश को देते हुए किया गया तत्पश्चात परंपरा के अनुरूप गुरु पूजन एवं दीप प्रज्वलन हुआ जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित कर दिया इसके बाद नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने समारोह को भक्ति और ज्ञान की गरिमा से परिपूर्ण कर दिया विद्यालय के प्रबंधक श्री अनूप श्रीवास्तव जी ने अपने स्वागत संबोधन में सभी विशिष्ट अतिथियों अभिभावको एवं शिक्षकों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम की सफलता हेतु शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम सिंह जी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि विद्यालय का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे में छिपी हुई प्रतिभा को पहचान कर मंच प्रदान करना और उनके सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करना है कार्यक्रम की शुरुआत प्ले - ग्रुप के नन्हे बच्चों द्वारा स्वागत गीत से हुई जिसने उपस्थित संपूर्ण जन समूह को मन्त्रमुग्ध कर दिया। नर्सरी - ए के छात्रों ने फ्लावर्स ऑफ एम.वी.एम के द्वारा विद्यालय की प्रफुल्लित छवि को जीवंत कर दिया नर्सरी - बी के बच्चों ने सीजन ऑफ इंडिया के माध्यम से भारत की विविध रितुओ का सुंदर चित्रण किया एल.के.जी.ए. के छात्रों ने सुपर हीरोज आफ इंडिया के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया। एलकेजीवी के बच्चों ने कंजर्वेशन ऑफ नेचर द्वारा पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा दी एल के जी सी के छात्रों ने मनमोहन नाटिका स्नो व्हाइट एंड सेवेन डवाफर्स प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी यू.के.जी कक्षाओं की प्रस्तुतियां भी बहुत आकर्षक रही यूकेजीए के छात्रों ने अंडर वॉटर वर्ल्ड के माध्यम से समुद्री जीवन की अद्भुत झलक दिखाई यूकेजीबी के छात्रों ने गुलिवर इन लिलिपुट की रोचक कहानी का मंचन कर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया यूकेजीसी के बच्चों ने बाल गणेशा की मनोहर झांकी प्रस्तुत कर दर्शकों को भक्ति रस से भाव विभोर कर दिया।

# अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कर-कमलों द्वारा लोक भवन लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा घोषित अंतिम परिणाम में चयनित विभिन्न व्यवसायों के अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद प्रयागराज स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) नैनी में किया गया।

नैनी में आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक फूलपुर दीपक पटेल ने नवनियुक्त अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी विजय शर्मा, नोडल प्रधानाचार्य अशोक कुमार तथा कटरा आईटीआई के प्रधानाचार्य हिमांशु द्विवेदी भी उपस्थित रहे।

विधायक ने नवनियुक्त अनुदेशकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ञ्जआपको सेवा का अवसर मिला है, इसलिए अपनी प्रतिभा एवं ऊर्जा को जनता की सेवा में लगाएं और अपने पद की जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएं। नियुक्ति प्रमाण पत्र पाने वालों में कुमारी सोनी, अंशी पटेल, आशुतोष गुप्ता, राजदेव प्रजापति, कुमारी शकुंतला, जागेश्वर विकास राजकुमार, सना फातिमा, अजय शुक्ला, संजय यादव आदि शामिल रहे। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में संस्थान के वरिष्ठ कार्यदेशक मोहनीश कुमार का विशेष योगदान रहा। उनके सहयोगियों में कर्मचारी संगठन के मंत्री शहजाद अहमद खान, अमृतलाल गुप्ता और कार्यदेशक रामसमुझ सक्रिय रहे। कार्यक्रम का संचालन ज्योति पाण्डेय ने किया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

## पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराकर खाना खाने जाते समय हुआ हादसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रहीमाबाद/लखनऊ। पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद खाना खाने जा रहे युवक को तेज़ रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। हालत नाज़ुक होने पर उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान भागीरथ 25 वर्ष निवासी रहीमाबाद के रूप में हुई है। शनिवार को उसने अपनी पत्नी लक्ष्मी को प्रसव पीड़ा होने पर स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। रात लगभग आठ बजे वह दरोगा चक्की के निकट लखनऊ-हरदोई हाइवे पार कर खाना खाने जा रहा था। तभी संडीला की ओर से आ रहे तेज़ रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने घायल भागीरथ को सीएचसी मलिहाबाद में भर्ती कराया, जहाँ से डॉक्टरों ने उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान ट्रॉमा सेंटर में उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि भागीरथ दिल्ली में मजदूरी करते थे। उनके परिवार में पत्नी लक्ष्मी, बेटा अंश, बेटी अंशिका और मां दयावती हैं। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से फरार वाहन की तलाश कर रही हैं।

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अहमर शमीम पुत्र शमीमुद्दीन सिद्दीकी निवासी न्यू इंदिरा नगर कॉलोनी जिला गोण्डा जिन्हें आज दिनांक 20.08.2025 से अहमर शमीम AHMAR SHAMIM पुत्र शमीमुद्दीन SHAMIM UDDIN के नाम से जाना पहचाना जाए। अहमर शमीम पुत्र शमीमुद्दीन, पता न्यू इंदिरा नगर कॉलोनी थाना कोतवाली नगर गोण्डा।

# नवोदय विद्यालय सेवानिवृत्त शिक्षक एवं कर्मचारी सम्मान समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नवोदय परिवार के तत्वावधान में आज होटल लिनेज, गोमती नगर, लखनऊ में नवोदय विद्यालय सेवानिवृत्त शिक्षक एवं कर्मचारी सम्मान समारोह ऽ 2025ङ्क का भव्य एवं अविस्मरणीय आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन अपने आप में गौरवशाली रहा, जिसने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता और नवोदय परिवार की एकता को जीवंत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा नवोदय का प्रेरणादायी गीत हम नवयुग की नई भारती सामूहिक स्वर में गाकर हुआ। इस मनोहारी शुरुआत ने पूरे समारोह में अनुशासन, ऊर्जा और आत्मीयता का अद्वितीय वातावरण निर्मित किया।

यह आयोजन नवोदय विद्यालय परिवार के लिए एक ऐतिहासिक और गरिमामय अवसर रहा, जिसमें नवोदय विद्यालय के सेवानिवृत्त डिप्टी कमिश्नर, असिस्टेंट कमिश्नर, प्राचार्य, पीजीटी-टीजीटी शिक्षक एवं कर्मचारीगण को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से शिक्षक संयोजक श्री जी.पी. मिश्रा (पूर्व उप-प्रधानाचार्य, जेएनवी रायबरेली), श्री उमेश चंद्र बाजपेई (पूर्व उपायुक्त एनवीएस लखनऊ), श्री अशोक कुमार शुक्ला (पूर्व डिप्टी कमिश्नर, एनवीएस लखनऊ), श्री एम.डी. मिश्रा (पूर्व उपायुक्त, एनवीएस लखनऊ), श्री यश कुमार महेश्वरी (पूर्व उपायुक्त, एनवीएस जयपुर), श्री एस.एन. पाठक (पूर्व सहायक उपायुक्त, एनवीएस पटना), डॉ जनार्दन उपाध्याय (सहायक उपयुक्त एनवीएस लखनऊ), श्री अमरनाथ राय (पूर्व प्राचार्य, जेएनवी रायबरेली) सहित अनेक सेवानिवृत्त प्राचार्य, शिक्षक एवं कर्मचारीगण को सम्मानित किया गया। साथ ही, एनवीएस लखनऊ के वर्तमान उपयुक्त श्री बी.के. सिन्हा जी, सहायक उपयुक्त श्री सुमन कुमार जी, श्रीमती अर्चना सिंह जी एवं श्रीमती विमला देवी जी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और आयोजन की गरिमा को बढ़ाया। वरिष्ठ शिक्षक संयोजक जी.पी. मिश्रा (पूर्व उप-प्रधानाचार्य, जेएनवी रायबरेली) ने स्वागत भाषण दिया और गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। तत्पश्चात पूर्व उपायुक्त श्री अशोक कुमार शुक्ला ने नवोदय की



गौरवशाली यात्रा पर विस्तृत विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्ष की भाषण सभागार में सबसे वरिष्ठतम सम्मानित सदस्य डिप्टी कमिश्नर उमेश चंद्र बाजपेई जी के द्वारा संबोधन किया गया। पूर्व छात्रों की ओर से मा. मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के सचिव सूर्यपाल गंगवार (आईएएस) एवं उत्तर प्रदेश एटीएस के मुखिया पुलिस महानिरीक्षक प्रेम कुमार गौतम (आईपीएस) ने अपने प्रेरक विचार रखे। वहीं डीआईजी/जॉइंट कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर, लखनऊ बबलू कुमार (आईपीएस) ने अपने बचपन से लेकर अब तक की संघर्ष गाथा साझा की और भावुक होकर कहा–आज मैं जो कुछ भी हूँ, उसका पूरा श्रेय नवोदय विद्यालय और अपने गुरुजनों को देता हूँ।

लखनऊ में रियल एस्टेट जगत में विशेष पहचान बनाने वाले अमरावती ग्रुप के श्रीकांत मिश्रा ने कहा कि नवोदय परिवार के साथ उनका भावनात्मक जुड़ाव है और जब भी आवश्यकता होगी वे हर संभव सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में देश-विदेश में नाम कमा चुके पूर्व छात्र-छात्राएँ भी उपस्थित रहे। विशेष रूप से प्रशांत कुमार (आईएएस) (निदेशक, समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश), रईस अख्तर (आईपीएस), अमोल मुकुट (आईपीएस, एसीपी बक्शी का तालाब), विकास पांडेय (एसीपी कृष्णा नगर), राजकुमार सिंह (एसीपी चौक), अनिल कुमार सरोज (एसडीएम), पवन कुमार (एसडीएम), सर्वेश कुमार श्रीवास्तव (सहायक आयुक्त जीएसटी उत्तर प्रदेश), प्रो. डॉ. वीरेंद्र प्रसाद (केजीएमयू), प्रो. डॉ. अविनाश कुमार (केजीएमयू), प्रवीण यादव (सहायक आयुक्त स्टांप), डॉ. मधुसूदन मिश्रा (असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, केजीएमयू लखनऊ), डॉ. तूलिका साहू (प्रोफ़ेसर, एनआईएफटी रायबरेली), अनामिका सिंह (डीजीएम, एसबीआई), सरोज कुमार (डायरेक्टर, मंडी परिषद गोरखपुर), डॉ. उमेश चंद्र (वरिष्ठ फिजिशियन, लखनऊ), पूर्णेन्दु शुक्ला (वरिष्ठ करियर काउंसलर, गोरखपुर) सहित अनेक पूर्ववर्ती छात्र इस अवसर पर उपस्थित रहे। जो पूर्व छात्र समारोह में सम्मिलित नहीं हो पाए, उन्होंने वीडियो संदेशों के माध्यम से अपनी भावनाएँ प्रकट कीं। इनमें प्रमुख रूप से श्री कृष्ण कुमार यादव (पोस्ट मास्टर जनरल, अहमदाबाद), श्री रणविजय वर्मा (महाप्रबंधक, भारतीय रेलवे, नई दिल्ली) और श्री विवेक तिवारी (प्रबंध निदेशक, सत्या माइक्रोफाइनेंस कैपिटल लिमिटेड, नई दिल्ली) शामिल रहे। नवोदय फैमिली वर्ल्डवाइड के संस्थापक श्री सीताराम नारोलिया ने नवोदय परिवार की वैश्विक गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। समारोह की भावी रूपरेखा और दिशा पर श्री वेद प्रकाश राय ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का संचालन बीबीएयू, लखनऊ की आईटी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. राजश्री पांडेय ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन बॉम्बे हॉट नमकीन के प्रबंध निदेशक श्री अनिल दीप आनंद ने दिया।

इस आयोजन को सफल और भव्य बनाने में वेद प्रकाश राय, अनिल दीप आनंद, डॉ. राजश्री पांडेय, हरिशंकर गुप्ता, डॉ. नित्या वर्मा, प्रज्ञा पांडेय, शिवनारायण पाठक, डॉ. अनुराग मिश्रा, एहसान अहमद, रत्नेश मौर्य सहित अनेक पूर्व छात्रों का विशेष सहयोग और योगदान रहा। यह आयोजन गुरुजनों की महिमा और उनके ऋण को सर्वोपरि स्थापित करता है। सभी उपस्थित जनों ने संकल्प लिया कि आने वाले वर्षों में यह आयोजन और भी बड़े स्तर पर किया जाएगा और गुरुऽशिष्य परंपरा की यह कड़ी आने वाली पीढ़ियों को सतत प्रेरित करती रहेगी।

# कांशीराम की पुण्यतिथि पर रैली कर मायावती करेंगी शक्ति प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती 9 अक्टूबर को काशीराम की पुण्यतिथि के अवसर पर लखनऊ स्थित काशीराम स्मारक स्थल पर एक बड़ी रैली करेंगी। इस रैली में लगभग दो लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। नौ साल पहले मायावती ने लखनऊ में एक बड़ी रैली की थी, जिसके बाद अब यह रैली होने जा रही है। यह जानकारी बसपा उत्तर प्रदेश विधान मंडल दल के नेता उमाशंकर सिंह ने पार्टी की बैठक के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब में दी।

उन्होंने कहा कि देश भर में 95 प्रतिशत पदाधिकारी और बूथ कमेटियां तैयार हो चुकी हैं। बसपा आगामी चुनावों में पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेगी।

इस रैली को राज्य में होने वाले पंचायत चुनाव से पहले शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी की कोशिश यह दिखाने की भी हो सकती है कि

वह और उसकी मुखिया चुप बैठने वालों में नहीं हैं।

उल्लेखनीय है कि रविवार को मायावती ने लखनऊ में पार्टी की समीक्षा बैठक की, जिसमें प्रदेश भर के सभी बड़े नेता और जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए।

# लखनऊ : अवैध पटाखा फैक्टरी विस्फोट मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र बेहटा गांव में अवैध पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट मामले में पुलिस ने रविवार को दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इन पर इनाम भी घोषित है। इससे पहले मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया जा चुका है।

गुडंबा थाना प्रभारी प्रभातेश श्रीवास्तव ने बताया कि बेहटा गांव 31 अगस्त को बेहटा गांव के अवैध पटाखा फैक्टरी में विस्फोट हुआ था। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दो घायलों ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया था। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित टीनू उर्फ अली अहमद को गिरफ्तार किया है। उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही थी। रविवार को सह अभियुक्त ग्राम बेहटा निवासी मो. नसीम, और याकूब उर्फ घपलू को स्कार्पियों क्लब के पास से गिरफ्तार किया है। इन पर 25–



25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# लखनऊ में प्रापर्टी डीलर पर फायरिंग करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात प्रापर्टी डीलर पर फायरिंग करने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। अलीगंज थाना प्रभारी अशोक कुमार ने रविवार को बताया कि मड़ियाव के रहने वाले आयुष सिंह प्रापर्टी डीलर है। शुक्रवार देर रात को वह अपने दोस्तों के साथ कार में बैठकर अलीगंज के एक होटल में गये थे। खाना-पीना खाने के बाद वह पार्किंग से अपनी कार निकाल रहे थे तभी कार सवार विवेक तिवारी, शिवम सिंह, अर्पित मिश्रा, रजत चौधरी और पांच अन्य लोगों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान उन्होंने किसी तरह अपनी जान बचाई। कार को तोड़फोड़ करके हमलावर फरार हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने आयुष की तहरीर पर चार नामजद समेत कई अज्ञात



के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरु कर दी। इस मामले में रजत चौधरी और विवेक ?तिवारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में पता चला है कि मुकदमा वापसी का दबाव बनाने के विरोध में आरोपितों ने प्रापर्टी डीलर पर फायरिंग की थी। पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# होटल में जा घुसी बेकाबू थार आसपास की दुकानों में भी नुकसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर, संवाददाता। इलाके में रविवार सुबह एक बेकाबू थार एक होटल में जा घुसी घटना से होटल सहित आस पास की दुकानों में बड़ा नुकसान हो गया वहीं इस हादसे में मानक नगर निवासी 65 वर्षीय शोभा चौधरी गंभीर रुप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को तुरंत लोक बन्धु अस्पताल पहुंचाया। जहाँ से हालत काबू ना होने पर ट्रॉमा सेन्टर रेफर कर दिया गया। बताते हैं कि वहां महिला की स्थिति नाजुक बनी हुई है। घायल महिला पैदल एलडीए स्थित ? शांती आश्रम जा रही थी। हादसा थाना क्षेत्र के चुंगी इलाके में हिन्दनगर के पास रविवार सुबह 5: 30 बजे हुआ। चुंगी तिराहे से एलडीए कालोनी की ओर जा रही थार न्यू हिंद होटल से जा भिड़ी। टक्कर से होटल का काउंटर टूट गया। होटल मालिक के अनुसार करीब सवा लाख रुपए का नुकसान हुआ है।



इसके अलावा आसपास की कई दुकानों का सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद थार में सवार चारों युवक गाड़ी छोड़कर भाग निकले। लोगों ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे फरार हो गए। सरोजनी नगर पुलिस ने थार को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस गाड़ी नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# गवई का कार्यकाल भी चंद्रचूड़ जैसा साबित होता जाना दुखद : शाहनवाज़ आलम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सीजेआई बीआर गवई का कार्यकाल भी डीवाई चन्द्रचूड जैसा साबित होता दिख रहा है जहां भाजपा के एजेंडे को सूट करने वाले राजनीतिक फैसले आ रहे हैं। अपने नेतृत्व वाले कॉलेजियम द्वारा अपने भांजे को मुंबई हाईकोर्ट में जज नियुक्त कर देना भी बीआर गवई के पद की प्रतिष्ठा को धूमिल करने वाला है। इस घटनाक्रम से न्यायपालिका की विश्वसनीयता कम हुई है। ये बातें कंग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 211 वीं कड़ी में कहीं।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि कुछ दिनों पहले ही मुंबई हाईकोर्ट में भाजपा प्रवक्ता आरती साठे को बीआर गवई की कॉलेजियम ने जज नियुक्त किया था।



जिस पर सवाल उठने के बावजूद सीजेआई गवई ने चुप्पी साधे रखी थी। अब गवई के भांजे राज वाकोड़े को गवई की कॉलेजियम ने मुंबई हाईकोर्ट में ही जज नियुक्त कर दिया है। जबकि ऐसी स्थिति में उन्हें कॉलेजियम से हट जाना चाहिए था, लेकिन उन्होंने ऐसा करने के बजाये अपने पद की प्रतिष्ठा के साथ समझौता करने का उदाहरण पेश कर दिया। जिससे पहले से ही विश्वसनीयता का

**साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 211 वीं कड़ी में बोले कंग्रेस नेता**

संकट झेल रही न्यायपालिका और कॉलेजियम व्यवस्था की छवि और ख़राब हुई है। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि ऐसा लगता है कि भाजपा और मुख्य न्यायाधीश में ऐसी सहमति रही हो कि अगर भाजपा की प्रवक्ता को मुंबई हाईकोर्ट में जज बनाया जाता है तो बदले में मुख्य न्यायाधीश के भांजे को भी वहां हाई कोर्ट का जज बनाया जाएगा। दोनों ही एक दूसरे के निजी हितों का ख्याल रखते हुए न्यायपालिका के पतन पर उठने वाले सवालों पर चुप रहेंगे। उन्होंने कहा कि सीजेआई गवई भी डीवाई चन्द्रचूड़ की तरह सेमिनारों में बड़ी-बड़ी बातें करते दिखते रहे हैं। उन्होंने सीजेआई बनते ही कह दिया था कि वो रिटायरमेन्ट के बाद कोई पद नहीं लेंगे लेकिन ऐसा लगता है कि वो रिटायरमेन्ट से पहले ही भांजे को जज बनाने का निर्णय ले चुके थे। इसलिए रिटायरमेन्ट के बाद कोई लाभ नहीं लेने की बात कर रहे थे। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि ऐसी धारणा तेजी से मजबूत हो रही है कि मोदी सरकार जो काम ख़ुद नहीं कर पाती उसे अपने पसंदीदा जजों से करवाती है। बाबरी मस्जिद, 370, इलेक्टोरल बॉन्ड से लेकर उमर खालिद और अन्य छात्र नेताओं की ज़मानत जैसे मुद्दों पर न्यायपालिका ने अपनी निष्पक्ष होने की छवि धूमिल कर ली है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार के सवाल को प्रमुखता से उठाना चाहिए ताकि न्यायपालिका के माध्यम से तानाशाही थोपने की साज़िशों से लोकतंत्र की रक्षा की जा सके।

# सपा की मासिक बैठक में बूथ सम्मेलनों को सफल बनाने पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय 6, लाजपत राय भवन, कैसरबाग, लखनऊ पर मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने की। बैठक का संचालन जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार विधानसभावार पीडीए चैपालों का आयोजन निरन्तर 2027 तक किया जाता रहेगा। आगामी स्नातक एमएलसी चुनाव में पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने हेतु बूथ स्तर पर स्नातक मतदाता बनाये जाये के निर्देश दिये। साथ ही जिला समाजवादी पार्टी लखनऊ द्वारा कराये जा रहे बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में ब्लाक माल, मलिहाबाद, काकोरी, बीकेटी एवं सरोजनी नगर में आयोजित होने वाले सम्मेलनों को सफल बनाने पर चर्चा की गयी। 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवा मतदाताओं के अधिक से अधिक नामों को मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर



मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, प्रदेश सचिव विजय सिंह यादव, दिनेश सिंह, रूपनरायण यादव, त्रिवेण प्रसाद पाल, एसयू खाान भईया जी, राममलखन चौरसिया, वरिष्ठ नेता भरत यादव, हरिशंकर यादव, जिला उपाध्यक्ष/जिला निर्वाचन प्रभारी टीबी सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सभा सिकन्दर यादव, जिला उपाध्यक्ष इब्राहीम मंसूरी, आदिल इदरीश, बचान सिंह यादव, अर्चना रावत, रितु अग्रवाल, वीरेन्द्र जौरिया, यशवीर लोधी, आर0पी0 यादव 'दिलीप', विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, चन्द्रशेखर यादव, सोनीश कुमार मौर्या, पूर्व पार्षद वीना रावत, जिला मीडिया प्रभारी रमेश सिंह 'रवि', चिनहट ब्लाक प्रमुख ऊषा सेन, जिला सचिव ई0 संदीप यादव, मनोज कुमार यादव, कमर अहमद खान, प्रेमचन्द्र यादव, सुजीत यादव, शगीर अहमद 'अंगूर', पूर्व चेयरमेन एन0 इशरत बेग, पवन यादव, मायाराम वर्मा, जिलाध्यक्ष महिला सभा प्रेमलता यादव, जिलाध्यक्ष युवजन सभा शिवकुमार रावत 'टाइगर', जिलाध्यक्ष षिक्षक सभा अवधेश सिंह यादव, मजूदर सभा जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र कुमार 'ज्ञानू', प्रदेश सचिव शिक्षक सभा दिनेश सिंह, राजेन्द्र यादव, प्रवेश यादव, रीता यादव, गोविन्द यादव के साथ अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गरीबों का हक़ डकार रहे जिम्मेदार मनरेगा योजना बनी कागज़ी खेल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत मंदार में मनरेगा में फर्जीवाड़ा ,

आखिर किसके संरक्षण में चल रहा खेल?

कागज़ों पर चल रहा काम, गरीबों का हक़ हो रहा है हजम ऽ कार्यवाही गायब

सीतापुर। विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत मंदार में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी है। कागज़ों में हज़ारों रुपये के काम दिखाए जा रहे हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाकर भारी-भरकम भुगतान किया जा रहा है, जबकि असलियत यह है कि कार्यस्थल पर नाम मात्र ही मजदूर नजर आते है। इस पूरे खेल में जिम्मेदार अधिकारियों और पंचायत स्तर पर मिलीभगत होने की आशंका गहराई से जताई जा रही है।

मनरेगा का मकसद बेरोजगार मजदूरों को रोजगार और सम्मानजनक जीवन देना है, मगर भ्रष्टाचारियों की मिलीभगत से गरीबों का हक़ छिन रहा है। हैरत की बात यह है की प्रशासन पूरी तरह चुप्पी साधे हुए है और अब तक कोई ठोस कार्यवाही सामने नहीं आई है।

ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। अब देखना यह है क्या कोई जांच होती है या यू ही चलता रहेगा।

# सडिला में भव्य जलविहार मेले का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। ग्राम सडिला में शनिवार को पारंपरिक उल्लास और श्रद्धा के साथ भव्य जलविहार मेले का आयोजन किया गया। मेले में सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी रही। दुकानों और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों के आकर्षण का केंद्र बने। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भजन व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को

आनंदमय बना दिया। ग्रामीणों ने इस आयोजन को आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक बताया। इस अवसर पर मोहित दीक्षित (गोलू भैया), प्रकाश मौर्य, कैलाश मौर्य, सत्रोहन मौर्य, बाबू दीक्षित, प्रभात सिंह शेखावत, लाला राम यादव, राहुल दीक्षित, वीरभानु शुक्ला, पीताम्बर दीक्षित, गोपी दीक्षित, नीलाम्बर दीक्षित, सुभाष मौर्य सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बरसात में रास्ता गन्दे मलवे में तब्दील, सफई कर्मी नदारद

## परिवार गांव से पलायन करने पर मजबूर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मानपुर(सीतापुर) मानपुर क्षेत्र के पड़रिया गांव में बृजलाल यादव के मकान के पास से निकले रास्ते पर खड़ंजा लगा हुआ है ।जिस पर पिछले दिनों हुई भारी बारिश से रास्ते पर मलबा जम गया एवं खड़ंजा धस गया व बड़ी बड़ी घास उगने के कारण रास्ते पर चलना दूभर हो गया हैं जब इस समस्या के बारे में पंचायत के प्रधान को अवगत कराया गया तो उन्होंने खड़ंजा ठीक कराने को पूरी तरह से इन्कार कर दिया पीड़ित इस रास्ते पर निकलने वालों ने समस्या को संबंधित बिभाग के उच्चाधिकारियों से लिखित व मौखिक शिकायत की है यदि समस्या का जल्द समाधान न किया गया तो आगे उचित



वैधानिक कार्यवाही के लिए रास्ते पर निकलने वाले पीड़ित आगे कदम बढ़ाने को मजबूर हो जायेगे । जानकारी करने पर इसका कारण ग्राम पंचायत में आने वाले वोटों की राजनीति होना बताया जाता है इससे गांव के लोगों में भारी आक्रोश है।

# दशहरा मैदान में गूंजे कांग्रेस नेताओं के तेवर वोट चोरी रोकने का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां सीतापुर । कस्बे के रामलीला दशहरा मेला मैदान में कंाग्रेस पार्टी द्वारा वोट अधिकार यात्रा का आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या में कंाग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे । कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय व मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश प्रभारी अजय कुमार राय मौजूद रहे । सीतापुर सांसद राकेश राठौर के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सीतापुर जिलाध्यक्ष ममता वर्मा ने की । कंाग्रेस कार्यकर्ताओ ने मुख्यातिथियों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया तथा मुख्यातिथि अविनाश पाण्डेय को चांदी का मुकुट पहनाया गया । इसके पहले नगर अध्यक्ष अमर मेहरोत्रा की अगुवाई मे बिसवां सिधौली मार्ग के मध्य पड़ने वाले इटिया शहीद चौराहे पर अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया और लगभग



दो सौ मोटर साईकिल सवार कार्यताओं ने दशहरा मेला मैदान तक रैली के तौर पर अगुवाई की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय ने कहा कि वोट देश के हर नागरिक का बुनियादी हक है। हमें मिलकर इस अधिकार को बचाना है। संविधान और लोकतंत्र को मजबूत करना है। वोट चोरी को रोकना और वोट चोरों को सत्ता से उखाड़ फेंकना हमारा लक्ष्य है। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए अजय कुमार राय ने कहा कि देश की सत्ता पर काबिज नरेन्द्र मोदी वोट की चोरी कर प्रधानमंत्री बने हैं । हमारे नेता राहुल गांधी ने इनकी चोरी का खुलासा किया है । चुनाव आयोग भाजपा की कठपुतली बनकर रह गया है । आप सबका फर्ज बनता है कि आने वाले चुनाव में उत्तर प्रदेश की सरकार को उखाड़ फेंके । उन्होंने कहा कि थाना, तहसील और ब्लाक में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। खासकर गरीब तबके के लोगो का उत्पीड़न किया जा रहा है । मुख्यमंत्री का यही जीरो टाल रेश है। उन्होंने यह भी कहा कि वह बनारस से चुनाव जीत रहे थे उन्हें जबरदस्ती हराया गया है सांसद राकेश राठौर ने आये हुए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और उपस्थित जनसमूह को एतिहासिक बताते हुए अपने विरोधियों पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग सोशल मीडिया पर लिख रहे हैं वो आकर इस जनसमूह को देख लें और अपनी आँखों का इलाज कराएं । उन्होंने अभिभूत होकर कहा कि मैं जिस दिन सड़क पर उतर आया उस दिन सीतापुर जिले के मैदान छोटे पड़ जायेंगे इतना जनसमूह इकट्ठा हो जायेगा । कंाग्रेस नेत्री सुनीता चौधरी ने कहा कि इस सरकार में महिला उत्पीडन अपने चरम पर है । लोगो को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार से दूर कर दिया गया है । शिक्षा के मंदिर मे ताले लगाए जा रहे है। अंत में जिलाध्यक्ष ममता वर्मा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और सभा का समापन किया । कार्यक्रम को कंाग्रेस के वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी, रजनीश कुमार मिश्र एडवोकेट डा0 ब्रज बिहारी, सुनील रावत, अब्दुल अतीक खां आदि ने भी संबोधित किया तथा कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र यादव ने किया । इस अवसर पर प्रदीप सिंह चौहान, नरेश गौड़, अनुपम राठौर, शशांक राठौर, अस्वनी राठौर, रामनरेश भारती, मनोज कनौजिया, काशीराम भार्गव, बकरीदी खां, अब्दुल मुजीब, राजकुमार चौरसिया, रौशनी गुप्ता, कमरून निशा, अनुपमा द्विवेदी समेत हजारों का जनसमूह उपस्थित रहा ।

# दूसरे दिन भी खीरी में संपन्न हुई व्यवस्थित, निर्विघ्न पीईटी परीक्षा, प्रशासन ने ली राहत की सांस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । खीरी में रविवार को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) 26 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में नकलविहीन, शुचितापूर्वक, शान्तिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। शनिवार को दोनों पालियों में 16463 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 5137 ने परीक्षा छोड़ी। नोडल अधिकारी/एडीएम अनिल कुमार रस्तोगी ने बताया कि रविवार को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 की प्रथम पाली में 26 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 10800 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 8162 परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 2638 परीक्षा छोड़ी। दूसरी पाली में 10800 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 8301 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 2499 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। डीएम-एसपी ने भ्रमणशील रहकर देखे परीक्षा केंद्र, दिए निर्देश रविवार की सुबह डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी



संकल्प शर्मा ने परीक्षा केंद्र राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, ला मार्टिना स्कूल, आर्य कन्या महाविद्यालय सहित ‌[]विभिन्न स्कूलों का भ्रमणशील रहकर निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापको से नामांकित बच्चों के सापेक्ष उपस्थित एवं अनुपस्थित बच्चों की संख्या जानी। उन्होंने कक्ष निरीक्षकों से परीक्षा उपरांत ओएमआर शीट की सीलिग प्रकिया पूछी एवं कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा के सभी कायदे कानून का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को जरूरी निर्देश दिए। बताते चलें कि दोनों पालियों

## डीएम-एसपी ने केंद्रों का किया निरीक्षण, 26 केंद्रों पर 16463 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

में आयोजित पीईटी परीक्षा में एडीएम-एएसपी, एसडीएम-सीओ सहित जिला विद्यालय निरीक्षक, सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भ्रमणसील एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट ने परीक्षा केंद्रों पर अपनी देखरेख एवं निगरानी में सकुशल संपन्न कराया।

सकुशल संपन्न हुई पीईटी परीक्षा, डीएम ने दी बधाई उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) शांतिपूर्ण, नकल विहीन, सकुशल, व्यवस्थित एवं निर्विघ्न संपन्न होने पर जहां एक और प्रशासन ने राहत की सांस ली। वहीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने परीक्षा को संपन्न कराने में अहम किरदार निभाने वाले परीक्षा के नोडल अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं कार्मिको को शुभकामनाएं दी।

# नाव हादसे से प्रभावित महिला के घर पहुँची तहसील प्रशासन की टीम, दी खाद्यान्न सामग्री



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। तहसील लखीमपुर के ब्लॉक नकहा क्षेत्र में घटित नाव पलटने की घटना से प्रभावित महिला माधुरी के आवास पर रविवार को तहसील प्रशासन की टीम पहुँची। यह भ्रमण डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशों के अनुपालन में किया गया। नायब तहसीलदार सुनील कुमार द्वितीय, लेखपाल शैलेंद्र मिश्रा एवं अजय गौरव ने प्रभावित महिला को फल एवं खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराई। टीम के अधिकारियों ने प्रभावित महिला को आश्वस्त किया कि शासन-प्रशासन द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी तथा किसी भी प्रकार की आवश्यकता पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। नायब तहसीलदार ने महिला को ढांढस बंधाते हुए यह भी अवगत कराया कि आगे की आवश्यकताओं के लिए प्रशासन निरंतर संपर्क बनाए रखेगा। इस दौरान ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## शिवम तिवारी बने सवर्ण आर्मी उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष



सीतापुर। सर्वेश पाण्डेय जी ने संगठन एवं समाज के प्रति निष्ठा, समर्पण और सक्रिय योगदान को देखते हुए श्री शिवम तिवारी जी को सवर्ण आर्मी उत्तर प्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह जानकारी प्राप्त होते ही सवर्ण आर्मी के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। प्रदेशभर से कार्यकर्ता एवं समाजसेवी साथी उन्हें व्यक्तिगत रूप से तथा सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स पर शुभकामनाएँ एवं बधाइयाँ दे रहे हैं।

# दबंगई के चलते बनगवां मंडी मे सरकारी भूमि पर अवैध कब्ज़ा कर मादक पदार्थों का बनाया अड्डा, प्रशासन देखकर भी बना मुकदर्शक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गौरीफंटा खीरी। जनपद मे इंडो-नेपाल सीमा पर स्थित बनगवां मंडी इन दिनों लगातार समाचार पत्रों की सुर्खियों में बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार मिली जानकारी के अनुसार सरकार द्वारा थारू समाज को भरण-पोषण और कृषि कार्य के लिए अनुदान में दी गई गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की भूमि पर बड़े पैमाने पर अवैध व्यावसायिक गतिविधियाँ और फल-फूल रही हैं और मादक पदार्थों का अड्डा बना हुआ है जिस तरफ प्रशासन का ध्यान नही जा रहा है। अवैध कमाई और काले धन के लालच में इन भूमियों पर स्टांप पेपर पर अवैध लिखापढ़ी कर दुकानों को किराए पर दिया जा रहा जिस पर मादक पदार्थों का अड्डा संचालित किये जा रहे है बतौर साथ ही मोटी रकम पगड़ी के तौर पर वसूली जा रही है और इसके बाद हर महीने भारी-भरकम किराया भी लिया जाता है। जिस कारण सरकार के राजस्व को चुना लगाकर काफी नुकसान पहुँचाया जा रहा है। बनिगवा मंडी मे वर्तमान मे लगभग 200 से अधिक अवैध दुकानें तैयार खड़ी हैं जहाँ वर्ष 2012 से पहले खेत-खलिहान हुआ करते थे,आज उसी ज़मीन पर करीब 200 से अधिक अवैध दुकानें खड़ी हो चुकी हैं जिन मे अवैध व्यवसाय और मादक पदार्थों के व्यवसाय संचालित किये जा रहे है जोकि युवा पीढ़ी को अंदर से खोखला किये जा रहे है। सूत्र बताते हैं कि यहाँ पर अवैध तरीके से रातों-रात दुकानें बनकर खड़ी हो जाती हैं और अगले दिन उनका उद्घाटन भी कर दिया जाता है। हाल ही में एक नई दुकान का शुभारंभ भी किया गया।

बनिगबा मंडी बनी ड्रग्स माफियाओं का गढ़.

बनगवां मंडी का नाम केवल अवैध निर्माण तक सीमित नहीं है यहाँ पर मादक पदार्थों का व्यवसाय भी भारी मात्र मे संचालित किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह जगह ब्राउन शुगर और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी का बड़ा केंद्र बन चुकी है। कई बार गौरीफंटा पुलिस यहाँ से बड़े ड्रग्स माफियाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है फिर भी यहाँ पर अवैध कारोबार पर लगाम नही लगी बल्कि बढ़ावा ही मिला। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार, मंडी में मादक पदार्थों के अलावा सक्रिय बाइक गैंग भी स्मैक और अन्य नशे के कारोबार से जुड़ी हुई है। किरायेदार भी खुलेआम सच को स्वीकारते हैं। हाल ही में एक दुकानदार ने सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से स्वीकार किया कि वह खुद मंडी में किरायेदार है और बाइक गैंग के कई लोग अवैध नशे के कारोबार में लिप्त हैं। जबकि गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की भूमि पर न तो व्यावसायिक निर्माण वैध है और न ही किराया वसूली और न ही यहाँ पर व्याप्त अवैध कारोबार। मदक पदार्थों के सेवन और व्यापार से खोखली हो रही युवा पीढ़ी...!!! बनिगबा मंडी मे ज्यादातर युवा पीढ़ी को अवैध मादक पदार्थो और गैर वैधानिक व्यापारों मे सम्मिलित किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार यहाँ पर ज्यादातर युवा पीढ़ी को मादक पदार्थों के व्यापारी, मादक पदार्थों का आयात-निर्यात करने के लिए युवा पीढ़ी का प्रयोग करते है जोकि आने वाले भविष्य के लिए घातक सिद्ध हो रहे है। अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर किसके संरक्षण में बनगवां मंडी में ये गैर-कानूनी गतिविधियाँ धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं,और इस पर रोकथाम क्यों नही लगाई जा रही है?आखिर किसकी शह पर सरकारी भूमि पर कब्ज़ा कर न केवल अवैध दुकानें बनाई जा रही हैं, बल्कि मादक पदार्थों का धंधा भी फल-फूल रहा है?

# नदी के पानी के तेज वहाव मे पुल से फिसल कर डूब गया राहगीर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। मामला तहसील लखीमपुर के सैदापुर खाले गांव काहै जहां रपटा पुल के ऊपर से चल रहे पानी के तेज वहाव और लगी काई से पुल पार करते समय एक व्यकित के डूब जाने का मामला प्रकाश मे आया है। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार डूबने वाला व्यक्ति पडरिया का बताया जाताहै मै इसकी अधिकारिक पुष्टि नही करता हू खबर सूत्रो पर आधारित है। मौके पर मौजूद लोगो द्वारा दी गई जानकारी पर मामले से नायब तहसीलदार सदर को अवगत करा दिया गया है नायब तहसीलदार द्वारा राजस्व टीम व पी ए सी की एक टीम भेजे जाने की बात कही गई है। खबर लिखे जाने तक डूबे व्यकित का कोई पता नही चल सकाहे और न ही उसके शव को ही बरामद किया जा सका है।

# बेजुबानों के मसीहा बने चिंटू पुरी, दिन-रात गौ सेवा और पक्षियों की सेवा में रहते हैं तत्पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पलिया कलां खीरी। निस्वार्थ सेवा का जज्बा अगर देखना हो तो जनपद खीरी के चिंटू पुरी से बेहतर उदाहरण शायद ही कोई हो। दिन हो या रात, धूप हो या बारिश– चिंटू पुरी हर समय बेजुबान पशु-पक्षियों की सेवा में तत्पर रहते हैं। गौ सेवा के साथ-साथ वे घायल, भूखे और प्यासे पक्षियों को भी अपना सहारा देते हैं। स्थानीय लोग बताते हैं कि चिंटू पुरी कई बार सड़क हादसों में घायल गायों और आवारा पशुओं को अपनी देखरेख में लेकर उनका इलाज कराते हैं। यही नहीं गर्मी में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था से लेकर ठंड में उनके लिए सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने तक चिंटू पुरी लगातार जुटे रहते हैं। चिंटू पुरी का कहना है कि ‌‌बेजुबान अपनी पीड़ा कह नहीं सकते, इसलिए उनका दर्द समझना और मदद



करना इंसान का फर्ज है। लगातार निस्वार्थ सेवा कार्यों के चलते चिंटू पुरी ने न सिर्फ पूरे जनपद बल्कि पड़ोसी जिलों में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी इस अनूठी पहल की चर्चा हर ओर है और लोग उन्हें बेजुबानों का सच्चा मसीहा मानते हैं।

## साप्ताहिक बाजार में कार का ताला तोड़कर चार लाख की चोरी

**जुनावई, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कस्बे की साप्ताहिक बाजार में शनिवार को अज्ञात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अनुपशहर थाना क्षेत्र के मालिकपुर निवासी पशु व्यापारी शानू अपनी बुलेरो पिकअप में चार लाख रुपये लेकर बाजार पहुंचे थे। उन्होंने यह धनराशि चालक कामिल के सुपुर्द कर दी और खुद पशु नखाशा में चले गए। इसी बीच चालक भी वाहन से उतरकर बाजार देखने चला गया। मौके का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोर ने गाड़ी का ताला तोड़कर चार लाख रुपये उड़ा लिए। घटना का पता चलने पर व्यापारी ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आसपास की दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। थाना प्रभारी मेघपाल सिंह ने बताया कि व्यापारी की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

## रोटरी क्लब बबराला गंगा की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण, 51 हस्तियां सम्मानित

**बबराला, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रोटरी क्लब बबराला गंगा के अधिष्ठापन समारोह में वर्ष 2025-26 की नई कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण किया। इसमे सुरेश गुप्ता को प्रेसिडेंट और विजय गोयल को सेक्रेटरी पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, डॉ. प्रदीप रघुवंशी को ट्रेजरार बनाया गया। समारोह का आयोजन विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल सभागार में हुआ, जहां मुख्य अतिथि के रूप में रोटरी इंटरनेशनल की डीजीई पायल गौर मौजूद रहीं। इस मौके पर समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 51 हस्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बार वेलफ़ेयर एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, सचिव सुरेश यादव, क्लब फाउंडर अतुल गोयल भोला, डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, सागर शर्मा, अनुराग मित्तल, संदीप बंसल और मोनू अग्रवाल समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. राहुल यादव ने सुरेश गुप्ता को कॉलर पहनाकर और रोटरी पिन लगाकर कार्यभार सौंपा। उन्होंने अपने कार्यकाल की सामाजिक गतिविधियों और जनहितकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए नई कार्यकारिणी को सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में डॉ. रिजवान, विवेक वार्ष्णेय, सुमित यादव, कंचन गुप्ता, राशि गोयल, पूजा गोयल, कार्तिक गोयल, रजत मित्तल, सत्यम मिश्रा, अरुण कुमार डिंपल, दीपक शर्मा, एकता द्विवेदी, भगवान सिंह, राशिद अंसारी, कपिल सिद्धार्थ सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## ठेकेदार को धमकाने ऑडियो प्रसारित

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर के एक दलाल नेता का कोतवाली का सिपाही बातकर ठेकेदार को धमकाने का ऑडियो प्रसारित हो रहा है। वही आपको बता दें कि ऑडियो में दबंग दलाल नेता पुलिस को अपनी मुट्ठी में रखने का दावा करता है। वहीं प्रतिष्ठित एक नेता का भी मुंह लगा हुआ है। वहीं ऑडियो में यह दलाल नेता ठेकेदार को कह रहा है कि तेरे खिलाफ पार्टी ने मुकदमा लिखवाया है। और तुझे कोतवाल साहब बुला रहे हैं। अगर नहीं आया तो में पुलिस भेज कर तुझे थाने बुलवाऊंगा। वही दबंग नेता का कोतवाली का सिपाही बातकर का ऑडियो प्रसारित होने पुलिस विभाग में हड़काम मचा हुआ है। जिसको लेकर पुलिस की जमकर फजियत हो रही है। वही सूत्रों का कहना है कि यह दबंग नेता कोतवाली में उठता बैठता है। और एक संगठन की छवि खराब करने में लगा हुआ है। वहीं इस ऑडियो को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। कैनविज टाइम्स समाचार पत्र इस ऑडियो की पुष्टि नहीं करता। वहीं ऑडियो में ऐसा भी प्रतीत हो रहा है कि पुलिस की छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल यह तो जांच के बाद ही तय हो पाएगा। कोतवाल साहब ठेकेदार को बुला रहे थे या नहीं। अगर नहीं तो दलाल नेता पर कार्रवाई तय। एसएसपी डा0 बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि ऑडियो मेरे संज्ञान में आया है, जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर आ सकते हैं रायबरेली

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली से कांग्रेस सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का आगामी 10 व 11 सितंबर को दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली उनका आगमन संभावित है। इस संबंध में अमेठी सांसद के एल शर्मा ने स्थानीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की और संभावित दौरे के कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की। रायबरेली में आये अमेठी सांसद ने राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र रायबरेली में उनके संभावित दौरे की जानकारी देते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा।मीडिया से बातचीत में श्री शर्मा ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी जिन मुद्दों को उठाते हैं, बीजेपी उसी पर काम करने लगती है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जीएसटी का मुद्दा राहुल गांधी ने उठाया था और अब केंद्र सरकार उस पर पुनर्विचार की बात कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लाचार और मजबूर लोगो की बाते पुख्ता ढंग से हमेशा से उठाती रही है। राहुल गांधी में हमेशा से दूरदृष्टि रही है मगर मौजूदा भाजपा सरकार की नीतियों की वजह से देश की जनता लंबे समय से परेशानियां उठाती चली आ रही है। सांसद ने बीजेपी पर चुनावी धांधली का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आयोग की मिलीभगत से लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस जनता की आवाज़ को संसद से लेकर सड़क तक मजबूती से उठाती रहेगी। उन्होंने बताया की संभावित दौरे के पहले दिन जनता के प्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे व दूसरे दिन यानी 11 सितंबर को राहुल गांधी की अध्यक्षता में रायबरेली में दिशा समिति की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।

## देवरिया में अवैध रूप से बनाये जा रहे पटाखों का मिला जखीरा

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के रामपुर कारखाना क्षेत्र में रविवार को पुलिस ने स्थानीय निवासियों के सहयोग से अवैध पटाखा निर्माण का भंडाफोड़ करते हुए भारी मात्रा में पटाखों का जखीरा बरामद किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर संजय रेड्डी ने बताया कि रामपुर कारखाना क्षेत्र के ग्राम नौतन हथियागढ़ के पास नदी किनारे जंगलों में अवैध पटाखा निर्माण का निर्माण किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि उक्त गांव के पास अवैध तरीके से छिपाकर पटाखे बनाये जा रहे थे। पुलिस ने झाड़ियों से बड़ी मात्रा में अधबने और तैयार पटाखे मिले हैं। पुलिस ने मौके से पटाखे और बारूद जब्त कर लिए हैं। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा इस अवैध कारोबार में शामिल लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जायेगी।

## अयोध्या में रामलीला 20 सितंबर से

अयोध्या। अयोध्या धाम के भगवदाचार्य स्मारक सदन में संत श्री तुलसीदास रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला का भव्य कार्यक्रम 20 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें राम की लीलाओं का मंचन मध्यप्रदेश के कलाकार करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर बड़ा भक्तमाल में महंत अवधेश दास के संयोजन में संत महंतों एवं रामलीला समिति की बैठक रविवार को आयोजित की गई, जिसमें रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने विस्तृत जानकारी दी। महंत अवधेश दास ने बताया कि मध्य प्रदेश के कलाकार इस बार रामलीला का मंचन करेंगे। इस बार मध्य प्रदेश के खजरुई ताल के कलाकारों द्वारा रामलीला की जाएगी, जो भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।

# श्राद्ध पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने आए श्रद्धालुओं को घंटों जाम में जूझना पड़ा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अनूपशहर। श्राद्ध पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने आए श्रद्धालुओं को कई -कई घंटे तक जाम से जूझना पड़ा। पुलिस प्रशासन द्वारा पहले से कोई योजना न बनाने के कारण समस्या का सामना करना पड़ा।

रविवार को अलीगढ़ रोड से गंगा तट की ओर जाने वाले प्रत्येक मार्ग पर वाहनों का जाम श्रद्धालुओं को परेशान करता रहा। 2 किलोमीटर लंबी वाहनों की कतार में फंसे श्रद्धालु पसीना पसीना हो रहे थे। फुब्बारा चौक से मस्तराम गंगा घाट तक वाहन सरक सरक कर चल पा रहे थे। श्रद्धा पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की संख्या अत्यधिक रहती है। उन्हें नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा पहले से कोई योजना नहीं बनाई गई थी। इसी के चलते परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम की सूचनाओं का प्रसार होने के बाद पुलिस के आला अधिकारी जाम खुलवाने के लिए लगातार प्रयास करते रहे। अनूपशहर में प्रत्येक माह अमावस्या तथा पूर्णिमा के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। किंतु कभी भी स्थाई तौर पर नगर पालिका, तहसील, पुलिस प्रशासन द्वारा सामूहिक रूप से पार्किंग को लेकर कोई चर्चा या समाधान के लिए वार्ता नहीं की गई। जिससे प्रत्येक माह होने वाले गंगा स्नान पर परेशानी का सामना करना पड़ता है। अलीगढ़ रोड से मस्तराम गंगा घाट को सीधा जोड़ने के लिए बाईपास की महती आवश्यकता है। जिससे श्रद्धालुओं तथा प्रशासन को काफी सुगमता मिलेगी। इस दिशा में प्रशासन को रास्ता बनाना पड़ेगा जिससे श्रद्धालुओं को शहर में अंदर आए बिना सीधा मस्तराम तक पहुंचा जा सकता है। रविवार को मस्तराम घाट का मुख्य द्वार पर गेट बंद था। जिससे श्रद्धालुओं को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह को 2 घंटे तक जाम का सामना करना पड़ा। बाद में उन्होंने मस्तराम घाट के गेट का ताला तुड़वाकर समस्या से श्रद्धालुओं को छुटकारा दिलाया। उन्होंने मांग की है, कि मुख्य गेट खुला रहना चाहिए। जाम से निपटने के लिए एसपी देहात डा. तेजवीर सिंह, सीओ रामकरण सिंह, कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा जाम लगने के बाद लगातार खुलवाने का प्रयास करते रहे। किंतु कब तक नगर की सड़क अत्यधिक वाहनों के चलते पूरी तरह जाम हो चुकी थी। यदि अधिकारियों द्वारा पहले ही कोई योजना बना ली जाती तो जाम से न जूझना पड़ता।

### श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पूर्वजों का आह्वान किया

अनूपशहर। भाद्र मास की श्रद्धा पूर्णिमा पर लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पूर्वजों का आह्वान किया। बाढ़ के चलते प्रशासन द्वारा मोटर बोट से लगातार पेट्रोलिंग की गई। रविवार को श्राद्ध पूर्णिमा पर विभिन्न नगरों एवं गांव से आए एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने नगर के विभिन्न गंगा तट पर आस्था की डुबकी लगाकर अपने पूर्वजों का आह्वान किया। मान्यता है, कि श्राद्ध पूर्णिमा पर हाथ में कुश लेकर गंगा स्नान करने के साथ पूर्वजों का स्मरण कर श्राद्ध के लिए आमंत्रित किया जाता है। इसी मान्यता के चलते भारी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने आए। गंगा में अत्यधिक बाढ़ के चलते नगर के मस्तराम, कुंज घाट, परशुराम घाट, बबस्टर गंज घाट, दिनेश घाट, लाल महादेव घाट पर मोटर वोट तथा नाव पर गोताखोर तैनात किए गए। पुलिस अधिकारियों द्वारा मोटर बोट के माध्यम से श्रद्धालुओं को लगातार किनारे पर ही स्नान करने की चेतावनी दी जाती रही। पालिका द्वारा प्रत्येक गंगा घाट पर मोटे-मोटे रस्सी बांधे गए थे। जिससे श्रद्धालु गहरे जल में जाने से बचते रहे। पालिका द्वारा साउंड सिस्टम के माध्यम से लगातार श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान की चेतावनी भी दी जाती रही। गंगा घाट पर पुरोहितों द्वारा तर्पण भी कराई गए।

## नव नियुक्त जिला अध्यक्ष का हुआ स्वागत

संभल। जिला किसान कांग्रेस के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष इरफान अली जी का चंदौसी स्वागत किया और पूर्व संभल शहर अध्यक्ष तौकीर आलम, व वरिष्ठ कांग्रेसी मोहम्मद अकील के साथ राजनीति चर्चा बैठकर हुई। तौकीर आलम ने कहा कांग्रेस संभल जिस तेजी से आगे बढ़ रही है 3 महीने बाद संगठन में कोई जगह खाली नहीं होगी। जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत कुमार सिंह ने कहा पंजाब का किसान देश की रीड की हड्डी है आज उसी पंजाब को भीषण बाढ़ ने पूरे प्रदेश के लगभग हर जिले को तहसनहस कर दिया है। सरदार बलबीर सिंह ने कहा पूरा पंजाब बाढ़ में डूबा है। हिमाचल अपने जख्म सहला रहा है। जम्मूऽकश्मीर और उत्तराखंड अपने हालात पर रो रहे हैं। मुनेश जोशी ने कहा इस वक्त पंजाब प्रदेश,हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड प्रदेश के आपदाग्रस्त क्षेत्रों को भरपूर मदद की जरूरत। प्रधानमंत्री जी ने जिस तरह 'पीएम केअर फंड' में सांसदों और विधायकों की क्षेत्रीय विकास निधि का पैसा जमा करवा लिया था, क्या उस फंड से एक पाई भी पंजाब, हिमाचल,उत्तराखंड को इन आपदा पीड़ितों की मदद के लिए दी? यदि देना हो तो देरी मत करिए,हम सब की ज़िम्मेदारी है कि जैसा भी और जितना भी संभव हो हम अपने योगदान को ऐसी संस्थाओं के ज़रिये भेजने की कोशिश करे जो तुरंत राहत कार्य में उसका उपयोग कर सकें।

# तीन युवक डूबे, दो को बचाया, एक लापता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। गणेश मूर्ति विसर्जन करने के बाद गंगा स्नान करते वक्त तीन युवक गहरे पानी में जाने से डूबने लगे। शोर सुनकर गोताखोर गंगा में कूद गए। दो युवक सकुशल गंगा से निकाल लिए गए, जबकि एक लापता है। देर रात तक उसकी तलाश में गोताखोर लगे रहे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका।

सूचना मिलने के बाद परिवार के लोग भी गंगा घाट पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। एटा जिला व कोतवाली क्षेत्र के गांव सिमसिमपुर निवासी सनी (16) पुत्र गंगा सिंह सहित करीब 12 लोग श्रीगणेश की मूर्ति का विसर्जन करने कछला गंगा घाट पर शनिवार को आए थे। शाम करीब चार बजे मूर्ति विसर्जन करने के बाद सभी लोग गंगा स्नान करने लगे। सनी (16) पुत्र गंगा सिंह, अर्जुन सिंह (21) पुत्र गंगा सिंह व साहिल (19) पुत्र विनोद गहरे पानी में चले गए। इसी दौरान तीनों डूबने लगे। साथियों ने शोर मचाया तो गोताखोर गंगा में कूद गए। प्रयास के बाद अर्जुन व साहिल को बचा लिया गया, लेकिन सनी पानी के बहाव में लापता हो गया। भाई के लापता होने पर अर्जुन ने परिजनों को फोन पर सूचना दी। वहीं गोताखोरों ने देर रात तक सनी की तलाश जारी रखी, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। सूचना के बाद परिवार के लोग गंगा घाट पर पहुंच गए। अर्जुन ने बताया कि भाई सनी व गांव के लोगों के साथ श्री गणेश की मूर्ति का विसर्जन करने के लिए वह कछला गंगा घाट पर हर साल की तरह आए थे। गंगा स्नान करते समय सनी डूबने लगा। उसको बचाने का प्रयास किया, जिस पर वह और साहिल भी डूबने लगे। भाई का देर रात तक कोई पता नहीं लग सका। इंस्पेक्टर नीरज मलिक ने बताया कि युवक के डूबने की सूचना पर चौकी पुलिस मौके पर गई और गोताखोरों की मदद से दो युवकों को बचा लिया गया, जबकि एक युवक लापता है। उसका सुराग नहीं लग सका है। तलाश की जा रही है।

### 44 नवनियुक्त अनुदेशकों को किये नियुक्ति पत्र वितरित

बदायूं। रविवार को उत्तर प्रदेश को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग में नवनियुक्त अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरित का कार्यक्रम लोक भवन लखनऊ में किए गया जिसका सजीव प्रसारण एनआईसी में किया गया । उसी क्रम में जनपद बदायूं में स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बदायूं बिसौली बिल्सी कादरचौक दातागंज दहगवा में नवनियुक्त हुए अनुदेशकों के नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम जनपद बदायूं स्थित गत्र्ए में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि माननीय विधायक विल्सी हरीश शाक्य , विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष शॉरदेंदु पाठक जी, जनपद मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, नोडल प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार वार्ष्णेय , प्रधानाचार्य नन्द किशोर जी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया । जिसमें विधायक बिल्सी हरीश शाक्य जी के द्वारा जनपद में चयनित 44 नव नियुक्त अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और मन लगाकर कार्य करने को कहा । इस नियुक्ति पत्र वितरण में नरेंद्र सिंह , कार्यदेशक, अनुदेशक ,अजीत कुमार वर्मा अनुदेशक, अमर कुमार पाण्डेय , सैज़ी जलेशी का विशेष सहयोग रहा।

# सेक्स रैकेट के दोनों आरोपी जेल भेजे गए

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। बिल्सी कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बिसौली-कासगंज बाइपास पर स्थित गवां देव के निकट एक मकान में छापा मारकर दो महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया था। महिलाओं को स्थानीय स्तर पर जमानत देकर छोड़ दिया गया था, जबकि शनिवार को दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। मामला शुक्रवार शाम का है। कोतवाली में तैनात महिला एसआई रचना देशपाल, एसआई राममेहर सिंह और महिला सिपाही सोनिया को मुखबिर से सूचना मिली कि बाइपास मार्ग पर स्थित एक दो मंजिला मकान में कुछ लोग सेक्स रैकेट चला रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस दरवाजा खटखटाते हुए घर के अंदर दाखिल हो गई। कुछ देर बाद ही दो महिलाओं और मकान मालिक समेत दो पुरुष को अंदर से पकड़कर बाहर ले आई। दोनों महिलाओं के चेहरे कपड़े से ढके हुए थे। वहां आसपास मौजूद लोगों ने जब यह दृश्य देखा तो उन्होंने वीडियो बनाना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि मकान मालिक खुद ही सेक्स रैकेट चलवा रहा था। पुलिस सभी आरोपियों को पकड़कर कोतवाली ले गई। इसके बाद कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने उक्त मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की। कुछ देर बाद दोनों महिलाओं को कोतवाली से जमानत दे दी गई, जबकि आरोपियों को हिरासत में रखते हुए पुलिस ने काफी देर कर पूछताछ की। शनिवार को पुलिस ने आरोपी दीपक निवासी मझिया थाना सिविल लाइन एवं मुशीर अहमद निवासी मोहल्ला संख्या आठ बिल्सी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महराजगंज, रायबरेली। जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट सभासद सहित 11 घायलों में पांच लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस कार्रवाई में जुटी।

कस्बे के वार्ड नं छः रुद्र नगर निवासी सभासद राम कुमार यादव व अरुण कुमार यादव के बीच ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे को लेकर कई वर्षों से विवाद है। सुरक्षित ज़मीन पर अवैध रूप से कब्जा किए जाने को लेकर सभासद राम कुमार यादव ने श 18 अगस्त को उपजिलाधिकारी व मुख्यमंत्री को लिखित शिकायती पत्र भेजकर अवैध कब्जा रोकने की शिकायत की थी। रविवार सुबह जमीन को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। घटना में जम कर लाठी डंडा , कुल्हाड़ी, फावड़ा से मार पीट हुई।

**सभासद सहित 11 घायलों में पांच लोगों को जिला अस्पताल किया गया रेफर**

**सूचना पर पहुंची पुलिस कार्रवाई में जुटी**

एक पक्ष से सभासद राम कुमार यादव उनका बेटा ललित, व पत्नी शिवपती, व दूसरे पक्ष से अरुण कुमार उनकी पत्नी रचना, अभिलाष की पत्नी निशा, प्रिंशू यादव, हरिप्रसाद की पत्नी बबली, राम अभिलाष , हरी प्रसाद व लवलेश घायल हो गए। घायलों में ललित कुमार, शिवपती, रचना, राम अभिलाष व हरिप्रसाद की हालत गंभीर है। जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई है। दोनों पक्षों के घायलों का मेडिकल कराया गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

# पंचायतों में दस प्रतिशत पद ई-डब्लू एस को आरक्षित करने की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। क्षत्रिय महासभा बदायूं एवम महाराणा प्रताप विकास ट्रस्ट की एक संयुक्त बैठक ट्रस्ट के बदायूं स्थित मुख्यालय पर वरिष्ठ धनपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ सुशील कुमार सिंह व मंडल उपाध्यक्ष गोपाली सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने हेतु पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन का विस्तार करते हुए शिक्षक रघुपाल सिंह को क्षत्रिय शिक्षक सभा का जिला अध्यक्ष तथा डॉ प्रदीप सिंह चंदेल को जिला महासचिव नियुक्त किया गया। थाना इस्लामनगर में ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह एडवोकेट के विरुद्ध फर्जी अभियोग पंजीकृत कराए जाने की भर्त्सना की गई। क्षत्रिय महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ सुशील कुमार सिंह ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षत्रिय महासभा प्रदेश ही नहीं बल्कि देश का सबसे क्रियाशील सामाजिक संगठन है। हमारा सौभाग्य है कि हम इस संगठन का अंग है। जनहित के कार्यों की निरंतरता से ही कोई भी संगठन समाज में स्थान बना पाता है।

क्षत्रिय महासभा की बदायूं इकाई जनहित के विषयों को लेकर मुखर रहती है। अन्य इकाइयों को भी बदायूं की महासभा का अनुसरण करना चाहिए। जिला अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि इस बर्ष भी विजयदशमी के उपलक्ष में दो अक्टूबर को शस्त्र पूजन समारोह सह दशहरा सभा का आयोजन जिला मुख्यालय पर स्काउट भवन में भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा । समारोह में समाज के विशिष्ट महानुभावों एवम उल्लेखनीय कार्य करने वाले महानुभावों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में मार्गदर्शक धनपाल सिंह, प्रताप सिंह आचार्य , संरक्षक राणा प्रताप सिंह, संरक्षक सैनिक सभा विजय रतन सिंह , जिला उपाध्यक्ष गिरीश पाल सिंह सिसौदिया, डीकेश सिंह, जिला अध्यक्ष सैनिक सभा सतेंद्र पाल सिंह चौहान, नगर अध्यक्ष बदायूं महीपाल सिंह तोमर, जिला अध्यक्ष महाराणा प्रताप विकास ट्रस्ट विपिन कुमार सिंह, जिला संयोजक व्यापार सभा राकेश सिंह , जितेंद्र सिंह , टीकम सिंह, डॉ प्रदीप कुमार सिंह चंदेल, शिव प्रताप सिंह राठौड़, राजपाल सिंह राठौड़, राम सरन सिंह सोलंकी, सुरेश पाल सिंह चौहान, रवि कुमार सिंह रघुपाल सिंह, महेश सिंह चौहान, कुंवर प्रताप, वीर बहादुर सिंह, भूपेंद्र सिंह, हरिओम सिंह, मुकेश सिंह आदि की सहभागिता रही।

# दोनों पालियों में पीईटी परीक्षा सकुशल सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 हेतु जनपद में बनाए गए 23 परीक्षा केंद्रों पर दोनों पालियों में परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई।

उन्होंने बताया कि प्रथम पाली में पंजीकृत-9888 के सापेक्ष 7989 अभ्यर्थी उपस्थित रहें तथा 1899 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। द्वितीय पाली में पंजीकृत 9888 के सापेक्ष 8101 अभ्यर्थी उपस्थित रहे व 1787 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें, इस प्रकार आज की आयोजित दोनों पालियों की परीक्षा में पंजीकृत 19776 के सापेक्ष 16090 अभ्यर्थी उपस्थित रहें व 3686 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। दोनों दिन की चारों पालियों में कुल पंजीकृत 39552 के सापेक्ष 32050 अभ्यर्थी उपस्थित रहें व 7502 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। उन्होंने बताया कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न



कराए जाने हेतु कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया था, कंट्रोल रूम से जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी कैमरे द्वारा निगरानी की जा रही थी। कंट्रोल रूम में शिफ्टवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी तथा उनका पर्यवेक्षण करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई थी। उन्होंने बताया कि आज दूसरे दिन भी समस्त संबंधित अधिकारी केंद्रों का निरीक्षण कर रहे थे। परीक्षा देने आने वाले अभ्यर्थियों को ट्रैफ़िक, बस , ईरिक्शा आदि की समस्या से ना गुजरना पड़े, इसके लिए व्यापक व्यवस्था की गई थी। जनपद में दोनों दिन की चारों पालियों की परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई।



## कार्यालय, खण्ड शिक्षा अधिकारी, वि0ख0-सिंहपुर, अमेठी

पत्रांकः जर्जर भवन / नीलामी 155563/2025-26 दिनांक-04.09.2025

**नीलामी विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वि0ख0-सिंहपुर के अन्तर्गत परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अवस्थित जर्जर भवनों की नीलामी / ध्वस्तीकरण हेतु मूल्यांकन समिति द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य अथवा सर्वोच्च बोली गयी धनराशि पर जर्जर भवनों की नीलागी की जानी है, जिनकी विद्यालयवार न्यूनतम मूल्यांकित निम्नवत है 1.क0वि0 मेहमानपुर-23165 (अतिरिक्त कक्ष) 2. क0वि0 मेहमानपुर-24120 (अत्तिरिक्त कक्ष) 3. क0वि0 मेहमानपुर-9867 (किचन) 4. क0वि0 रामपुरटेब्रई-49773 (मूल भवन PS) 5. क0वि0 रामपुरटेढ़ई-26313 (अतिरिक्त कक्ष) 6. क0वि0 रामपुरटेनई-9867 (किचन) 7. क0वि0 सिंहपुर-23309 (अतिरिक्त कक्ष) 8. क0वि0 सिंहपुर-25787 (अतिरिक्त कक्ष) 9. प्रा0वि0 भानीपुर-50542 (अतिरिक्त कक्ष-2) 10. प्रा0वि0 भानीपुर-52626 (अतिरिक्त कक्ष-2) 11. प्रा0वि0 इन्हौना 2-55922 (मूल भवन PS) 12. प्रा0वि0 इन्हौना 2-24270 (अतिरिक्त कक्ष) 13.प्रा0वि0खारा-23785 (अतिरिक्त कक्ष) 14. प्रा0वि0खारा-24120 (अतिरिक्त कक्ष) 15. क0वि0 दांदूपुर-9867 (किचन) 16. क0वि0 गोयन -64467 अतिरिक्त कक्ष-3)17. क0वि0जिजौली-54319 (मूल भवन PS) 18. क0वि0लौली-23785 अतिरिक्त कक्ष) 19. क0 वि0लौली -25271 (अतिरिक्त कक्ष) 20. क0 वि0लौली -25787 (अतिरिक्त कक्ष) 21. का0वि0पेंडारा-24766 (अत्तिरिक्त कक्ष) 22. पू0मा0वि0सातनपुरवा-24270 (अतिरिक्त कक्ष) 23.प्रा0वि0 अहोरवाभवानी-23785 (अतिरिक्त कक्ष) 24. प्रा0वि0चिलौली 1-26313 (अतिरिक्त कक्ष) 25. प्रा0वि0चिलौली 2-26850 (अतिरिक्त कक्ष) 26.प्रा0वि0 गोधना-10274 (किचन) 27. प्रा0वि0ह्यरोहना-53749 (मूल भवन PS) 28. प्रा0वि0 जगतपुर -50542 (अतिरिक्त कक्ष-2)29. प्रा0वि0 जयनगरा -24766 (अतिरिक्त कक्ष) 30. प्रा0वि0जियापुर-10274 (किचन) 31. प्रा0वि0 कोटवा-27390 (मूल भवन PS) 32.प्रा0वि0 मत्तेपुर-53700 (अतिरिक्त कक्ष-2) 33. प्रा0वि0फूला-51574 (अतिरिक्त कक्ष-2)34. प्रा0वि0पूरेमिश्रन-9670 (किचन) 35. प्रा0वि0रस्तामऊ-9670 (किचन) 36. प्रा0वि0रुकुनपुर-9670 (किचन) 37. प्रा0वि0सातनपुरवा-23309 (अतिरिक्त कक्ष) 38. प्रा0वि0 शेखनगाँव-26850 (अतिरिक्त कक्ष) 39. प्रा0वि0उसरहा-25787 (अतिरिक्त कक्ष) 40. प्रा0वि0वतिया-26313 (अतिरिक्त कक्ष) नीलामी में प्रतिभाग के इच्छुक व्यक्ति/फर्म उक्त विद्यालयों का नीलामी तिथि से पूर्व भौतिक रूप से स्थलीय निरीक्षण कर लें तथा विद्यालय की न्यूनतम मूल्यांकित धनराशि की 10 प्रतिशत धनराशि की क्कप्रतिभूति के रूप में सम्बंधित विद्यालय की विद्यालय प्रबंध समिति के नाम से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर आवेदन पत्र नियम शर्तों सहित प्राप्त कर सकते हैं। नीलामी हेतु आवेदन पत्र दिनांक-18.09.2025 को सायं 5 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे। नीलामी दिनांक-19.09.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय (सभागार) में संपादित की जायेगी। दिनांक-19.09.2025 को नीलामी पूर्ण नहीं होने की दशा में पुनः दिनांक-30.09.2025 को पूर्व निर्धारित समय व स्थान पर नीलामी पूर्ण की जायेगी। यदि कोई जर्जर विद्यालय नीलामी से शेष रहता है तो उसकी पुनः दिनांक-14.10.2025 को पूर्व निर्धारित समय व स्थान पर नीलामी पूर्ण की।

**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**वि0ख0-सिंहपुर अमेठी**

# सड़क पर गोवंशों का डेरा पैदा कर रहा हादसे का डर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जनपद में छुट्टा गोवंश की समस्या से हर कोई परेशान है।गांव से लेकर शहरों तक में छु ट्टा गोवंश लोगों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। हा ईवे पर छुट्टा गोवंश दिन भर जमे रहते हैं जिस से वाहन चालक भी खतरे से बाहर नहीं,लोगो ने जिला प्रशासन को कई बार शिकायत की है,

लेकिन छुट्टा गोवंश की समस्या से निजात नहीं मिली।गोण्डा- लखनऊ हाइवे की सड़को पर छुट्टा गोवंश घूमते रहते है।छुट्टा गोवंश गांव से लेकर खेतों में रात दिन घूमते हैं।इससे लोगों की फसलें नष्ट हो रही हैं।गोण्डा - बलरामपुर रोड पर छुट्टा गोवंश हर समय बैठे रहते हैं।रोड से गुजरने वाले वाहन चालक छुट्टा गोवंश से बच कर निकलते हैं।बीच रोड पर सांड़ सुबह से शाम तक खड़े रहते हैं।बस और ट्रक जैसे बड़े वाहन भी कभी कभी काफी देर तक खड़े रहते हैं।जब गोवंश को लाठी लेकर दौड़ाया जाता है तो वाहन निकलते हैं वही लोगो के द्वारा बताया




जा रहा है कि छुट्टा गोवंश की समस्या को लेक र जिला प्रशासन को कई बार पत्र दिए गए।गोवंश को गोशाला में संरक्षित कराने की मांग की गई,मगर किसी अधिकारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।वही पशुपालन विभाग का कहना है कि पिछले माह शासन के निर्देश पर गोवंश प कड़ने का अभियान चलाया गया था।अभियान के तहत अधिक से अधिक गोवंश विभिन्न गो शालाओं में संरक्षित किए गए थे,लेकिन जिले भर में छुट्टा गोवंश हैं जिन्हें पकड़ना संभव नहीं है।

# जिले में चोर मस्त पुलिस पस्त, आप तो बस मुकदमा लिखाइए और भूल जाइए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा । जिले में इन दिनों चोर मस्त और पुलिस पस्त वाली कहावत चरितार्थ हो रही है।थानों में आप तो बस मुकदमा लिखाइए और भूल जाइ ए।दरअसल,गोण्डा जिले के थानों के अंतर्गत होने वली चोरी की घटनाओं की एफआईआर दर्ज तो होती है,लेकिन उनमें पीड़ितों को इंसाफ मिलना तो दूर पुलिस सुराग तक लगाने में ना काम साबित हो रही है।छोटी-मोटी घटनाएं तो छोड़िए बड़ी घटनाओं को सुलझाने में थानों की पुलिस दिलचस्पी नहीं दिखा रही है।हालांकि, जिला मुख्यालय में होने वाली क्राइम मीटिंग में सबसे बड़ी प्राथमिकता होती है क्षेत्र में शांति बहाल रहे।चोरी के कई ऐसे मामले हैं,जिसमें पु लिस के हाथ अब तक खाली हैं।वहीं पुलिस दा वा ठोक रही है कि जिले में जो भी बड़ी चोरी, लूट व छिनतई की घटनाएं हुई हैं,उसमें जल्द ही शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।जिले में दो अलग


नवाबगंज में महिला को चोट पहुंचाकर चोरों ने लूटे लाखों

अलग स्थानों पर तीन घरों से चोर लाखों रुपये की नकदी व जेवरात उठा ले गए।

अहिरौलिया गांव के रहने वाले शिव कुमार ति वारी व मालिक राम तिवारी ने बताया कि वह परिवार के साथ घर के आंगन में सो रहे थे,रात करीब 12 बजे घर के पीछे लगे पेड़ के सहारे चोर घर में घुस आए।कमरे में रखा संदूक ले जाकर छत पर रखकर उसमें से आभूषण व पंद्रह हजार रुपये नकद उठा ले गए।बताया कि उनके बगल उनके चाचा मालिक राम का भी मकान है।चोर उनके भी घर में रखा संदूक से दस हजार नकद रुपया निकाल ले गए वही

एक सप्ताह पूर्व भवनियापुर उपाध्याय चौराहे पर स्थित अंग्रेजी व देशी शराब की दुकान का ताला तोड़कर शराब व नकदी चोर उठा ले गए थे।नवाबगंज थाना क्षेत्र के बैजलपुर गांव के पूरे गजई पुरवा में शनिवार की रात नकाबपोश चो रो ने किराना व्यापारी दुर्गा प्रसाद मौर्य के घर में घुस आए।पत्नी मीना के अनुसार आहट पाकर जब वह जगी तो देखा कि दो नकाबपोश चोर कमरे में मौजूद थे।एक बदमाश ने उन्हें चाकू दि खाकर मुंह दबा लिया जबकि,उसका दूसरा सा थी आलमारी और बक्सा खंगालने में जुट रहा। सोने चांदी के जेवरात व 75 हजार रुपया नक द निकाल लिया।मीना ने बताया कि उसने चोरों का विरोध किया।इस पर बदमाश ने उस पर धा रदार हथियार से हमला कर दिया। उसके बाएं हाथ में चोटें आईं हैं।थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# गोण्डा मेडिकल कालेज में बदहाल व्यवस्था



कैनविज टाइम्स संवाददाता

चिलड्रेन वार्ड में घूम रहे आवारा कुत्ते,

गोंड़ा । मेडिकल कॉलेज प्रशासन की अनदेखी से चिलड्रेन वार्डों में आवारा कुत्ते घूम रहे, आवारा कुत्तों से नवजात शिशुओं को खतरा बना रहता है।यह समस्या यहां लम्बे समय से है,बावजूद इसके अस्पताल प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है।अस्पताल में सुरक्षा गार्डो की तैनाती है।इनकी ड्यूटी में 24 घंटे रहती है।यहाँ सुरक्षा कर्मी भी आवारा कुत्तों को वार्डों में घुसने से न हीं रोक पा रहे हैं।यही नहीं परिसर में निराश्रित मवेशियों का अड्डा रहता है गोंड़ा मेडिकल कॉले ज में अव्यवस्थाएं दूर होने का नाम नहीं ले रही हैं।गोंडा मेडिकल कॉलेज में देवीपाटन मंडल के दूर दराज इलाकों से चिलड्रेन वार्ड में बच्चों के इलाज के लिए आते हैं।अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ होती है।अधिकार तर अस्पताल के वार्ड भरे हुए रहते है।उस चिलड्रेन वार्ड में कुत्तों की मौजूदगी अस्पताल प्रशासन की लापरवाही को बयां कर रही थीं।स्थिति यह है कि थोड़ी सी लापरवाही होने पर यह आवारा कुत्ते चिलड्रेन वार्ड में बच्चों पर झपट्टा मार सकते हैं।जिससे बड़ी घटना हो सकती है।जानकारों का कहना है कि वार्डों में कुत्तों का घूमना गंभीर बात है। यह किसी दिन बड़ी घटना के कारण बन सकते हैं।वार्डों में तैनात स्वास्थ्यकर्मी और डॉक्टर लंबे समय से जानवरों के उत्पात की अनदेखी कर रहे हैं।अस्पताल प्रशासन को तत्काल इस पर ठोस कार्रवाई करनी चाहिए।

# दो दिवसीय पीईटी परीक्षा संपन्न, 24,923 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, 4261 रहे अनुपस्थित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा । उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा गोंडा के 18 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई।दो दिन में चार पालियों में कुल चौबीस हजार 923 परी क्षार्थियों ने परीक्षा दी,जबकि चार हजार 261 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।इस बार परीक्षा में 85% से अधिक परीक्षार्थियों ने भाग लिया जो पिछली परीक्षाओं की तुलना में काफी अधिक है।द्वितीय पाली में सात हजार 296 में से छः हजार 305 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 991 ने परीक्षा नहीं दी।परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए गए।18 परीक्षा केंद्रों पर सात सौ अध्यापकों की ड्यूटी लगाई गई थी एक हजार से अधिक पुलिस कर्मी तैनात किए गए थे,साथ ही 18 स्टैटिक मजिस्ट्रेट,18 सेक्टर मजिस्ट्रेट,18 केंद्र व्यवस्थापक और 18 अति रिक्त केंद्र व्यवस्थापक की



नियुक्ति की गई है।

खुफिया विभाग और यूपीएसटीएफ ने सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी की।परीक्षा के बाद प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाएं डबल लॉक में जमा कराई जा रही हैं।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जिगर मेमोरियल इंटर कॉलेज, फातिमा स्कूल और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए यातायात वि भाग और रोडवेज प्रशासन को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए है।

# तिरंगे से छेड़छाड़ कर धार्मिक उन्माद फैलाने हुई कोशिश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा । जिले के छपिया थाना क्षेत्र में ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर मसकनवा बाजार में नि काले गए जुलूस-ए-मोहम्मदी के दौरान एक वि वादित वीडियो सामने आया है।जहां सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में एक व्यक्ति ऐसा झंडा थामे दिखाई दे रहा है जो राष्ट्रीय ध्वज से मिलता-जुलता है।अंतर केवल इतना है कि उस पर अरबी लिपि और धार्मिक चिन्ह अंकित हैं। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि तिरंगे की तरह दिखने वाले झंडे में अशोक चि न्ह की जगह धार्मिक चीज़ लिखी गई है और वहां से अशोक चिन्ह गायब है।वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद पूरे मा मले को लेकर के मनकापुर क्षेत्राधिकारी उदित नारायण पालीवाल ने छपिया थानाध्यक्ष को पूरे मामले में जांच करके कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो ने के बाद लोगों के अंदर आक्रोश भी है जिस को लेकर के छपिया थाने की पुलिस पूरी तरी के से अलर्ट मोड पर है और लगातार सोशल मीडिया सहित भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर भी नजर रखी जा रही है।

# राहत जनता इंटर कॉलेज में बज़्मे राहत की महाना नशिस्त आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। स्थानीय राहत जनता इंटर कॉलेज का माहौल रविवार को अदबी रंगों में सराबोर हो गया। मौक़ा था बज़्मे राहत की महाना नशिस्त का, जिसकी सदारत मशहूर आलिम मौलाना हसन शंकरपुरी ने की, वहीं नशिस्त की ख़ूबसूरत निज़ामत शहीद नानपारवी ने अंजाम दिया। महफ़िल की शुरुआत होते ही शायराना रंगत ने समा बाँध दिया। रोशन ज़मीर ने अपने अंदाज़ में इश्क़ का दर्द कुछ यूं बयाँ किया तलबे उल्फ़त इक उसी से है दिले नादान को, इश्क़ में जिसको फ़क़त आता है तड़पाने का नाम। इसके बाद कैफ़ नानपारा ने अपनी ग़ज़ल से दिलों को छू लिया–जो कभी मेरा था पहले वह किसी का हो गया, भूल भी सकता नहीं मैं ऐसे बेगाने का नाम। शम्स नानपारवी की आवाज़ में जज़्बात की रवानी थी–

साक़िया तस्लीम कर ले आज यह सच्चाई तू, साक़िया बस मेरे ही दम से है



मयख़ाने का नाम। शहीद नानपारवी के अशआर ने महफ़िल को और भी रोशन कर दिया–जब भी आता है शमा के साथ परवाने का नाम, सोचने लगते हैं फिर सब अपने दीवाने का नाम। फ़ौक़ बहराइची ने भी अपनी शायरी से तालियाँ बटोरीं– कौन भूलेगा भला इक ऐसे दीवाने का नाम, जिसने गुलशन रख दिया है अपने वीराने का नाम। ख़ित्मे नशिस्त पर मौलाना हसन शंकरपुरी के कलाम ने रौनक को चार चाँद लगा दिए–काम नज़रों ने किया है जाम पैमाने का नाम, साक़िया बस तेरे ही दम से है मयख़ाने का नाम। कार्यक्रम में सफ़ीर नानपारवी, अज़मी रिज़वी सहित तमाम अदीब व सामेईन मौजूद रहे। यह अदबी नशिस्त देर तक चलती रही और हर शेर-ओ-शायरी पर दाद व वाह-वाह की गूँज सुनाई देती रही।

# मण्डलीय अकांक्षा समिति की अध्यक्षा ने किया वन स्टाप सेंटर का औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । शनिवार की देर रात लगभग दस बजे आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सु शील व मण्डलीय अकांक्षा समिति की अध्यक्षा गरिमा भूषण ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया।जिला अस्पताल स्थित इस सेंटर पर आ युक्त व अध्यक्षा ने वहाँ मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी की।उन्होंने निर्देश दिया कि यहाँ पर आवासित होने वाली पीड़ित महिला बालिकाओं को उचित सुविधाएं मिले।उन्होंने कहा कि पीड़िताओं को किसी भी प्रकार की समस्या नही होनी चाहिए।उनके खान-पान पर विशेष ध्यान दिया जाय।उन्होंने कहा कि केंद्र के साथ साथ बाथरूम व अन्य जगहों की नियमित साफ सफाई कराया जाय।उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी को



निर्दे श दिया कि नियमित मोनिटरिंग करते रहे कि सी को भी कमी होने पर उसका निस्तारण करा एं,निरीक्षण के दौरान वन स्टॉप सेंटर पर दस पीड़ित महिला,बालिका आवासित पाई गई, उन्होंने केंद्र पर आवासित पीड़ित महिला बालि काओं से भी बातचीत की,तथा केंद्र पर मिल रही सुविधाओ के बारे में जाना।आयुक्त ने निर्देशित किया कि शासन के दिशा निर्देश के क्रम में पीड़िताओं को सुविधाएं प्रदान की जाय उनकी सुविधाओं में कोई कमी न बरती जाय। इस दौरान आयुक्त ने जिला अस्पताल के बाहर व्याप्त गंदगी को साफ करने व अवैध होर्डिंग हटाने के बारे में ईओ नगर पालिका को निर्देश दिये।

# श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ गणेश विसर्जन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। अनंत चतुर्दशी पर नानपारा में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। गणेश महोत्सव के दस दिन पूरे होने के बाद नगर में शोभायात्राओं की रौनक देखने लायक थी। भक्तों ने ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुनों पर थिरकते हुए गणपति बप्पा को विदा किया। शोभायात्रा में महिलाओं, पुरुषों और युवाओं की भारी भीड़ उमड़ी। रास्ते भर अबीर-गुलाल उड़ाकर लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। दोपहर में प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना और मिष्ठान का भोग लगाने के बाद आरती उतारी गई और गगनभेदी जयकारों से वातावरण गूंज उठा।इमामगंज चौराहे पर प्रतिमाओं के पहुंचने पर आतिशबाजी और पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। इसके बाद गायघाट स्थित सरयू नदी में सभी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। कार्यक्रम के



दौरान प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखी। मुख्य राजस्व अधिकारी देवेंद्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी और सीओ प्रद्युमन कुमार सिंह, कोतवाल नानपारा रामाज्ञा सिंह, कस्बा प्रभारी पूर्णेश नारायण पांडे सहित पुलिस बल पूरी तरह अलर्ट रहा। इस अवसर पर दिलीप शर्मा, वंशीधर रस्तोगी, भाजपा नगर अध्यक्ष रेखा पांडे, अनिल पांडे, वीरेंद्र सिंह पप्पू, गोपाल चौरसिया, चिरौजी लाल यज्ञसैनी, किसान मोर्चा के नागेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जनपद में नवनियुक्त अनुदेशकों को वितरित किया गया नियुक्ति पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, द्वारा वर्ष 2025 में घोषित अंतिम परिणामों में व्यावसायिक शिक्षा के चयनित विभिन्न व्यवसायों के 1510 अनुदेशकों को लोक भवन स्थित सभागार में मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहराइच में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक नानपारा राम निवास वर्मा द्वारा अन्य अतिथियों के साथ जनपद में नवनियुक्त 30 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। नियुक्ति पत्र वितरण से पूर्व मा. मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने नवनियुक्त अनुदेशकों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि आप सभी



अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और लगन के साथ करते हुए बच्चों के भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि आप द्वारा शिक्षित बच्चे ही कल देश का भविष्य होंगे। आप सभी देश की वर्तमान परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए बच्चों को दक्ष बनायें। उन्होंने कहा कि आप सब की जिम्मेदारी है कि बच्चों को इतना दक्ष बना दें कि वे प्रतिस्पर्धा के इस युग में विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाकर देश के विकास में योगदान कर सकें।

इस अवसर पर विभिन्न ट्रेडों अन्तर्गत नवनियुक्त अनुदेशकों अमन राठौर, रितेश विश्वकर्मा, राघवेन्द्र सिंह, सूरज कुमार, योगेश कुमार, संदीप कुमार, तेज प्रताप, शशिकान्त, नागेन्द्र यादव, अरूण कुमार, हिमांशु प्रजापति, प्रशांत मौर्या, मनीष कुमार उपाध्याय, अनुज सिंह, अरविन्द कुमार राय, गोविन्द कुमार राव, सुनील कुमार निषाद, सत्यम ओझा, राम चन्द्र, अरविन्द कुमार वर्मा, रविकान्त चौहान, मृत्युंजय सिंह, नन्दलाल गुप्ता, विमलकान्त शर्मा, पंकज कनौजिया, संत कुमार, अश्वनी यादव, उमाकान्त यादव, मेनका सिंह व नीरज कुमार को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान अनुदेश मेनका सिंह व अनुज ने अपने अनुभव साझा करते हुए मा. मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सहायक डी.के. त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, उपायुक्त एन.आर.एल.एम. धनंजय सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार, प्रधानाचार्य आईटीआई बहराइच रामतेज व नानपारा के सुनील कुमार मिश्रा, वरिष्ठ अध्यापिका अनुसुईया व राहुल बाजपेई सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी, दिग्विजय सिंह सहित अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा नवचयनित अनुदेशक मौजूद रहे। इससे पूर्व कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया।

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

# शिक्षक दिवस पर किया शिक्षकों का सम्मान: अमित मिश्रा बोले- श्रेष्ठ शिक्षक से बनता है बेहतरीन समाज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर । नगर में स्थित पंचम दास इण्टर कालेज और पण्डित राजेन्द्र प्रसाद के अमित मिश्रा के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षकों व सभा के सदस्यों से कहा कि श्रेष्ठ शिक्षक ही श्रेष्ठ समाज व श्रेष्ठ देश का निर्माता होता है। एक अच्छे शिक्षक का अच्छे समाज के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान होता है। शिक्षकों का सम्मान किया जाना बहुत बड़े गौरव की बात है इस उपलक्ष में सेवानिवृत्ति शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उन्हें साल और पटका पहना कर सम्मानित किया गया और शिक्षक दिवस पर विस्तार से चर्चा करते हुए समाज में हो रही कुरीतियों पर मंथन किया गया , साथ ही शिक्षक दिवस ही नहीं एक अलग सभी शिक्षकों की बैठक कर रूप रेखा तैयार कर समाज को जागरूक करने हेतु शिक्षा के स्तर मजबूत करने के उद्देश्य से विचार व्यक्त किया आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह स्थानीय नगर के पंचम दास इंटर कालेज जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती की दीप प्रज्वलित पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इसके पक्ष सम्मान समारोह में सभी अतिथियों को माला पहनकर स्वागत और अभिनंदन किया गया कार्यक्रम का संचालन सतीश मिश्रा ने किया । इस दौरान कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक पंडित राम अवतार शर्मा, वीरेंद्र सक्सेना ,निरंकार पांडे ,ओम शर्मा ,देवेंद्र बंसल, दुर्वेश मिश्रा, सरदार मोहन सिंह ,छविनाथ सैनी, जमुना प्रसाद गंगवार आदि लोगों को साल उड़ा कर पटका पहनकर सम्मानित किया गया और इस दौरान पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक ऑफ फार्मेसी के एचडी अमित मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य शिक्षकों के निस्वार्थ योगदान और समाज के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करना है। यह दिन शिक्षकों के परिश्रम को याद करने और शिक्षा की अलख जगाने वाले उनके प्रयासों को समर्पित है, ताकि वे छात्रों के जीवन में ज्ञान और नैतिकता का संचार कर सकें। आज के आधुनिक युग में शिक्षकों का मान सम्मान जो काम हुआ है, उसके जिम्मेदार हम और आप हैं पूर्व अंतराल में शिक्षकों को छात्रों पर अंकुश लगाने की स्वतंत्रता थी जो आज धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है और दुनिया में मां-बाप के बाद दूसरा गुरु शिक्षक है। और शिक्षक देश की दिशा और दशा बदलने मे आहम भूमिका निभाते हैं। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर तेज बहादुर सिंह तेजू समाजसेवी अशोक खंडेलवाल ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष आनंद मिश्रा एडवोकेट भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष महेश चंद्र मिश्रा अनुराग मिश्रा सरकार भारती के जिला अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सागर लकी चिल्ड्रन स्कूल के प्रबंधक विजयनगी समाज सेवी रामपाल पांडे नितिन मिश्रा रितेश मिश्रा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। और अंत में सभी आगंतुकों का आयोजक महेंद्र मिश्रा एवं दुर्वेश मिश्रा ने आभार भी व्यक्त किया है।

# लखनऊ में राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित हुई शिक्षिका वर्षा सक्सैना



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत। शिक्षिका वर्षा सक्सेना को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, जो शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया जाने वाला एक महत्वपूर्ण सम्मान है। इस पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षकों को शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाता है।सम्मान समारोह में वर्षा सक्सेना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी ने सम्मानित किया है। यह पुरस्कार वर्षा सक्सेना की शिक्षण कार्य में उत्कृष्टता और छात्रों के विकास में योगदान को पहचानता है। यह पुरस्कार उन्हें उनके कार्य में और अधिक उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करेगा और अन्य शिक्षकों के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत बनेगा।राज्य अध्यापक पुरस्कार शिक्षकों को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित करता है और उन्हें अपने कार्य में उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करता है। यह पुरस्कार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों को दिए जाने वाले सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक है। उनको राज्य अध्यापक पुरस्कार मिलने पर जिले के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# सचिव एवं प्रधान ने फागिंग के साथ सैनिटाइजिंग एंटी लार्वा का कराया गांवों में छिड़काव



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।विकासखंड पूरनपुर की ग्राम पंचायत बंदरबोझ,नगरिया खुर्द कला, नौजलहा नकटाह,बूंदीभूड़ सहित अन्य गांवों में बाढ़ के कारण संक्रामक रोगों के प्रसार को रोकने के लिए सचिव राजेश कुमार गौतम के निर्देश पर सैनिटाइजिंग एंटी लारवा स्प्रे और फागिंग का छिड़काव किया गया हैं। जिससे संक्रामक रोग न फैल सके। बाढ़ के कारण जलभराव में मच्छरों और अन्य कीटों की वृद्धि को रोकने के लिए एंटी लारवा स्प्रे का उपयोग किया कराया जा रहा है।सैनिटाइजिंग स्प्रे के माध्यम से ग्राम पंचायतो को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। फागिंग और स्प्रे के माध्यम से मच्छरों और अन्य कीटों को नियंत्रित करके स्वास्थ्य सुरक्षा को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया।सचिव राजेश कुमार गौतम के निर्देश पर की गई। इस पहल से ग्राम पंचायत बंदरबोझ,नगरिया खुर्द कला बूंदीभूड़,नौजलहा नकटाह अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छता और स्वास्थ्य सुरक्षा में सुधार हुआ है, और संक्रामक रोगों के प्रसार को रोकने में मदद मिली है।

## कछुआ तस्करी करते तीन गिरफ्तार कछुए बरामद वन्यजीव संरक्षण कानून की धाराओं का उलंघन

पूरनपुर। जगतपुर मे खुटार रेंज मे ग्रामवासियों के द्वारा लगातार शिकायत की जा रही थी कि कुछ लोग अपनी दबंगई के बल पर मछलियों और कछुआ का शिकार कर तस्करी कर रहे है आपको बता दे सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में कछुआ की तस्करी के साथ खुटार रेंजर ने टीम के साथ तीन लोगों को हिरासत में लिया है पूरनपुर के जगतपुर मे जो कि शाहजहांपुर की खुटार रेंज में आता है पिछले कई वर्षों से तैनात रेंजर मनोज श्रीवास्तव अपनी कार्यशैली को लेकर लगातार सुर्खियों में रहते हैं यहां प्रेम कुमार के नाम पर एक तालाब है जहां कछुआ को पकड़कर तस्करी किये जाने का शक है ग्रामीण ने मामले की शिकायत अफसरों से की जिनके आदेश पर खुटार रेंजर मनोज कुमार ने तस्करी के लिये पकड़े गये कछुयों के साथ तीन युवकों को पकड़ लिया और अपने साथ लेकर रवाना हो लिऐ तस्करों को छुड़ाने के लिये साठ गांठ शुरू हो गई और मामले को दबाने का खेल शुरू हो गया इससे पहले भी खुटार रेंजर मनोज कुमार विवादों की सुर्खियां बटोर चुके है अब देखना ये कि क्या वन विभाग के अनुसार यह कार्रवाई वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 39, 48, 49ख, 50 और 51 के तहत की गई है।

# रोटरी क्लब सुल्तानपुर ट्रांसगोमती का शिक्षक सम्मान समारोह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुलतानपुर। बीते 6 सितंबर 2025 को रोटरी क्लब सुल्तानपुर ट्रांस गोमती द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजन स्काई लाउंज, दरियापुर में किया गया। जिसमें रोटरी क्लब सुल्तानपुर ट्रांसगोमती के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, सचिव रोटेरियन सुनील शर्मा तथा कोषाध्यक्ष अजय अग्रहरि के द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत दीप प्रज्वलन तथा राष्ट्रगीत के साथ की गई। वरिष्ठ रोटेरियन एस बी सिंह ने रोटरी क्लब सुल्तानपुर ट्रांस गोमती द्वारा कराया जा रहे कार्यों को बताते हुए समाज में शिक्षा और शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डाला और यह भी कहा कि शिक्षक की महिमा को शब्दों में बयान नहीं किया सकता। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर विवेकानंद की प्रधानाचार्य ब्रह्म नारायण शुक्ला, प्राथमिक विद्यालय लंभुआ की प्रधानाध्यापिका लीला यादव, रामराजी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की संगीत शिक्षिका रोली श्रीवास्तव, प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर अमेठी की प्रधानाचार्य ममता सिंह तथा जयपुरिया विद्यालय की शिक्षिका दीपिका टंडन के अतिरिक्त रो. शैलेंद्र चतुर्वेदी को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों ने अपने द्वारा शिक्षा से जगत में किए गए कार्यों और समाज पर प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में रो. ज्ञान जायसवाल, रो. संतोष सिंह, आलोक अग्रवाल, मनोज गुप्ता, राम पोपटानी, आशीष आर्य, राजीव त्रिपाठी, जी पी सिंह, अमर जीत सिंह, नीरज अग्रवाल, रो. ऋषिकांत अग्रहरि , दिलीप जायसवाल, आदि सम्मिलित हुए। इन्होंने शिक्षकों को साल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, साथ ही उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में पूर्व की भांति शिक्षा जगत को योगदान देने की शुभकामनाएं दी।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग कैम्प लगाकर वितरण कर रहा दवाई हो रहा टीकाकरण

पुरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुछ दिन पूर्व पड़ोसी राज्य उत्तराखंड में स्थित बनवासा बैराज से छोड़े गए पानी ने शारदा नदी ने तूफान मचा दिया है। चारों तरफ पानी ही अपनी नजर आ रहा है।इसलिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक शर्मा ने दिशा-निर्देश देकर स्वास्थ्य विभाग को राहत कार्य में जुट जाने के निर्देश दिए है।तहसील क्षेत्र के ग्राम चंदिया हजारा,ढक्का चाट,खिरकरिया सहित अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता जितेंद्र कौर अपनी टीम के साथ दिन-रात काम कर रही है।शारदा नदी के आस-पास के गांवों के लोग बाढ़ से प्रभावित है।उनसे स्वास्थ्य विभाग लगातार संपर्क कर हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम पानी में घुसकर लगातार बाढ़ में फंसे हुए ग्रामीणों की मदद कर रही है। चौबीसों घंटे सहायता के लिए मेडिकल टीमें तैनात की गई हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर के प्रभारी मनीष राज शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य सुरक्षा की गतिविधियां चलाई जा रही हैं। जिससे बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद मिल सके।बाढ़ प्रभावित इलाकों में लगातार स्वास्थ्य विभाग की टीम कार्य कर रही है। ताकि डेंगू और मलेरिया के मामले न बढ़ें। स्वास्थ्य विभाग बाढ़ प्रभावित इलाकों में लगातार मेडिकल राहत शिविर लगा रहा है।ताकि लोगों के स्वास्थ्य का ख्याल रखा जा सके। चिकित्सा राहत शिविरों में आवश्यक दवाएं भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग स्थिति सामान्य होने तक बाढ़ प्रभावित लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाता रहेगा।

## सैम एंड जैस ब्यूटी एकेडमी का चेयरमैन ने किया उद्घाटन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अशोक कॉलोनी स्थित ल्ससैम एंड जैस ब्यूटी एकेडमीड्ड का भव्य उद्घाटन रविवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद पूरनपुर के चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने फीता काटकर एकेडमी का शुभारम्भ किया और संस्थान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उद्घाटन अवसर पर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने कहा कि ल्समेकअप और ब्यूटी इंडस्ट्री आज के समय में एक उभरता हुआ करियर विकल्प है।ऐसे संस्थान युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह एकेडमी निश्चित ही बच्चों को बेहतर मार्गदर्शन और शिक्षा प्रदान करेगी।ल्ससैम एंड जैस ब्यूटी एकेडमीड्ड को एक अत्याधुनिक और विशाल सैलून शिक्षा संस्थान के रूप में स्थापित किया गया है।जहाँ मेल और फीमेल दोनों वर्गों के विद्यार्थियों को ब्यूटी इंडस्ट्री की बारीकियाँ सिखाई जाएंगी तथा प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।इस मौके पर नगर अध्यक्ष भाजपा हर्ष प्रधान,आरिफ खान, अमरजीत सिंह, डिम्पल शर्मा, हरदीप सिंह, पवन दीप सिंह, जितेंद्र सिंह, चमकार सिंह, सूरज बाथम, ज़ुल्फ़िकार अली, सिकंदर अली सहित अनेक सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

## बाढ़ राहत कार्यों के नाम पर करोड़ों खर्च फिर भी कटान जारी : ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कलां में बाढ़ राहत और बचाव कार्यों पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं।लेकिन इसके बावजूद कटान जारी है। ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने निर्माण कार्य के दौरान घटिया सामग्री के उपयोग की लिखित शिकायत की थी, जिसे बाढ़ खंड के अधिकारियों ने गंभीरता से नहीं लिया। ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग की शिकायत की थी। लेकिन अधिकारियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया।जिसका परिणाम यह हुआ कि स्पर धंस गया और कटान जारी है, जिससे क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी हो रही है।ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने हमेशा क्षेत्र के विकास और बचाव के लिए प्रयास किया है, और इस मामले में भी उन्होंने अपनी जिम्मेदारी निभाई है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और क्षेत्र के लोगों को राहत कैसे मिलती है। शारदा नदी में लगातार कटान हो रहा है। जिससे ग्रामीणों की फसले जल में समाई जा रही हैं।

## 43 करोड़ में बना रेलवे ओवरब्रिज डेढ़ महीने में ही धंसा

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हनुमानगंज बाईपास पर बने रेलवे ओवरब्रिज की सड़क उद्घाटन के मात्र 50 डेढ़ महीने में ही धंस गई है। 15 जुलाई 2025 को उद्घाटित इस ओवरब्रिज की लागत 43 करोड़ रुपये है। सुलतानपुर-वाराणसी फोरलेन हाइवे का यह बाईपास स्वी.ति के 10 साल बाद पूरा हुआ था। प्रोजेक्ट को 2015 में मंजूरी मिली थी।

# न्यायालय के आदेश पर एडीओ पंचायत समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**सिंहपुर के तत्कालीन एडीओ पंचायत एवं ग्राम विकास अधिकारी समेत एक अन्य पर कूटरचित दस्तावेज लगाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का आरोप**

तिलोई अमेठी । थाना इन्हौना पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सिंहपुर के तत्कालीन एडीओ पंचायत एवं ग्राम विकास अधिकारी के साथ ही एक अन्य युवक के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का अभियोग दर्ज किया है।इस मामले की जानकारी मिलते ही सरकारी मुलाजिमों में खलबली मच गई है। थाना क्षेत्र के गांव मोतीगंज मजरे यूसुफ नगर निवासी बाबूलाल वर्मा द्वारा एक फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की शिकायत स्थानीय पुलिस के साथ ही आला अधिकारियों से दर्ज कराई गई लेकिन पीड़ित के शिकायती पत्र को रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया तो पीड़ित ने न्याय की आस लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाया। पीड़ित बाबूलाल वर्मा की मानें तो उसने एक प्लाट का बैनामा अपनी पत्नी गीता रानी पुत्री शिव कुमार के नाम विक्रेता संतोष कुमार पुत्र रामपाल निवासी ग्राम मोतीगंज मजरे यूसुफ नगर, थाना इन्हौना, जनपद-अमेठी से बीती चौदह नवम्बर 2011 को लिया था जिसकी चौहद्दी लम्बाई पूरब पश्चिम चौवालिस फुट व चौड़ाई पश्चिम चौबीस फुट व पूर्वी सिरा उत्तर से दक्षिण अठारह से सीमाबद्ध है।उक्त बैनामा की भूमि पर उसका कब्जा है इसी भूमि से मिली हुई गांव के ही शफीक की भूमि है संतोष कुमार के अलावा परिवार में अन्य कोई सदस्य नही है।संतोष कुमार को सन 2013 से किसी ने कही देखा व सुना नही है वर्तमान समय में वह लापता है उसके मृत्यु या जीवित होने के बारे में किसी को कोई जानकारी नही है। उसकी पत्नी गीता रानी के नाम उपरोक्त प्लाट को वह हड़पने की फिरक में है इसी नियत से उसने तत्कालीन एडीओ पंचायत धीरेन्द्र कुमार व तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी को अपने प्रभाव में लेकर संतोष की मृत्यु की तिथि धोखाधड़ी एवं कूटरचित तरीके से सरकारी कागजातों में हेराफ़ेरी करके दिनांक चौबीस सितम्बर 2011 बैनामा दिनांक चौदह नवम्बर 2011 के पूर्व अंकित कराकर दिनांक सोलह फ़रवरी 2018 को मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करा लिया है जिससे उसकी पत्नी के नाम उक्त बैनामा शून्य एवं अवैध घोषित हो जाये। घटना की जानकारी उसने स्थानीय पुलिस के साथ ही आला अधिकारियों से गुहार लगाई लेकिन उसकी बात को अनसुना कर दिया गया तो न्यायालय से गुहार लगाई। रायबरेली के कोर्ट संख्या नौ के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने थाना इन्हौना पुलिस को तत्कालीन एडीओ पंचायत धीरेन्द्र कुमार, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी के साथ ही मोहम्मद शफीक पुत्र सददीक के खिलाफ अभियोग दर्ज करने का निर्देश जारी किया तो पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ अभियोग दर्ज कर लिया है। इस मामले की विवेचना उप निरीक्षक कृष्ण मोहन मिश्रा को सौंपी गई है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि करते हुये बताया कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा।

मोहनगंज पुलिस ने पैंसठ ग्राम स्मैक के साथ शातिर अपराधी को भेजा जेल

तिलोई अमेठी,थाना मोहनगंज पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत पैंसठ ग्राम स्मैक के साथ एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर कल्लू उर्फ राम औतार लोध पुत्र बसंत लाल लोध निवासी शंकरगंज मजरे छतहुआ थाना मोहनगंज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में उक्त शातिर अपराधी के कब्जे से पैंसठ ग्राम स्मैक बरामद हुई। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक एक शातिर अपराधी हैं जिसके विरुद्ध जनपद अमेठी के थाना मोहनगंज व जायस पर चोरी, हत्या के प्रयास, आबकारी अधिनियम व एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में कुल बारह अभियोग पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पकड़े गये शातिर अपराधी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# पीएचसी सातनपुरवा में स्टाफ नर्स की लापरवाही से जच्चा बच्चा की मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**स्वास्थ्य कर्मियों ने जिला अस्पताल अमेठी के बजाय रायबरेली पीड़िता को क्यों रेफर किया**

अमेठी । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सातनपुरवा में नर्स की लापरवाही से जच्चा बच्चा की मौत हो जाने का मामला सामने आया है।पीड़ित परिवार ने नर्स पर गम्भीर आरोप लगाया है लेकिन स्वास्थ्य महकमे के आला अधिकारी मामले पर पर्दा डाल कर रफा दफा करने में लगे रहे। विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत सातन पुरवा के गांव गढ़ी अलादाद निवासी गयासुददीन की पत्नी अमीना खातून रविवार की सुबह करीब आठ बजे प्रसव पीड़ा से कराहते हुये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सातन पुरवा पहुंची जहां पर अधीक्षक स्वयं नदारद रहे और आशा बहू के साथ ही अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा इसकी जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर को दी गई तो सीएचसी सिंहपुर से एक बहुचर्चित नर्स को प्रसव कराने के लिये पीएचसी सातन पुरवा भेजा गया जहां पर प्रसव पीड़ित महिला अमीना खातून द्वारा बच्चे को जन्म देते उसकी तबियत बिगड़ने लगी लेकिन खेवनहारों द्वारा जो लापरवाही बरती गई उसे शब्दों में बयां नही किया जा सकता है। अस्पताल के अभिलेखों पर अगर भरोसा किया जाय तो जब नवजात शिशु और महिला की हालत गम्भीर हो गई तो उसे जिला अस्पताल रायबरेली के लिये रेफर कर दिया गया जिसकी दूरी सातन पुरवा से पैंतालिस किलोमीटर है जबकि जिला रेफरल अस्पताल तिलोई मात्र बीस किलोमीटर दूर है उसे यहां पर क्यों रेफर नही किया गया ? इसका जबाब स्वास्थ्य कर्मियों के पास नही है अगर जिला अस्पताल ही रेफर करना था तो अमेठी क्यों नही रेफर किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों की माने तो हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल रायबरेली ले जाते समय रास्ते में जच्चा और बच्चा की मौत हो गई है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा।अब यह बात आम जनमानस के गले के नीचे नहीं उतर रही है।मृतका के पति गयासुददीन से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनको जब इस घटना की जानकारी मिली तो स्वयं आश्चर्य चकित रह गये फिलहाल वह मुम्बई से अपने घर के लिये निकल चुके हैं जिनके देर रात तक आने की संभावना पाई जाती है। सीएचसी सिंहपुर के अधीक्षक डॉ सुनील चौधरी ने बताया कि मामला मेरे भी संज्ञान में आया है जिसे उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। इस सम्बंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि जांचोपरांत कार्यवाही की जायेगी।

# एक कदम शिक्षा की ओर कार्यक्रम के तहत बच्चे सम्मानित



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। आज एक कदम शिक्षा की ओर कार्यक्रम के तहत ग्राम सभा पखरौली में चतुर्थ परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक के 35 तथा उच्च प्राथमिक के 30 बालक बालिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमे प्राथमिक में प्रथम करण कुमार, द्वितीय अंकुश, तृतीय श्रेयांश तथा उच्च प्राथमिक में प्रथम रिया, द्वितीय गायत्री तथा तृतीय अभिषेक एवम् सौम्या ने स्थान प्राप्त किया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को विशेष पुरस्कार शेष बच्चों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिन बच्चों ने नवोदय का प्रवेश परीक्षा फर्म भरा था उनको तैयारी के लिए संबंधित परीक्षा किताब भी दिया गया। आज इस कार्यक्रम में राजकुमार (से.नि.बैंक मैनेजर), फागूलाल (प्र.अ.), जैसराज भीम (प्र.अ.), सिद्धार्थ(स.अ.), प्रेम कुमार, राधेश्याम, अरुण कुमार, दीपांशु, प्रदीप, देवेंद्र ,मीनाक्षी, अर्चना तथा मुख्य आयोजक सुरेश कुमार (पोस्टमैन) की देखरेख में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# शांति की ओर मणिपुर

निस्संदेह, पिछले दो वर्ष से अधिक समय से हिंसाग्रस्त मणिपुर का संकट लाइलाज-सा नजर आता रहा है। अब केंद्र सरकार और राज्य के दो प्रमुख कुकी-जो समूहों के बीच बीते गुरुवार को हस्ताक्षरित ऑपरेशन निलंबन समझौते से अशांत मणिपुर में शांति बहाली तथा सामान्य स्थिति बनाये रखने के प्रयासों को बल मिलने की उम्मीद जगी है। उम्मीद है कि इस प्रयास से राज्य की क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित की जा सकेगी। समझौते के बाद निर्दिष्ट शिविरों को संवेदनशील क्षेत्रों से स्थानांतरित करने और राज्य में दीर्घकालिक शांति तथा स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में भी सहमति बनी है। वहीं यह घटनाक्रम इस कारण से भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह इस पूर्वोत्तर राज्य का दौरा कर सकते हैं। विपक्ष लंबे समय से मांग करता रहा है कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं जाते। मई, 2023 में मैतेई और कूकी समुदाय के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद प्रधानमंत्री की इस संवेदनशील राज्य की यह पहली यात्रा होगी। विगत में विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा है कि केंद्र ने मणिपुर को उसके हाल पर छोड़ दिया। विपक्ष ने राज्य में डबल इंजन सरकार के दौरान कुशासन का आरोप भी लगातार लगाया है। उनका यह भी आरोप रहा है कि सत्तारूढ़ भाजपा ने राज्य की स्थिति के नियंत्रण में अपनी विफलता के बावजूद एन बीरेन सिंह को मुख्यमंत्री के पद पर बनाये रखा था। इससे बढ़कर यह भी कि मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए उन पर तटस्थता न दिखाने और हिंसा के प्रति संवेदनहीन बने रहने के आरोप भी लगाए गए। कालांतर विपक्ष के दबाव के बीच उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। तब से लेकर अब तक राज्य राष्ट्रपति शासन के तहत संचालित है। वहीं हाल के महीनों में अपेक्षाकृत शांति का एक मुख्य कारण यह भी है कि कई आतंकवादियों ने राज्य के अधिकारियों की अपील के जवाब में लूटे गए हथियार कानून प्रवर्तन एजेंसियों को लौटाए हैं। निश्चित रूप से हाल ही में हुआ समझौता लंबे समय से अशांत चल रहे मणिपुर के हित में एक स्वागत योग्य कदम ही कहा जाएगा। इसके बावजूद कुछ पेचीदा मुद्दे अभी भी सुलझाने बाकी हैं। इस मुहिम में विभिन्न हितधारकों को शामिल करने की जरूरत है। राज्य में एक प्रभावशाली नागरिक समाज समूह, कुकी-जो काउंसिल ने स्पष्ट किया है कि वह मैतेई और कुकी-जो क्षेत्रों के बीच बफर जोन में अप्रतिबंधित या मुक्त आवाजाही के पक्ष में नहीं। यह भी कि मणिपुर के नागाओं के शीर्ष निकाय ने मुक्त आवागमन व्यवस्था को समाप्त करने और भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का विरोध किया है। इसके अलावा विरोध में राज्य में समुदाय वाले सभी क्षेत्रों में व्यापार प्रतिबंध लागू करने की चेतावनी भी दी है। उल्लेखनीय है कि राज्य में जातीय संघर्ष की मूल वजह बहुसंख्यक मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा हासिल करने की मांग रही है। इस मांग पर उपजे टकराव को दूर करने तथा कुकी और नागाओं का विश्वास फिर से हासिल करने के प्रयास प्राथमिकता के आधार पर किए जाने की जरूरत है। निश्चय ही, सामान्य स्थिति की ओर बढ़ने के लिये मोदी सरकार को अब समय नहीं गवांना चाहिए। निस्संदेह, मणिपुरियों ने पहले ही इस राहत के लिये बहुत लंबा इंतजार किया है। यह अच्छी बात है कि कूकी-जो काउंसिल ने अलग से राष्ट्रीय राजमार्ग-2 को खोलने का फैसला लिया है। यह राजमार्ग मणिपुर से होकर गुजरता है। निस्संदेह, इस कदम से जहां राज्य में जीवन की जरूरी चीजों की आपूर्ति सरल होगी, वहीं विस्थापित परिवारों और राहत शिविरों में हालात के चलते रह रहे नागरिकों की मुश्किलें कम हो सकेंगी। वहीं पिछले कुछ महीनों से राज्य में जारी शांति की स्थिति को स्थायी बनाने की दिशा में शासन-प्रशासन की ओर से गंभीर प्रयासों की जरूरत है। सुखद यह भी है कि समझौते में कूकी संगठनों ने अपने शिविरों की संख्या कम करने तथा हथियारों को निकटवर्ती बीएसएफ और सीआरपीएफ शिविरों में पहुंचाने पर भी सहमति जतायी है। विश्वास किया जाना चाहिए कि समझौते के मुद्दों पर सतर्क निगरानी के साथ राज्य में स्थायी शांति का वातावरण बन सकेगा।

# मातृत्व का अपमानः बिहार की राजनीति पर असर

**बिहार विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, विपक्षी नेताओं की ज़ुबान फिसलती जा रही है, वे राजनीति से इतर नेताओं की निजी ज़िंदगियों में तांक-झांक वाले, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ऐसे बोल बोल रहे हैं, जो न सिर्फ़ आपत्तिजनक हैं, बल्कि राष्ट्र-तोड़क एवं जनभावनाओं को आहत करने वाले है। प्रधानमंत्री मोदी को नीचा दिखाने के मकसद से ये नेता मर्यादा, शालीनता और नैतिकता की रेखाएं पार करते नज़र आए हैं। गलत का विरोध खुलकर हो, राष्ट्र-निर्माण के लिये अपनी बात कही जाये, अपने राजनीतिक मुद्दों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाये, लेकिन गलत, उच्छृंखल एवं अनुशासनहीन बयानों की राजनीति से बचना चाहिए। बड़ा सवाल है कि एक ऊर्जावान एवं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में क्या वाकई अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल औचित्यपूर्ण है? लोकतंत्र में असहमति होना स्वाभाविक है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार की नीतियों की आलोचना करना विपक्ष का अधिकार ही नहीं, उसका दायित्व भी है। परंतु आलोचना और अभद्रता में बहुत बड़ा अंतर है। जब राजनीतिक संवाद विचारों, नीतियों और कार्यक्रमों से हटकर व्यक्तिगत और पारिवारिक अपमान तक पहुँच जाता है, तब लोकतंत्र की आत्मा पर आघात होता है। विपक्ष को सरकार की योजनाओं, उसकी कमियों या विफलताओं पर सवाल उठाने चाहिए, लेकिन यदि वे प्रधानमंत्री की माँ को निशाना बनाएंगे, तो जनता इसे राजनीतिक परिपक्वता की कमी, विकृत राजनीति और हताशा का प्रतीक ही मानेगी। इतिहास साक्षी है कि जब-जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गाली-गलौज की गई है, तब-तब यह उनके लिए सहानुभूति और समर्थन का कारण बना है। 2014 के लोकसभा चुनाव के समय से ही अनेक अवसर आए, जब कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों ने मोदी पर अशालीन एवं अभद्र टिप्पणियां की हैं लेकिन विपक्षी नेताओं ने अब सारी हदें लांघते हुए उन पर राजनीतिक छिद्रान्वेषण से हटकर व्यक्तिगत हमले करके, उनकी पृष्ठभूमि और उनके परिवार को लेकर अपमानजनक शब्द कह कर राजनीतिक मर्यादाओं का हनन किया है। लेकिन हर बार जनता ने इसका उत्तर मोदी के पक्ष में समर्थन देकर दिया।**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की माताजी के संबंध में कांग्रेस और राजद के मंच से जो अभद्र व अशालीन शब्द कहे गए, उसने न केवल राजनीतिक वातावरण को कलंकित किया है, बल्कि पूरे देश की संवेदनाओं को भी आहत किया है। भारत में माँ केवल एक परिवार की सदस्य नहीं होती, वह मातृत्व का प्रतीक है, करुणा और संस्कार की धारा है, जीवन की प्रथम शिक्षिका है। किसी भी माँ के लिए अपमानजनक टिप्पणी वस्तुतः संपूर्ण मातृत्व का अपमान है। इसलिए जब किसी दल के नेता राजनीतिक आग्रहों एवं दुराग्रहों के चलते प्रधानमंत्री की माताजी को अपशब्द कहते हैं, तो यह प्रधानमंत्री पर नहीं बल्कि हर उस भारतीय पर चोट करता है, जिसने अपनी माँ को श्रद्धा और सम्मान के उच्चतम स्थान पर रखा है, यह भारतीय संस्कृति एवं तहजीब का भी अपमान है। यही कारण है कि यह घटना केवल राजनीतिक विवाद नहीं रही, यह एक सामाजिक-नैतिक प्रश्न बन गई है। नेताओं को यह बात समझनी चाहिए कि सही तरीके से बोले गए शब्दों में लोगों को जोड़ने की ताकत होती है, जबकि गलत भाषा एवं बोल का इस्तेमाल राजनीतिक धरातल को कमजोर करता है।

बिहार विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, विपक्षी नेताओं की ज़ुबान फिसलती जा रही है, वे राजनीति से इतर नेताओं की निजी ज़िंदगियों में तांक-झांक वाले, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ऐसे बोल बोल रहे हैं, जो न सिर्फ़ आपत्तिजनक हैं, बल्कि राष्ट्र-तोड़क एवं जनभावनाओं को आहत करने वाले है। प्रधानमंत्री मोदी को नीचा दिखाने के मकसद से ये नेता मर्यादा, शालीनता और नैतिकता की रेखाएं पार करते नज़र आए हैं। गलत का विरोध खुलकर हो, राष्ट्र-निर्माण के लिये अपनी बात कही जाये, अपने राजनीतिक मुद्दों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाये, लेकिन गलत, उच्छृंखल एवं अनुशासनहीन बयानों की राजनीति से बचना चाहिए। बड़ा सवाल है कि एक ऊर्जावान एवं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में क्या वाकई अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल औचित्यपूर्ण है? लोकतंत्र में असहमति होना स्वाभाविक है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार की नीतियों की आलोचना करना विपक्ष का अधिकार ही नहीं, उसका दायित्व भी है। परंतु आलोचना और अभद्रता में बहुत बड़ा अंतर है। जब राजनीतिक संवाद विचारों, नीतियों और कार्यक्रमों से हटकर व्यक्तिगत और पारिवारिक अपमान तक पहुँच जाता है, तब लोकतंत्र की आत्मा पर आघात होता है। विपक्ष को सरकार की योजनाओं, उसकी कमियों या विफलताओं पर सवाल उठाने चाहिए, लेकिन यदि वे प्रधानमंत्री की माँ को निशाना बनाएंगे, तो जनता इसे राजनीतिक परिपक्वता की कमी, विकृत राजनीति और हताशा का प्रतीक ही मानेगी। इतिहास साक्षी है कि जब-जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गाली-गलौज की गई है, तब-तब यह उनके लिए सहानुभूति और समर्थन का कारण बना है। 2014 के लोकसभा चुनाव के समय से ही अनेक अवसर आए, जब कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों ने मोदी पर अशालीन एवं अभद्र टिप्पणियां की हैं लेकिन विपक्षी नेताओं ने अब सारी हदें लांघते हुए उन पर राजनीतिक छिद्रान्वेषण से हटकर व्यक्तिगत हमले करके, उनकी पृष्ठभूमि और उनके परिवार को लेकर अपमानजनक शब्द कह कर राजनीतिक मर्यादाओं का हनन किया है। लेकिन हर बार जनता ने इसका उत्तर मोदी के पक्ष में समर्थन देकर दिया। 2019 के आम चुनाव में भी जब अपशब्दों की बाढ़ आई, तो मोदी और भी सशक्त होकर सामने आए। जनता ने मानो यह संदेश दे दिया कि जो व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत गरिमा और पारिवारिक मर्यादा का स्वयं उत्तर नहीं देता, बल्कि मौन रहकर केवल अपने राष्ट्र विकास के कार्यों से जवाब देता है, वही उनकी सहानुभूति का अधिकारी है। यही कारण है कि मोदी पर गाली की हर चोट उनके समर्थन को और व्यापक बना देती है। मोदी को कोई भी गाली कभी भी कमजोर नही ंकर सकती। भारतीय मतदाता भावनाओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। वह केवल तर्क और आँकड़ों से प्रभावित नहीं होता, बल्कि उसके निर्णय में संवेदनाएँ और संस्कार भी बराबरी से भूमिका निभाते हैं। प्रधानमंत्री की माता जी पर की गई टिप्पणी ने इस संवेदनशीलता को झकझोर दिया है। भारतीय समाज के लिए माँ केवल परिवार की धुरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र की आत्मा का प्रतीक भी है। इसीलिए जब माँ पर आघात हुआ, तो जनता ने इसे मोदी के परिवार का नहीं बल्कि अपने परिवार का अपमान माना। यह भावनात्मक जुड़ाव विपक्ष की रणनीति को उल्टा कर देता है और मोदी के लिए जनसमर्थन का कारण बन जाता है। भारतीय राजनीति में स्तरहीन, हल्की और सस्ती बातें कहने का चलन काफी समय से है। लेकिन पिछले दो दशकों में यह वीभत्स रूप धारण कर चुका है। एक समय राम मनोहर लोहिया ने इंदिरा गांधी को केवल गूंगी गुड़िया कहा था तो काफी विवाद हुआ और बड़ी तादाद में लोगों ने लोहिया का विरोध किया। लेकिन आज कांग्रेस मोदी के खिलाफ काफी कुछ बोल चुकी हैं, कभी रावण तो कभी नीच, कातिल, शैतान, मौत का सौदागर जैसे शब्दों का खुलेआम इस्तेमाल किया है। जिसमें उनकी हताशा साफ झलकती है। कड़वे एवं गलत बयानी के मामले में कांग्रेसियों की तो लम्बी सूची है। चाहे सानिया हो या राहुल, चाहे वह अधीर रंजन हों या दिग्विजय सिंह या फिर संजय निरुपम, खडगे और प्रियंका गांधी। इन नेताओं ने बेहद हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे उनकी खीझ एवं बौखलाहट का पता चलता है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि मोदी और उनकी पार्टी ने ऐसे अमर्यादित शब्दों और टिप्पणियों को अपने लाभ के लिए इस्तेमाल किया। नरेन्द्र मोदी को चाय वाला कहकर उनका उपहास उड़ाने वाले विपक्षियों को तो उन्होंने अपने कार्यों और उपलब्धियों से आईना दिखा दिया। आज चाय वाला शब्द मेहनतकश लोगों के सम्मान का प्रतीक बन गया है। बिहार के चुनावी परिदृश्य पर इस घटना का गहरा असर पड़ना स्वाभाविक है। यहाँ की राजनीति पहले से ही जातीय समीकरणों, आर्थिक पिछड़ेपन और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों में उलझी हुई है। विपक्ष अपने लिए जगह बनाने के लिए संघर्षरत है, परंतु वह जनता को कोई ठोस और विश्वसनीय विकल्प देने में असफल रहा है। ऐसे में जब उसके नेता अभद्रता पर उतर आते हैं, तो जनता का विश्वास और भी कम हो जाता है। वह सोचने लगती है कि जिन नेताओं के पास शब्दों की गरिमा और तर्क का बल नहीं है, वे शासन और प्रशासन की मर्यादा कैसे संभालेंगे? इसीलिए बिहार की जनता ऐसी अभद्रता का समर्थन नहीं करेगी और इसका सीधा असर विपक्ष की चुनावी संभावनाओं पर पड़ेगा। यह भी एक गहन प्रश्न है कि विपक्ष आखिर किस हद तक गिरेगा? क्या लोकतंत्र अब केवल गाली-गलौज और व्यक्तिगत अपमान तक सीमित रह जाएगा? क्या राजनीति में विचारों और सिद्धांतों की जगह अब विकारों और अशालीनता ने ले ली है? यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। प्रधानमंत्री मोदी पर गाली-गलौज की हर घटना उनके व्यक्तित्व को और दृढ़ बनाती है। वे स्वयं बार-बार कहते रहे हैं कि उन्हें जितनी गालियाँ मिलेंगी, वे उतनी ही शक्ति से देश सेवा में लगेंगे। उनके इस धैर्य और संयम ने उन्हें जनता के बीच एक अलग पहचान दी है। जनता यह अनुभव करती है कि जो व्यक्ति व्यक्तिगत अपमान को भी सह लेता है, लेकिन जनता की सेवा से विचलित नहीं होता, वही सच्चा नेतृत्वकर्ता है। यही कारण है कि उनके विरोधियों की अभद्रता अंततः उन्हीं पर भारी पड़ती है। विपक्ष को यह समझना होगा कि लोकतंत्र में सफलता केवल आलोचना से नहीं मिलती, बल्कि वैकल्पिक नीतियों और रचनात्मक दृष्टि से मिलती है। केवल मोदी विरोध करना ही राजनीति का उद्देश्य नहीं हो सकता। जनता को चाहिए कि विपक्ष विकास की कोई ठोस योजना प्रस्तुत करे, रोजगार और शिक्षा की स्थिति सुधारने का मार्ग दिखाए, स्वास्थ्य और किसान समस्याओं पर गंभीरता से बात करे। यदि वे यह सब नहीं कर सकते और केवल गाली-गलौज की राजनीति करेंगे, तो उनका हश्र वही होगा जो बार-बार होता आया है। जनता उन्हें नकार देगी और उनके अपशब्द मोदी के लिए समर्थन की नई ऊर्जा बनेंगे। यदि विपक्ष अपनी भाषा और व्यवहार पर संयम नहीं रखेगा, तो न केवल उसकी साख गिरेगी बल्कि लोकतंत्र की प्रतिष्ठा भी आहत होगी। **–ललित गर्ग**

# पितृपक्षः पितरों के प्रति श्रद्धा और संस्कृति की अनन्त परंपरा

**राजेंद्र बहादुर सिंह**

भारत की सांस्कृतिक धारा इतनी विशाल और गहन है कि इसमें जीवन और मृत्यु दोनों के रहस्यों की गहन व्याख्या मिलती है। यहाँ केवल वर्तमान या भविष्य ही नहीं, बल्कि अतीत और स्मृति भी उतनी ही पवित्र स्थान रखती है। इन्हीं परंपराओं में से एक है पितृपक्ष, जिसे श्राद्ध पक्ष भी कहा जाता है। भाद्रपद पूर्णिमा से लेकर आश्विन अमावस्या तक चलने वाला यह कालखंड भारतीय समाज में विशेष महत्व रखता है। यह सिर्फ धार्मिक अनुष्ठानों का समय नहीं, बल्कि अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने, अपनी जड़ों को याद करने और पारिवारिक-सांस्कृतिक मूल्यों को संजोने का अवसर है। 'पितृपक्ष' अर्थात पितरों को समर्पित पक्ष। हिंदू परंपरा में यह विश्वास है कि इस पखवाड़े में हमारे पूर्वज धरती पर अपने वंशजों से मिलने और आशीर्वाद देने आते हैं। यह कालमान केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत संवेदनशील है। जिस तरह एक वृक्ष अपनी जड़ों से रस पाकर हरा-भरा रहता है, उसी प्रकार मनुष्य भी अपने पितरों की स्मृति और आशीष से शक्ति पाता है। इस दृष्टि से पितृपक्ष को भूतकाल और वर्तमान का सेतु कहा जा सकता है। पितृपक्ष में श्राद्ध करना अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। 'श्राद्ध' का शाब्दिक अर्थ है–श्रद्धा से किया गया कार्य। इसका उद्देश्य है–पूर्वजों को जल, अन्न और तिल अर्पित कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना। गरुड़ पुराण और महाभारत जैसे ग्रंथों में श्राद्ध और तर्पण का विस्तृत विवरण मिलता है। लोकविश्वास है कि इस दौरान किए गए तर्पण और दान से पितरों की आत्मा तृप्त होती है और वे वंशजों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। हिंदू दर्शन में जीवन और मृत्यु को एक निरंतर चक्र के रूप में देखा गया है। शरीर नश्वर है किंतु आत्मा अमर। पितृपक्ष इस सत्य की गहरी याद दिलाता है। जिस प्रकार देवताओं को यज्ञ में आह्वान किया जाता है, उसी प्रकार पितरों के लिए भी विशेष अनुष्ठान किए जाते हैं। गीता में भी कहा गया है कि ल्लपितृ यज्ञङ्क मनुष्य के पाँच महायज्ञों में से एक है। अर्थात पूर्वजों का संमार्ग स्मरण, केवल व्यक्तिगत आस्था का विषय नहीं बल्कि सामाजिक कर्तव्य भी है। यदि केवल धार्मिक रीति-रिवाज के परे देखा जाए, तो पितृपक्ष एक सांस्कृतिक अनुशासन है। यह वह काल है जब परिवार के सभी लोग एकत्र होकर अपने पूर्वजों की स्मृति में अनुष्ठान करते हैं। यह सामूहिकता, पारिवारिक एकता और पीढ़ियों के बीच जुड़े रहने की भावना को मजबूत करती है। आज के समय में जब परिवार बिखरते जा रहे हैं, बुज़ुर्गों के अनुभव को पर्याप्त महत्त्व नहीं मिल रहा और नई पीढ़ी तेजी से वैश्वीकरण की चकाचौंध में अपनी जड़ों से दूर हो रही है, तब पितृपक्ष हमें यह स्मरण कराता है कि हम केवल वर्तमान नहीं हैं, बल्कि पीढ़ियों की वह कड़ी हैं जिन्हें मिलाकर हमारी अस्मिता बनती है। भारत की परंपराएं कभी भी केवल आध्यात्मिकता तक सीमित नहीं रही हैं। इन अनुष्ठानों के माध्यम से पर्यावरणीय संतुलन और सामूहिक कल्याण का संदेश भी मिलता है। श्राद्ध के समय ब्राह्मण, गौ, कुत्ते, कौवे और अन्य प्राणियों को अन्न अर्पित करने की प्रथा है। यह केवल धार्मिक विधान नहीं, बल्कि प्रकृति और समाज के विभिन्न घटकों को 'परिवार' मानने की भावना है। कौए को पितरों का प्रतीक मानकर अन्न डालना दरअसल जैव विविधता और साझा जीवन के प्रति सम्मान का द्योतक है। आज का समाज तेजी से आधुनिकता और उपभोक्तावादी दृष्टिकोण की ओर अग्रसर है। परिणामस्वरूप परंपराओं को अंधविश्वास समझकर उपेक्षित किया जाने लगा है। लेकिन यह समझना आवश्यक है कि पितृपक्ष अंधविश्वास नहीं है, बल्कि आत्म-जागरूकता और स्मृति की परंपरा है। इसके माध्यम से हम अपने पूर्वजों से प्रेरणा लेने के साथ-साथ यह सीखते हैं कि परंपरा केवल अतीत की धरोहर नहीं बल्कि भविष्य का मार्गदर्शन भी है। वर्तमान समय में जब सामाजिक जीवन में तेजी से बदलाव हो रहा है। लोगों का अपने बुजुर्गों से संवाद घट रहा है और अकेलेपन की समस्या गहराती जा रही है। तब पितृपक्ष हमें सामूहिकता, पारिवारिकता और सांस्कृतिक आत्मीयता का महत्व याद दिलाता है।

## सेहत मंत्र

# सुबह एक ग्लास दूध पीने से दिनभर रहेगा आपका ब्लड शुगर कंट्रोलः शोध

ब्रेकफास्ट, ब्लड शुगर लेवल का प्रबंधन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि, अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन नहीं कर सकता है, ऐसे में टाइप-2 डायबिटीज वाले व्यक्ति को अपने ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने के लिए वैकल्पिक साधनों की तलाश करनी होगी। शोध के अनुसार कुछ आहार आपके शुगर लेवल को बढ़ाती हैं, जबकि, अगर एक नाश्ते को निश्चित किया जाए तो डायबिटीज मैनेजमेंट के लिए यह फायदेमंद होता है। एक नए अध्ययन के अनुसार उन खाद्य पदार्थों में से दूध एक है। जर्नल ऑफ़ डेयरी साइंस में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चलता है कि, नाश्ते में दूध का सेवन दिन भर ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मदद करता है। डगलस गोफ (पीएचडी) और यूनिवर्सिटी ऑफ़ टोरंटो के सहयोग से गुलेफ़ विश्वविद्यालय में ह्यूमन न्यूट्रास्युटिकल रिसर्च यूनिट के वैज्ञानिकों की टीम ने नाश्ते में उच्च प्रोटीन वाले दूध के सेवन के ब्लड शुगर लेवल पर होने वाले प्रभावों की जांच की। डॉ. गोफ के मुताबिक, मानव स्वास्थ्य में टाइप 2 डायबिटीज और मोटापे की प्रमुख चिंताओं के साथ वैश्विक स्तर पर मेटाबॉलिक डिजीज बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार, लोगों को अपने व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए मोटापा और मधुमेह के जोखिम में कमी और मधुमेह के प्रबंधन के लिए आहार रणनीति विकसित करना चाहिए। ब्लड शुगर लेवल के साथ बात यह है कि यह 200 मिलीग्राम/डीएल से ऊपर पहुंचने तक कोई लक्षण नहीं दिखाता है। मधुमेह वाले लोगों के लिए, यह महत्वपूर्ण है कि आप एक दिन में कई बार रक्त शर्करा के स्तर की जांच करते रहें। मधुमेह वाले लोगों के लिए होम ग्लूकोज मॉनिटर एक आवश्यक है। नियमित एक्सरसाइज इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार कर सकता है और आपको वजन कम करने में भी मदद कर सकता है।

## धर्म मंत्र

# भगवान श्री सत्यनारायण की पूजा, व्रत और कथा सुनने से पूरी होती हैं सभी मनोकामनाएं

भगवान श्री सत्यनारायण सभी इच्छाओं को पूर्ण करने वाले, सभी कष्टों को हरने वाले हैं। सच्चे मन से भगवान श्रीसत्यनारायण का व्रत करने, पूजा करने और कथा श्रवण से निश्चित ही लाभ मिलता है। यदि आप भी भगवान श्री सत्यनारायण का व्रत और पूजन करना चाहते हैं तो इसे कभी भी कर सकते हैं लेकिन यदि पूर्णिमा, संक्रांति या गुरुवार के दिन का चयन करते हैं तो यह सर्वश्रेष्ठ है। व्रत के दिन स्नानादि से निवृत्त होकर पूजागृह में आसन पर बैठकर श्रीगणेश, गौरी, वरुण, विष्णु आदि समस्त देवताओं का स्मरण कर पूजन करें और यह संकल्प करें कि मैं सदैव श्री सत्यनारायण की आराधना तथा कथा-श्रवण करूंगा। हाथों में पुष्प लेकर सत्यनारायण का ध्यान करें तथा पुष्प, धूप, नैवेद्य तथा यज्ञोपवीत अर्पित कर प्रार्थना करें हे भगवन! मैंने जल, पुष्प आदि समस्त सामग्री श्रद्धा व विश्वासपूर्वक आपके चरणों में अर्पित की है। इसे स्वीकार करें। आपको बारम्बार प्रणाम है। इसके बाद श्री सत्यनारायण देव की कथा पढ़ें या सुनें। केले का तना, आम के पत्ते, कलश, धूप, रोली, कपूर, दीपक, श्रीफल, पुष्पहार, गुलाब के फूल, पंचरत्न, पंचपल्लव, चावल, तुलसी के पत्ते, मौसम के फल, पंचामृत यानि दूध, घी, शहद, शक्कर और दही, नैवेद्य, कलावा, जनेऊ, अंगवस्त्र, वस्त्र और चौकी। पावन तीर्थस्थल नैमिषारण्य में एक बार एकत्र हुए आर्यावर्त के अट्ठासी हजार महर्षियों ने मुनिश्रेष्ठ श्री सूतजी से कहा कि हे मुनिश्रेष्ठ! कलियुग में मनुष्य वेद-विधान और धर्म-विरुद्ध आचरण करते हुए पापों की गठरी के बोझ तले दबता जा रहा है।

## पर्यटन



# चाय के बगानों के लिए मशहूर है भारत का स्कॉटलैंड कहा जाने वाला कूर्ग

शोर-शराबे से दूर कुदरत के करीब सुकून भरे पल बिताना चाहते हैं, तो कूर्ग आपके लिए बेस्ट डेस्टिनेशन है। कर्नाटक के इस छोटे से हिल स्टेशन की आबादी बहुत कम है। नेचुरल वॉटर फॉल्स, कॉफी और चाय के बागान और चारों तरफ फैली हरियाली इसे पर्यटकों का पसंदीदा पर्यटन स्थल बनाते हैं। कूर्ग कर्नाटक के दक्षिण पश्चिम भाग में पश्चिमी घाट के पास एक पहाड़ पर स्थित जिला है। प्राकृतिक सुंदरता की वजह से इस छोटे से हिल स्टेशन को भारत का स्कॉटलैंड और कर्नाटक का कश्मीर कहा जाता है। यहां प्राकृतिक सुंदरता निहारने के साथ ही आप आउटडोर एक्टिविटीज जैसे ट्रैकिंग, फिशिंग और वाइट वॉटर राफ्टिंग का भी मजा ले सकते हैं। तो अगली बार यदि आप कूर्ग जाने का प्लान बना रहे हैं, तो इन जगहों की सैर अवश्य करें। इस खूबसूरत तिब्बती मठ में आपको तिब्बती संस्कृति के साथ ही बुद्ध के जीवन की झलक दिखेगी। मठ की बनावट अंदर से बेहद सुंदर है और यह कूर्ग के सबसे आकर्षक स्थानों में से एक है। अब्बे का मतलब है झरना। कॉफी बागानों की बीच स्थित यह झरना बहुत ही सुंदर है। इसके आस-पास और भी कई पर्यटन स्थल है, इसलिए यहां हमेशा सैलानियों की भीड़ लगी रहती है। नागौरोले राष्ट्रीय उद्यान देश के सबसे प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों में से एक है। यहां कई तरह की वनस्पति और जीव हैं। जानवरों और पक्षियों की 270 से भी अधिक प्रजातियां यहां है। बारपोल नदी में आप व्हाइट वॉटर राफ्टिंग का मज़ा ले सकते हैं। रोमांच के शौकीनों के लिए यह बेहतरीन जगह है। नदी का सफ़ेद पानी और आसपास के सुंदर नज़ारे इसे कुर्ग के खूबसूरत स्थलों में से एक बनाते हैं। कूर्ग का सबसे ऊचा पर्वत शिखर, तडियामंडल, 1748 मीटर की ऊंचाई पर है। पहाड़ की चोटी से देखने पर कुदरत का शानदार नज़ारा दिखता है। मीठे पानी का यह झरना ब्रह्मगिरी पर्वत श्रृंखला में स्थित है। मॉनसून के समय यहां की खूबसूरती और निखर जाती है।

# कैश लेस चिकित्सा व्यवस्था शिक्षक समुदाय गदगद

## मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार, मंत्री सतीश मिले

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। प्राथमिक शिक्षक संघ बाराबंकी ने शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान किए जाने के निर्णय पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया है।संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि लंबे समय से शिक्षकों द्वारा इस व्यवस्था की मांग की जा रही थी, जिसे सरकार ने स्वीकार कर शिक्षकों के स्वास्थ्य हित में ऐतिहासिक कदम उठाया है।

इस अवसर पर संघ ने प्रदेश सरकार के खाद एवं रसद मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा के प्रति भी आभार जताया।उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं को सरकार तक पहुँचाने और कैशलेस व्यवस्था लागू कराने में विशेष भूमिका निभाई है।संघ के जिला मंत्री ने कहा कि इस निर्णय से प्रदेश के लाखों शिक्षकों व उनके परिवारजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ समय पर प्राप्त होंगी।संघ ने आशा व्यक्त की है कि सरकार इसी प्रकार शिक्षकों के हित में अन्य जनपयोगी निर्णय भी शीघ्र लेगी धन्यवाद ज्ञापित करने में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला मंत्री श्री उमानाथ मिश्रा जी एवं संयुक्त मंत्री श्री सुनील त्रिपाठी जी की अगवाई में माननीय मंत्री जी को सभी शिक्षकों की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया गया धन्यवाद कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष सिरौली गौसपुर दिलीप तिवारी ब्लॉक कोषाध्यक्ष श्री अनूप अवस्थी केदार नाथ अंबरीश यादव अंकित कुमार आनंद शुक्ला राजकुमार जिला प्रचार मंत्री आशुतोष मिश्र आदि शिक्षक उपस्थित रहें।

# इलेक्ट्रॉनिक दुकान का ताला तोड़कर चोरी, हजारों का सामान पार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर बाराबंकी कोठी थाना क्षेत्र के उस्मानपुर चौराहे पर बीती रात चोरों ने एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान को निशाना बनाया। चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर अंदर रखा हजारों का सामान और नगद रकम उड़ा ली। भवानी बस पुरवा निवासी नंदन वर्मा उसमानपुर चौराहे पर इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाते हैं। रोज की तरह उन्होंने सोमवार शाम दुकान बंद कर घर चले गए थे। मंगलवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि शटर के ताले टूटे पड़े हैं। अंदर जाकर देखा तो दो बड़ी बैटरियां, दो पैनल, पांच बंडल तार और करीब 500 नगद गायब थे।

पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी और कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि शिकायत दर्ज कर ली गई है, जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बीडीसी ने की विधायक से सड़क निर्माण की मांग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विकास खंड निंदूरा की ग्राम पंचायत बसारा के जुम्मनपुरवा के स्थानीय ग्रामीणों व आने जाने वालों की दुश्वारियां के दृष्टिगत क्षेत्रीय बीडीसी आनंद ने कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराते हुए मार्ग निर्माण हेतु अपील की है।

क्षेत्र पंचायत सदस्य आनंद ने विधायक से अनुरोध किया है कि लगभग 200 मीटर लंबे इस संपर्क मार्ग पर आरसीसी या इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में सहूलियत हो सके। ग्रामीणों ने भी उम्मीद जताई है कि उनकी इस लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा।

गौरतलब हो कि करीब दो वर्ष पूर्व जलजीवन मिशन के तहत बीच रास्ते में खोदकर पाइप लाइन डाली गई थी तबसे हालत और भी ज्यादा खराब हो गई।

# पुण्यतिथि पर गोप ने दी पूर्व विधायक को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।विधानसभा दरियाबाद के पूर्व विधायक खाटी समाजवादी स्वर्गीय राधेश्याम वर्मा की 15वीं पुण्यतिथि पर पूर्व प्रमुख संतोष वर्मा द्वारा सफदरगंज स्थित आर.पी.बी.पी. मेमोरियल इंटर कॉलेज में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मंत्री समाजवादी पार्टी के सचिव अरविंद सिंह गोप सम्मिलित हुए और स्व. श्री वर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने आगे कहा कि स्वर्गीय राधेश्याम वर्मा जी ने जीवन भर सिद्धांतों से समझौता नहीं किया हर परिस्थिति में संगठन की मजबूती और जनता की भलाई के लिए संघर्ष करते हुए जीवन व्यतीत किया।उनके कार्यों विचारों संघर्ष सदैव हमेशा प्रेरणा मिलती है कि गलत के खिलाफ सीना तान कर खड़े होना ही हर समाजवादी जन सेवक का प्रथम कर्तव्य होता हैं।




जैसा कि आज के इस दौर में हम सबके नेता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव देश और प्रदेश की जनता की भलाई के लिए इस जालिम जुल्मी सरकार के खिलाफ डट कर खड़े हैं और हर जुल्म के खिलाफ लड़ते हुए प्रदेश की जनता को सुख समृद्धि पर लाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।

श्रद्धांजलि सभा में पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा व सदर विधायक धर्मराज सिंह को सुरेश यादव सम्मिलित हुए और पुष्पांजलि अर्पित की।

## कोठी सीएचसी में इलाज का जिम्मा प्राइवेट लोगों के हवाले

सिद्धौर बाराबंकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी में मरीजों का इलाज भगवान भरोसे चल रहा है। यहां जिम्मेदारों की लापरवाही ऐसी है कि इलाज से लेकर दवा देने तक का काम अनट्रेंड प्राइवेट लोगों से कराया जा रहा है। जो किसी भी समय अस्पताल में देखा जा सकता है।

इमरजेंसी वार्ड में ग्लूकोज चढ़ाना हो, इंजेक्शन लगाना बीपी चेक करना रजिस्टर में मरीजों का नाम दर्ज करना हो या दवा वितरण–सब कुछ प्राइवेट कर्मचारी संभाल रहे हैं। मरीजों और तीमारदारों का आरोप है कि ये लोग अक्सर अभद्रता भी करते हैं। रात के समय मे इमरजेंसी में प्राइवेट स्टाफ पर ही मरीजों को निर्भर रहना पड़ता है। नतीजा यह होता है कि मरीजों को सही देखभाल और सुविधा नहीं मिल पाती।

सबसे बड़ी लापरवाही यह है कि अस्पताल में अब तक सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगाए गए हैं। ऐसे में पारदर्शिता और सुरक्षा दोनों सवालों के घेरे में हैं।


अधीक्षक डॉ. संजीव सिंह का कहना है कि स्टाफ की कमी के कारण प्राइवेट लोगों से काम लेना पड़ रहा है और सीसीटीवी कैमरे अब तक नहीं लगाए जा सके हैं।

## पूर्व मंत्री ने किया दंगल का शुभांरभ



निन्दूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड के ओदार ग्राम पंचायत स्थित माता बजरा भवानी मंदिर परिसर में आयोजित एक दिवसीय दंगल का शुभांरभ पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा ने पहलवानों को माला पहना कर किया। श्री वर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं की प्रतिभा निखरती है। आगे चलकर यही युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेलों में देश का नेतृत्व कर राष्ट्र का नाम रौशन करते हैं।कुश्ती की शुरुआत राजकुमार लखनऊ व मनोज गोरखपुर बीच हुई। मनोज ने लखनऊ के पहलवान को चित किया।दूसरी कुश्ती कमांडो लखनऊ और वकार लोहरा हार के बीच हुई ,जिसमें कमांडो ने वकार को पटकनी देकर पुरस्कार प्राप्त किया। तीसरी कुश्ती अर्जुन यादव , विनय बाराबंकी के बीच हुई जिसमें अर्जुन ने जीत हासिल की। सभी जीते हुए पहलवानों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा, ग्राम प्रधान चंद्रशेखर यादव , सुनील यादव,सुरेश यादव,राजू यादव व हजारों दर्शक उपस्थित रहे।

## 110 वर्षीय दुल्ली निषाद नहीं रहे



रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गणेशपुर क्षेत्र के ग्राम रेलीबाजार मजरे लोहटी जई निवासी 110 वर्षीय दुलीचंद निषाद उर्फ़ नेता का रविवार को निधन हो गया।वर्ष 1915 में जन्मे दुलीचंद कभी पंडित जवाहरलाल नेहरू के चुनाव प्रचार में शामिल हुए थे। सरल व मिलनसार स्वभाव होने के कारण वे ग्रामीणों में काफी लोकप्रिय थे।110 वर्ष की उम्र में भी उनका स्वास्थ्य बेहतर था वे अच्छी तैराकी की नियमित दिनचर्या के लिए जाने जाते थे।ग्रामीणों ने इसे ग्राम्य समाज की भारी क्षति बताया।नेता दुलीचंद आजादी से पूर्व देश की तमाम कहानियों के साथ अंतहीन यात्रा पर प्रयाण कर गए।

## 4 दिवसीय मेले मे बनी शांति व्यवस्था

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जश्ने ईद मिलादुन्नबी एव चेहल्लुम को लेकर कस्बा सहाबपुर मे चल रहे 4 दिवसीय मेले मे शांति व्यवस्था बनी रहे जिसको लेकर देर रात्रि क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंथ एव प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने मेला परिसर का भ्रमण किया इस दौरान ग्राम प्रधान अनीस अफजाल अंसारी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। बताते चले कि मुस्लिम बाहुल्य ग्राम पंचायत सहाबपुर मे बारह रबी उल अव्वल के मौक़ेपर हजरत इमाम हुसैन की सहादत की याद मे चेहुलुम मनाया जाता है जो विगत 4 दिनों तक मेला चलता है। शनिवार को देर शाम कस्बा शहाबपुर में चल रहे चार दिवसीय मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंथ एव प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने मेला भ्रमण कर दुकानदारों से मिलकर शांति व्यवस्था व सुरक्षा के लिए आश्वस्त किया। प्रधान प्रतिनिधि हाजी अनीस अफज़ाल अंसारी ने प्रशासनिक अधिकारियों का मेला सुरक्षा व्यवस्था के चलते पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर शदाब अंसारी,रेहान अंसारी,फैसल अंसारी,मो हमजा,सुभम सिंह, प्रवीण वर्मा, आदि भ्रमण में मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक ने किया नागलीला का शुभारंभ,काटा फीता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदोसराय के नागलीला मेला मैदान में आयोजित पांच दिवसीय श्री कृष्ण नाग लीला महोत्सव के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण और कंस के बीच युद्ध का मंचन किया गया। कार्यक्रम मे सैंकडों लोग शामिल हुए। जिले का यह इकलौता महोत्सव है जो भाद्रपद की पूर्णिमा को आयोजित किया जाता है। रविवार को मेले का उद्घाटन पूर्व विधायक शरद अवस्थी द्वारा पिता काटकर किया गया । इस दौरान पूर्व विधायक ने सभी बाल कलाकारों का माला पहनाकर स्वागत किया । इस महोत्सव में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर युद्ध तक का मंचन किया जाता है । जिसमें सभी राक्षस भगवान कृष्ण के द्वारा मारे जाते हैं इसके बाद अंत में शाम 6 बजे कृष्ण और कंस के बीच भीषण युद्ध होता है। दोनों के बीच युद्ध के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध किया। इसके बाद मैदान में रखा 22 फीट ऊंचा कंस का पुतला दूदू कर जल उठा ।पूरा मैदान जय श्री कृष्ण और राधे राधे के जयकारों से गूंजायमान हो उठा। पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने भगवान कृष्ण और बलराम की आरती उतार कर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। आयोजन समिति ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया।कार्यक्रम में कृष्ण द्वारा गोवर्धन पूजन और गोपियों के साथ रासलीला का मंचन स्थानीय कलाकारों ने किया।

# जीव की मुक्ति ईश्वर भक्ति से ही संभव : कथा व्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। भक्ति में बड़ी शक्ति होती है। भक्ति अमूल्य निधि है, जिसमें भक्त और भगवान एक दूसरे के करीब आ जाते हैं। इसके बिना ईश्वर को प्राप्त नहीं किया जा सकता।

उक्त विचार बुधवार को ग्राम सिसवारा स्थित दिगम्बर नाथ मंदिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा अमृत वर्षा में कथा वाचक रामहेतु यादव ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भक्ति के भवसागर में गोते लगाकर भक्त को असीम सुख की अनुभूति होती है और ईश्वर की भक्ति से ही जीव को मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि जब तक भक्त के अंतर्मन एवं विचार में सच्ची श्रद्धा नहीं होगी, तब तक प्रभु की कृपा प्राप्त नहीं हो सकती। भक्ति ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण भाव है। मनुष्य की प्रभु के प्रति जैसी श्रद्धा होती है, उसी के अनुसार भक्त को प्रभु की कृपा प्राप्त होती है। इस मौके पर श्रीमद भागवत कथा के आयोजक पूर्व प्रधान ओमकार यादव (कन्हैया जी), रामलाल यादव,लल्लू वर्मा, गोकुल वर्मा, ओमप्रकाश, भानुप्रताप, मनोज, प्रदीप कुमार यादव, ज्ञान सिंह, रोहित, अजय, अमरेश, इन्द्रसेन, राकेश, अवधेश लाइनमैन आदि लोग मौजूद रहे। ? प्राण आहुति के साथ कथा का समापन ?

दिगम्बरनाथ मंदिर सिसवारा में चल रही भागवत कथा का समापन रविवार को हवन यज्ञ और भंडारे के साथ किया गया। कथास्थल पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। कथावाचक रामहेतु यादव ने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं। हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान का लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। अन्त मे भगवान राम लक्ष्मण सुपर्णाखा के चरित्र का वर्णन किया। भंडारे मे भाजपा नेता अमित वर्मा, प्रवीण मिश्रा, प्रधान उमाकांत वर्मा , गजेंदरनाथ वर्मा, पुजारी शिवकुमार वर्मा प्रधान बांसा रामसिंह यादव, प्रधान धरौली उमाकांत राव, अनिल वर्मा आदि लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।

## हाथी घोड़ा पालकी कन्हैया लाल के जयकारों से गूंजा वातावरण

मसौली बाराबंकी। भादों मास के रविवार को विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कस्बा बांसा में बद्रीदास बाबा कुटी से कन्हैया डोल भव्य शोभायात्रा भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकली। शौभायात्रा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के भक्तों द्वारा जय कन्हैया लाल की हाथी घोडा पालकी के उदघोष करते हुए चल रहे थे। कन्हैया डोल निर्धारित मार्गो से घूमता हुआ देर शाम कुटी पर वापस जा कर समाप्त हुआ। बताते चले कि जन्माष्टमी के बाद ग्राम बांसा में में रोड पर स्थित बाबा से हर वर्ष भादो के अंतिम रविवार को कन्हैया डोल निकाला जाता हैं। आज रविवार को सैकड़ो भक्तो ने डीजे की धुन पर मनमोहक झांकियो के बीच कन्हैया डोल निकाला गया। जो गांव के निर्धारित मार्गो से घूमता हुआ देर शाम बाबा कुटी पर आकर समाप्त हुआ। कन्हैया डोल के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के भक्तों द्वारा जय कन्हैया लाल की हाथी घोडा पालकी के उदघोष करते चल रहे थे। इस दौरान भक्तो द्वारा जगह जगह प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामसिंह यादव, डॉ0 प्रेम प्रकाश वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, अनिल कुमार वर्मा, मन्नू राजपूत, पवन विश्वकर्मा, हुकुम सिंह यादव, मंशु राम चौहान, अमर सिंह वर्मा, राजेंद्र रावत, कमल रावत, रोहित रावत, नंद राम, संतोष रावत, पिंटू रावत, संजय यादव, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय श्रद्धा संवर्धन एवं युवा सम्मेलन संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी। शिक्षक दिवस के अवसर पर आदर्श इंटर कॉलेज और वेद माता विद्यालय उस्मानपुर में शुक्रवार से तीन दिवसीय श्रद्धा संवर्धन एवं युवा सम्मेलन की शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ और गायत्री प्रज्ञापीठ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा और प्रबंधक ज्ञान शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर जिला और ब्लॉक स्तर से आए गायत्री परिवार के सदस्यों ने शिक्षक दिवस के महत्व, गुरु-शिष्य परंपरा और उसके निर्वहन पर अपने विचार साझा किए। श्री शर्मा ने बताया कि गुरु द्वारा दिए गए ज्ञान से जीवन की कठिनाइयों को पार कर लक्ष्य को आसानी से हासिल किया जा सकता है। सम्मेलन में राम निवास पाल और सत्य प्रकाश श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे। गायत्री शक्तिपीठ



बाराबंकी से आए परिजनों ने भी युवाओं को जीवन मूल्यों और सकारात्मक सोच पर प्रेरक संदेश दिए। विद्यालय प्रबंधक ज्ञान शर्मा ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। संगीत टोली ने गीत-संगीत के जरिए गुरु पर्व को और भी खास बना दिया। इस दौरान आदर्श इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल राम बहादुर, वाइस प्रिंसिपल ज्ञान शर्मा, जितेंद्र कुमार शर्मा, वेद माता विद्यालय के प्रिंसिपल दिलीप कुमार वर्मा समेत दोनों विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## शिक्षका सम्मानित लक्ष्मी ने बढ़ाया जिले का मान

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राज्य अध्यापक पुरस्कार 2024 में चयनित शिक्षिका लक्ष्मी सिंह ने बाराबंकी को गौरवान्वित किया। परिषदीय विद्यालयों में ऐसे भी शिक्षक हैं जिन्होंने अपने अथक प्रयास से विद्यालय की तस्वीर बदल दी किसी की लकीर को छोटा करके नहीं बल्कि लंबी लकीर खींचकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।जो बेसिक शिक्षा में मिल का पत्थर साबित हो रहा है कंपोजिट विद्यालय मनेरा की शिक्षिका लक्ष्मी सिंह ने सहायक अध्यापक के रूप में 10 फरवरी 2009 को प्राथमिक विद्यालय खुटौली मे सहायक अध्यापक के रूप में दायित्व संभाला था।

## नातिया मुशायरा में जुटे नामचीन शायर पैगंबर इस्लाम इंसानियत का बखान

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा टिकैतगंज में शनिवार रात अवाम के ज़ेरे–ए–एहतमाम जलसा–ए–सीरतुन्नबी एवंआल इंडिया नातिया मुशायरा में देश के नामचीन शायरों और उलमा–ए– इकराम ने कलाम पेश किए।
कार्यक्रम के दौरान पैग़म्बर–ए–इस्लाम की सीरत व पयाम–ए–इंसानियत पर पुरजोर रोशनी डाली। तथा नात–ए–पाक पेश की गईं। जलसे की निजामत सलमान शकील साहब ने की। मुशायरे का संचालन मुफ्ती सुफियान हैदर (रांची) ने किया।
इस मौके पर विशेष मेहमान के रूप में श्रीकांत मिश्रा, रमाकांत बाजपेई, मो. फैसल ग्राम प्रधान और अनुज सम्राट मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोक सम्मिलित हुए।

## 11 सितंबर से विष्णु महायज्ञ का शुभारम्भ

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड निंदूरा के बगहानी क्षेत्र के जानी नगर स्थित ब्रह्मदेव बाबा स्थान पर भव्य सत्संग समारोह एवं छप्पनवां 51 कुंड विष्णु महायज्ञ का 11 सितंबर से शुभारंभ होगा। आयोजन समिति ने बताया कि कलश यात्रा 11 सितंबर को प्रातः 11 बजे से निकलेगी। 12 सितंबर से 16 सितंबर तक प्रतिदिन कथा का आयोजन होगा। कथा दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक तथा रात्रि आठ बजे से 11 बजे तक स्वामी दारिका नन्द जी महाराज (नैमिष धाम) ज्ञान गंगा प्रवाहित करेंगे। 6सितंबर को कन्या भोज एवं विशाल भंडारे के साथ महायज्ञ संपूर्ण होगा।

## धूमधाम से निकली कन्हैया की शोभायात्रा

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा टिकैतगंज के कुंडवा चौराहे स्थित महाकालेश्वर मंदिर से रविवार को धूमधाम के साथ कृष्ण डोल शोभा यात्रा निकली। डोल यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर जुम्मनपुरवा होते हुए कस्बे के अंदर से होकर गुजरी। श्रद्धालु ''हाथी घोड़ा पाल की, जय कन्हैया लाल की'' के जयकारों से वातावरण गूंजायमान हुआ। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हुए।धार्मिक अवसर में रमाकांत बाजपेई, जयप्रकाश, जसोदा नंदन,राजन यादव, सुनील यादव, अंकित यादव, अरुण यादव (लल्ला), हिमांशु दास, विशाल दास,शिवदयाल दास, जय प्रकाश सिंह, मुन्ना समेत क्षेत्रीय श्रद्धालु भक्तगण सम्मिलित हुए।

## बेलहरा में अक़ीदत से निकला मदहे सहाबा का जुलूस

बेलहरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पैग़म्बरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब की यौम ए पैदाइश की ख़ुशी के मौके पर बेलहरा कस्बे में जुलूस ए मदहे सहाबा अक़ीदत और उल्लास के साथ निकला। जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम था। शनिवार को कस्बा बेलहरा में अंजुमन मीलाद कमेटी के तत्वावधान में जुलूस ए–मदहे साहब अक़ीदत और धूमधाम से निकाला गया। जिसमें कस्बा सहित अन्य स्थानों की करीब तीन दर्जन से अधिक अंजुमनों ने शिरकत कर सहाबा की शान में नातिया कलाम पेश किया। लच्छीपुर चौराहे से शुरू होकर यह जुलूस मुख्य मार्ग पर गुज़रते हुए देर रात किले के पास पहुंचा जहां पर समाजसेवियों द्वारा लगाए गए स्टालों पर सभी अंजुमनों का कलाम सुनने के बाद पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। जुलूस से पूर्व स्थानीय ईदगाह से एक विशाल रैली निकाली गई,जिसमें हजारो की संख्या में शामिल लोग हाथों में तिरंगा और इस्लामी झंडा लेकर सरकार की आमद मरहबा.. आक़ा की आमद मरहबा के नारे लगा रहे थे। रैली का जगह जगह जलपान से स्वागत किया गया। यह रैली अपने निर्धारित रास्तों मैन बाजार,बाबा साहब,भटुवामऊ होकर सौरंगा में देर शाम समाप्त हुई।सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत एसडीएम कार्तिकेय सिंह,सी.ओ जगत राम कनौजिया,थानाध्यक्ष आशुतोष मिश्र,चौकी प्रभारी अरविंद पटेल पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# भारत और पाकिस्तान के अभ्यास सत्र से एशिया कप के लिए बेताबी बढ़ी

एजेंसी



दुबई। शाम सात बजे के कुछ ही देर बाद, आईसीसी अकादमी में सभी की निगाहें पाकिस्तान टीम के नेट एरिया पर टिक गईं। वे रविवार को शारजाह में अफ़ग़ानिस्तान के ख़िलाफ होने वाले त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल से पहले अपने अंतिम प्रशिक्षण सत्र के लिए पहुंचे थे। क्या भारत के साथ कोई क्रॉस-ओवर होगा, जो पहले से ही अपनी तैयारियों में व्यस्त था? क्या खिलाड़ी एक-दूसरे का अभिवादन करेंगे या दूरी बनाए रखेंगे? जो लोग इस पल को फिल्माने लायक होने की उम्मीद कर रहे थे, वे निराश हो गए क्योंकि दोनों टीमें अपनी-अपनी दिनचर्या में डटी रहीं। भारत का सत्र लगभग तीन घंटे तक चला, जिसमें उनके प्रत्येक विशेषज्ञ बल्लेबाज ने मैदान पर एक घंटे से अधिक समय बिताया, उसके बाद ऑलराउंडरों ने पैड पहनकर गेंद को सभी कोनों में मारा, जिससे यह नेट सत्र की तुलना में अधिक रेंज-हिटिंग साबित हुआ, जिसका उद्देश्य खिलाड़ियों को टच पाने में मदद करना था।

पाकिस्तान ने नेट एरिया में एक शांत कोने में किसी की नजरों से दूर बल्लेबाजी की। उन्होंने ऐसी सतहों पर तैयारी की जो टर्न और असमान उछाल दे रही थीं, शायद टीम रविवार को राशिद खान, एएम गजनफर और नूर अहमद के ख़िलाफ़ होने वाली चुनौतियों की तैयारियों में थी। नेट से दूर, शाहीन शाह अफरीदी ने कुछ कैच लिए और हल्का वार्म-अप किया, जबकि हारिस रऊफ ने दौड़ लगाई। आईसीसी अकादमी में विभिन्न प्रकार की पिचें हैं, लगभग 40 पिचें जिनमें से अधिकांश एशियाई हैं, लेकिन कुछ ऐसी भी हैं जो वाका, गाबा जैसी उछाल वाली परिस्थितियों की तरह हैं और कुछ स्विंग और सीम प्रदान करती हैं, जिनका पिछले कुछ दिनों में 60 से अधिक खिलाड़ियों ने अच्छा उपयोग किया, जिनमें ओमान और हांगकांग के खिलाड़ी भी शामिल हैं। शनिवार को जब प्रशिक्षण समाप्त हुआ, तब आयोजकों ने राहत की सांस ली। पाकिस्तान को रविवार को एक मैच खेलना था और भारत ने विश्राम का दिन घोषित कर दिया था। शाम की शुरुआत भारत द्वारा 20, 40 और 60 मीटर की दूरी पर कोन्स के साथ ब्रोंको ड्रिल के साथ हुई। टीम पांच-पांच के तीन समूहों में बंट गई। ट्रेनर एड्रियन ले रॉक्स ने निर्देश दिए, सितांशु कोटक ने स्कोर बनाए रखा, जबकि मुख्य कोच गौतम गंभीर चीयरलीडर बने। यह अभ्यास परिणामों के बारे में नहीं था, बल्कि मैच के दिन की परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाने के बारे में था, अगर भारत हीट में पहले क्षेत्ररक्षण करता है।

# विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष कम्पाउंड टीम ने रचा इतिहास, पहली बार स्वर्ण पदक

एजेंसी




नई दिल्ली। भारतीय पुरुष कम्पाउंड तीरंदाजी टीम ने इतिहास रच दिया है। भारतीय टीम ने कोरिया के ग्वांगझू में खेले जा रहे विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025 में रविवार को कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में फ्रांस को हराकर पहली बार स्वर्ण पदक जीता। ऋषभ यादव, अमन सैनी और प्रथमेश फुगे की भारतीय टीम ने फाइनल में हर पल संयम बनाए रखा और शानदार प्रदर्शन किया। कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा के फाइनल में भारतीय टीम पहले सेट में अपने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वियों निकोलस गिरार्ड, जीन फिलिप बौल्च और फ्रांस्वा डुबोइस से 59-57 से पिछड़ गयी। हालांकि इसके बाद दूसरे सेट में भारतीय खिलाड़ियों ने वापसी करते हुए 60-58 के अंतर से जीतते हुए स्कोर बराबर (117-177) कर दिया। तीसरे सेट में दोनों टीमों की ओर से स्कोर बराबर रहा। अंत में चौथे सेट में भारतीय टीम ने 59 का स्कोर बनाया, जबकि फ्रांस की टीम 57 अंक ही बना पायी। इस तरह भारतीय टीम ने दो अंक की बढ़त हासिल करते हुए फ्रांस को 235-233 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव की भारतीय मिश्रित जोड़ी ने कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। भारतीय तिरंदाजी जोड़ी नीदरलैंड के माइक श्लोएसर और सान्ने डे लाट के खिलाफ रोमांचक फाइनल में 155-157 से हार गई। पहले सेट में भारतीय खिलाड़ियों ने 39-38 की बढ़त बनाई, लेकिन इसके बाद के सेटों में वह पिछड़ गए, जिससे टीम फाइनल में हार गई। भारतीय टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

# इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ टी-20 मैच के लिए सैम करेन को किया टीम में शामिल, बेन डकेट को आराम

एजेंसी

लंदन। इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ होने वाले अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच के लिए ऑलराउंडर सैम करेन को टीम में शामिल किया है, जबकि सभी प्रारूपों के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट को आराम दिया गया है।

ब्रेंडन मैकुलम की कप्तानी में इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम में पहली बार करेन की वापसी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक और एकदिवसीय सीरीज हारने के बाद हुई है। चयनकर्ताओं ने करेन को उनके कौशल के आधार पर टीम में वापस बुलाया है। उन्होंने मौजूदा टी-20 ब्लास्ट के 15 मैचों में 365 रन और 21 विकेट लिए हैं और इससे पहले, द हंड्रेड में ओवल इनविंसिबल्स के खिताबी अभियान में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने नौ मैचों में 238 रन और 12 विकेट लिए थे। करेन ने आखिरी बार नवंबर 2024 में वेस्टइंडीज दौरे पर राष्ट्रीय टीम के लिए खेला था। चयनकर्ताओं को उम्मीद है कि वह इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती प्रदान करेंगे। चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड के न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले डकेट को आराम देने का भी फैसला किया है। 30 वर्षीय डकेट ने भारत के खिलाफ ड्रॉ हुई पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 462 रन बनाए थे, लेकिन उसके बाद से उनकी फॉर्म खराब चल रही है और वे पिछली 10 पारियों में सिर्फ एक बार 20 का आंकड़ा पार कर पाए हैं (द हंड्रेड में आठ और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय में दो रन बनाये है)। इसके अलावा इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को भी आयरलैंड के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय टी-20 से हटा दिया है ताकि उन्हें काउंटी चैंपियनशिप खेलने और एशेज टीम में चयन के लिए दबाव बनाने का मौका मिल सके। इस महीने की शुरुआत में जेमी ओवरटन के लाल गेंद वाले क्रिकेट को छोड़ने के फैसले के बाद, इस प्रमुख शीतकालीन दौरे में उनके लिए जगह पक्की हो सकती है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इंग्लैंड की टी-20 टीम प्रकार हैः- हैरी ब्रुक (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्स, सैम करेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, जेमी स्मिथ और ल्यूक वुड।

# मेरा एक ही लक्ष्य है और वो है भारत के लिए खेलना : निशांत सिंधु

एजेंसी



बेंगलुरु। दलीप ट्रॉफी सेमीफ़ाइनल में अपने हरफनमौला खेल से नॉर्थ ज़ोन के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले हरियाणा के युवा ऑलराउंडर और अंडर-19 विश्व कप विजेता खिलाड़ी निशांत सिंधु ने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य भारत के लिए खेलना है और इसके लिए वह कदम दर कदम बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। साउथ ज़ोन के ख़िलाफ़ पहली पारी में बाएं हाथ के स्पिनर सिंधु ने पंजा निकालते हुए बड़े स्कोर की ओर बढ़ रहे साउथ ज़ोन की पारी को 536 पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद बल्लेबाज़ी में जब नॉर्थ ज़ोन की पारी लड़खड़ाई तो सिंधु बल्ले के साथ टीम के लिए संकटमोचक बन गए। हालांकि सिंधु ने कहा कि वह बल्लेबाज़ी में और बेहतर कर सकते थे। सिंधु ने तीसरे दिन के खेल की समाप्ति के बाद ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा,''गेंदबाज़ी के दौरान मैं यही सोच रहा था कि कितना जल्दी हम उन्हें आउट कर सकें क्योंकि विकेट काफ़ी अच्छा था तो रन उन्होंने एक्स्ट्रा बनाए लेकिन बल्लेबाजी के समय मैं बस यही सोच रहा था कि अंत तक खेलूं और टीम को और बेहतर स्थिति में ले जाऊं लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण रूप से मैं नहीं कर पाया तो अब कल देखते हैं कि कैसा रहता है। तीसरे दिन सिंधु जब बल्लेबाज़ी के लिए आए तब नॉर्थ ज़ोन ने गुरजपनीत सिंह के दोहरे झटकों की बदौलत 101 के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद उन्होंने शतकवीर शुभम खजुरिया (128*) के साथ 171 रनों की साझेदारी कर नॉर्थ ज़ोन को बेहतर स्थिति में पहुंचाने का प्रयास किया। हालांकि सिंधु 82 के निजी स्कोर पर गुरजपनीत का तीसरा शिकार बने और दिन के खेल की समाप्ति तक नॉर्थ ज़ोन ने 278 के स्कोर पर पांच विकेट गंवा दिए थे। 21 वर्षीय सिंधु ने अब तक 29 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं और उन्होंने इस दौरान छह शतक और छह अर्धशतक जड़ते हुए 78.38 की औसत से 1823 रन बनाए हैं। गेंद के साथ वह तीन बार पारी में पंजा और एक बार मैच में 10 विकेट हॉल के साथ कुल 64 विकेट निकाल चुके हैं। उन्होंने अपने खेल पर बात करते हुए कहा कि अभ्यास के दौरान उनका प्रयास यही रहता है कि वह अपने खेल के हर पहलू पर काम करें। सिंधु ने साउथ ज़ोन के ख़िलाफ़ पंजा निकालने के साथ ही एन जगदीशन (197) को भी रन आउट किया था। सिंधु ने कहा, ''हर मैच में यही कोशिश करता हूं कि टीम के लिए बल्लेबाज़ी, गेंदबाज़ी और फ़ील्डिंग में अपना 100 फ़ीसदी दूं, मैं सामान्यतः अभ्यास में कुछ अलग नहीं करता बस मैं जिन पहलुओं पर कमज़ोर हूं उन्हें ठीक करने की कोशिश करता हूं। सिंधु 2022 अंडर-19 वर्ल्ड कप की विजेता भारतीय टीम का हिस्सा थे। इसके बाद सिंधु को आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने 60 लाख रुपए में ख़रीद लिया। सीएसके के साथ दो सीजन बिताने वाले सिंधु को खेलने का मौक़ा नहीं मिला जिसके बाद 2025 के सीजन से पहले गुजरात टाइटंस (जीटी) ने उन्हें 30 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ लिया।

# क्लासिक लीजेंड्स के संस्थापकों ने कहा, जीएसटी कटौती के बाद फिर चमक बिखेरेंगी येज्दी, जावा बाइक

एजेंसी

नयी दिल्ली। क्लासिक लीजेंड्स के सह-संस्थापकों का मानना है कि जीएसटी सुधारों से चर्चित मोटरसाइकिल ब्रांड येज्दी और जावा अपनी वापसी की राह पर ''किसी और ब्रांड से ज्यादा बेहतर तरीके से अपनी चमक बिखेरेंगें। ये ब्रांड 90 के दशक के मध्य में नीतिगत बदलाव के कारण बाजार से गायब हो गए थे। क्लासिक लीजेंड्स के प्रबंध निदेशक और सह-संस्थापक अनुपम थरेजा और सह-संस्थापक बोमन ईरानी ने एक संयुक्त साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा को बताया कि 350 सीसी तक के दोपहिया वाहन पर 28 प्रतिशत के बजाय 18 प्रतिशत की संशोधित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संरचना की नई दर लागू होने के बाद दोनों ब्रांड की बाइक की कीमत दो लाख रुपये से कम हो जाएगी। इस कटौती का पूरा लाभ कंपनी ग्राहकों को देगी। वर्तमान में, दोनों ब्रांड के विभिन्न मॉडल की कीमत 1.72 लाख रुपये से 2.35 लाख रुपये के बीच है। दूसरी ओर, 350 सीसी से ज़्यादा क्षमता वाली मोटरसाइकिल पर 31 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत की विशेष दर (उपकर सहित) कंपनी के दूसरे मोटरसाइकिल ब्रांड बीएसए को नुकसान पहुंचाएगी। हालांकि, उन्होंने सरकार के इस कदम की सराहना की है जिससे 'आम आदमी की जेब पर सकारात्मक असर पड़ेगा।' उन्होंने 'प्रगतिशील कराधान' के मूल सिद्धांत की भी सराहना की है ऽ जो लोग ज्यादा भुगतान कर सकते हैं, वे ज्यादा भुगतान करें। दोपहिया वाहनों पर जीएसटी दर में बदलाव के बारे में पूछे जाने पर थरेजा ने कहा, ''एक भारतीय होने के नाते, मैं खुश हूं और विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं कि भले ही मुझे 650 सीसी में नुकसान हुआ हो, लेकिन आपने (सरकार ने) मुझे 350 सीसी के लिए पर्याप्त दिया है।

# अदाणी समूह 2031-32 तक बिजली, नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षेत्र में 60 अरब डॉलर का निवेश करेगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। उद्योगपति गौतम अदाणी की अगुवाई वाला अदाणी समूह वित्त वर्ष 2031-32 तक बिजली क्षेत्र में, विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्ज़ा, उत्पादन और पारेषण/वितरण में, लगभग 60 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की योजना बना रहा है। एक निवेशक प्रस्तुति में अदाणी पावर ने कहा कि समूह वित्त वर्ष 2029-30 तक 21 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की योजना बना रहा है ताकि नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षमता को 2024-25 के 14.2 गीगावाट से बढ़ाकर 50 गीगावाट तक पहुंचाया जा सके। अदाणी समूह की इकाई अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) यूटिलिटी-स्केल ग्रिड से जुड़ी सौर और पवन ऊर्ज़ा फार्म परियोजनाओं का विकास, निर्माण, स्वामित्व, संचालन और रखरखाव करती है। समूह अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) के माध्यम से पारेषण और वितरण क्षमता के निर्माण में 17 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा। एईएसएल एक बहुआयामी संगठन है जिसकी ऊर्ज़ा क्षेत्र के विभिन्न खंड जैसे विद्युत पारेषण, वितरण, स्मार्ट मीटरिंग और शीतलन समाधान क्षेत्र में उपस्थिति है। कंपनी वित्त वर्ष 2029-30 तक भारत की बढ़ती ऊर्ज़ा ज़रूरतों को पूरा करने के लिए 30,000 किलोमीटर लंबी पारेषण लाइन स्थापित करने की योजना बना रही है। यह 31 मार्च, 2025 तक 19,200 किलोमीटर थी। समूह वित्त वर्ष 2031-32 तक अदाणी पावर के माध्यम से 22 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की योजना बना रहा है ताकि इसे 2024-25 के 17.6 गीगावाट से बढ़कर 41.9 गीगावाट क्षमता तक पहुंचाया जा सके। अदाणी पावर भारत की सबसे बड़ा निजी ताप बिजली उत्पादक कंपनी है। इसकी क्षमताएं गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड और तमिलनाडु में फैली हुई हैं और गुजरात में 40 मेगावाट की सौर ऊर्ज़ा परियोजना है। अदाणी समूह ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बिजली बाजारों में से एक है, जहां कुल स्थापित क्षमता 11 प्रतिशत की सालाना दर (सीएजीआर) से बढ़कर 2024-25 के 475 गीगावाट से 2031-32 तक 1,000 गीगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है। यह क्षेत्र 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के निवेश के अवसर प्रदान करता है। नवीकरणीय ऊर्ज़ा के क्षेत्र में, भारत 172 गीगावाट की कुल नवीकरणीय ऊर्ज़ा की स्थापित क्षमता के साथ विश्व स्तर पर चौथे स्थान पर है। यह क्षेत्र वित्त वर्ष 2031-32 तक 300 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के निवेश के अवसर प्रदान करता है और 571 गीगावाट के स्तर तक पहुंच सकता है। तापीय बिजली क्षमता वित्त वर्ष 2024-25 के 247 गीगावाट से बढ़कर 2031-32 तक 309 गीगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है, जबकि 2031-32 तक 80 गीगावाट अतिरिक्त कोयला क्षमता की आवश्यकता है।

# जीएसटी कटौती के बाद कीमतें कम नहीं हुईं, तो उद्योग संगठनों की शिकायतों पर विचार करेंगे: सीबीआईसी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने कहा है कि 22 सितंबर से घटी हुई माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरें लागू होने के बाद वस्तुओं की कीमतों में कमी न होने से संबंधित उद्योग निकायों की शिकायतों पर विचार किया जाएगा। केंद्र और राज्यों की जीएसटी परिषद ने पिछले सप्ताह 375 वस्तुओं पर कर की दरों में कटौती करने और स्लैब की संख्या को वर्तमान के चार से घटाकर केवल दो करने का फैसला किया है। 22 सितंबर से, अधिकांश सामान्य उपयोग की वस्तुओं पर पांच प्रतिशत जीएसटी और बाकी सभी चीजों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाएगा। जीएसटी परिषद ने 12 और 28 प्रतिशत के स्लैब को खत्म करने का सर्वसम्मति से फैसला लिया है। यह एक जुलाई, 2017 को माल और सेवा कर के लागू होने के बाद से आठ साल में किया गया सबसे बड़ा फ़ेरबदल है। इसके अलावा बाजार में प्रतिस्पर्धी ताकतें भी सक्रिय हैं, जिससे खरीदारों के हाथों में कीमतों में कमी आएगी। अग्रवाल ने कहा, ''हमें भरोसा है कि उद्योग इसका लाभ अंतिम उपभोक्ताओं तक पहुंचाएगा और अगर हमें कोई शिकायत मिलती है, तो हम इसे उद्योग निकायों के समक्ष उठाएंगे। जीएसटी लागू होने के शुरुआती वर्षों के अनुभव को याद करते हुए अग्रवाल ने कहा कि मुनाफाखोरी के संबंध में शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था तो थी, लेकिन 2017, 2018 और 2019 में जब दरों में बड़ी कटौती की गई, तब प्राधिकरण के पास ज़्यादा आवेदन नहीं किए गए। अग्रवाल ने कहा, ''इससे यह आभास होता है कि ज्यादातर लाभ उद्योग द्वारा अंतिम उपभोक्ताओं तक पहुंचाया गया। इसलिए, इस बार हमें कोई अलग स्थिति की उम्मीद नहीं है।''

# वैश्विक रुख, मुद्रास्फीति के आंकड़ों से तय होगी स्थानीय शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी

**शेयर समीक्षा**

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुख, विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और मुद्रास्फीति के आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। एक विश्लेषक ने कहा कि मजबूत घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़ों और नीतिगत सुधारों के समर्थन से पिछले सप्ताह बेंचमार्क सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह भी घरेलू और वैश्विक स्तर पर काफी आंकड़े आएंगे। घरेलू मोर्चे पर मुद्रास्फीति का आंकड़ा 12 सितंबर को जारी किया जाएगा। मिश्रा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका के महत्वपूर्ण आंकड़ों पर नजर रहेगी। इनमें उपभोक्ता मुद्रास्फीति, बेरोजगारी के दावे और उपभोक्ता धारणा शामिल हैं, जो फ़ेडरल रिजर्व की नीतिगत अपेक्षाओं को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कोई भी नई सूचना बाजार की धारणा को और मजबूत कर सकती है। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 901.11 अंक या 1.12 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 314.15 अंक या 1.28 प्रतिशत के लाभ में रहा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, ''आगे की ओर देखते हुए, भारतीय शेयर बाजार इस सप्ताह सतर्क और आशावादी रुख के साथ शुरुआत कर सकता हैं। निवेशक विशेष रूप से उपभोग-आधारित और पूंजीगत व्यय-आधारित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। विश्लेषकों का कहना है कि इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और रुपये-डॉलर का रुख भी इस सप्ताह बाजार का रुख तय करेगा। मास्टर ट्रस्ट ग्रुप के निदेशक पुनीत सिंघानिया ने कहा, ''यह सप्ताह भारतीय बाजारों के लिए महत्वपूर्ण होने वाला है, क्योंकि हाल ही में जीएसटी दरों में कटौती की घोषणा एक संभावित प्रोत्साहन के रूप में काम कर रही है जो बाजार की धारणा को बेहतर बना सकती है और क्षेत्रीय स्तर पर तेजी ला सकती है, जिससे निकट भविष्य में शुल्क की नकारात्मक धारणा का मुकाबला किया जा सकता है। शेयर बाजार के लिए अगला बड़ा घटनाक्रम 16-17 सितंबर को होने वाली अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख-संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''इस सप्ताह के प्रमुख वृहद आंकड़ों में भारत और अमेरिका की मुद्रास्फीति, ईसीबी (यूरोपीय केंद्रीय बैंक) का ब्याज दर पर निर्णय और जापान की दूसरी तिमाही की जीडीपी आंकड़े शामिल हैं।



# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण 1.06 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,250.95 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में बजाज फाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 901.11 अंक या 1.12 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 314.15 अंक या 1.28 प्रतिशत के लाभ में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और एलआईसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई। सप्ताह के दौरान बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 37,960.96 करोड़ रुपये बढ़कर 5,83,451.27 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 23,343.51 करोड़ रुपये बढ़कर 18,59,767.71 करोड़ रुपये हो गई। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 17,580.42 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 14,78,444.32 करोड़ रुपये रहा। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण 15,559.49 करोड़ रुपये बढ़कर 5,54,607.42 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक के मूल्यांकन में 4,246.09 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 7,44,864.69 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 4,134.02 करोड़ रुपये बढ़कर 10,81,347.25 करोड़ रुपये हो गई। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 3,426.46 करोड़ रुपये बढ़कर 10,01,717.42 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का बाजार मूल्यांकन 13,007.02 करोड़ रुपये घटकर 11,02,955.89 करोड़ रुपये पर आ गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 10,427.47 करोड़ रुपये घटकर 6,00,036.47 करोड़ रुपये रही। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 6,296.91 करोड़ रुपये घटकर 6,18,694.37 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और एलआईसी का स्थान रहा।

# शिक्षा, समाज और राष्ट्र जीवन के विविध आयामों पर चर्चा के साथ आरएसएस की अखिल भारतीय समन्वय बैठक संपन्न

एजेंसी

जोधपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक रविवार को यहां शिक्षा, महिला, अतिवृष्टि, समाज और राष्ट्र जीवन के विविध आयामों पर चर्चा के साथ संपन्न हो गई।

लालसागर में आयोजित इस बैठक के अंतिम दिन संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने पत्रकार वार्ता में बैठक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसमें इन विविध पहलुओं सहित संघ शताब्दी वर्ष की योजनाओं पर जानकारी साझा की गई। श्री आंबेकर ने बताया कि पांच सितंबर को शुरू हुई इस बैठक में शिक्षा क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, विद्या भारती, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, भारतीय शिक्षण मंडल और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहित विभिन्न संगठनों ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के अनुभव साझा किए।




उन्होंने कहा कि शिक्षा में भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक मातृभाषा में पढ़ाई को प्रोत्साहित करने की दिशा में सकारात्मक प्रयास हो रहे हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा और शिक्षा के भारतीयकरण के लिए पुस्तकों के पुनर्लेखन और शिक्षक प्रशिक्षण पर भी कार्य प्रगति पर है। बैठक में पंजाब में बढ़ते मतांतरण और युवाओं में फैलते नशे को लेकर चिंता व्यक्त की गई और सेवा भारती एवं विद्यार्थी परिषद द्वारा समाज जागृति और नशा मुक्ति अभियानों की जानकारी दी गई। पश्चिम बंगाल में बंगलादेश से हो रही घुसपैठ और नागरिक सुरक्षा संबंधी चुनौतियों पर गंभीर चिंता जताई गई वहीं पूर्वोत्तर राज्यों में घटती हिंसा और बढ़ते विकास के संकेतों को सकारात्मक माना गया। मणिपुर की हाल की घटनाओं पर संवाद- आधारित शांति प्रयासों की सराहना की गई। जनजातीय क्षेत्रों के संदर्भ में बताया गया कि नक्सली और माओवादी हिंसा में कमी आई है परंतु समाज को भ्रमित करने के प्रयास अभी भी जारी हैं। वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा छात्रावासों और जनजातीय अधिकारों पर किए गए कार्यों का उल्लेख किया गया तथा जनजातीय समाज तक भारतीय परंपरा और राष्ट्रीय विचार पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। संघ शताब्दी वर्ष की योजनाओं पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों पर विशेष कार्यक्रम चलाए जाएंगे। आगामी दो अक्टूबर को नागपुर में विजयादशमी उत्सव के साथ शताब्दी वर्ष का औपचारिक शुभारंभ होगा।

श्री आंबेकर ने बताया कि बैठक में महिला सहभागिता को लेकर भी चर्चा हुई और क्रीड़ा भारती द्वारा महिला खिलाड़ियों में योग-ज्ञान और अध्ययन को बढ़ावा दिया जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत महिला कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए 887 कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि संगठनों में महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है। पत्रकार वार्ता में मतांतरण, घुसपैठ, काशी-मथुरा जैसे विषयों पर भी विचार व्यक्त किए गए और स्पष्ट किया गया कि इन समस्याओं का समाधान संघर्ष या आंदोलन से नहीं बल्कि कानूनी और आपसी बातचीत से खोजा जाएगा। भाषा के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में होनी चाहिए और सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान आवश्यक है। अंग्रेजी का विरोध नहीं है किंतु भारतीय भाषाओं को शिक्षा और शासन में उचित स्थान मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में लोकगायक अनवर खान ने अपनी प्रस्तुति दी और सरसंघचालक डा मोहन भागवत ने उनका अभिनंदन किया। श्री आंबेकर ने कहा कि दिशा सकारात्मक है, यद्यपि कुछ विषयों पर अभी और कार्य अपेक्षित है। उन्होंने आश्वस्त किया कि शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रारंभ हुए प्रयास आगामी वर्षों में भी सतत जारी रहेंगे।

# कांग्रेसी नेता के 'कब्र खोदने' वाले बयान की भाजपा ने की आलोचना

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के भाजपा नेताओं की कब्र खोदने वाले बयान की जमकर आलोचना की।

भाजपा प्रवक्ता ने ने कहा कि देश में विपक्ष 'घुसपैठिया बचाओ आंदोलन' चला रहा है। यही कारण है कि बिहार में राहुल गांधी की वोटर बचाओ यात्रा 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' बन गई है। श्री पात्रा ने कहा कि चुनाव आयोग ने मतदाता सूची की समीक्षा के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू किया है, उसको लेकर विपक्ष विशेषकर कंग्रेस पार्टी में हताशा और निराशा का माहौल है।उन्होंने कहा कि एसआईआर को लेकर झारखंड में कंग्रेस के नेता इरफान अंसारी की बेचैनी देखिए, वह कहते हैं ''जो घुसपैठियों की बात करेगा, जो बांगलादेशी कहेगा, भाजपा की कब्र हम झारखंड में खोद देंगे।''

श्री पात्रा ने कहा कि देश के संसाधनों पर सबसे पहले देशवासियों का अधिकार है, उसे कब्र में दफनाने की धमकी दी जा रही है। श्री पात्रा ने कहा कि केवल इरफान अंसारी ही नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल रहीम बख्शी ने भी भाजपा विधायक को खुलेआम धमकाते हुए कहा है कि यदि आप घुसपैठिये शब्द का प्रयोग करेंगे और बांगलादेशियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे तो मैं आपके चेहरे पर तेजाब फेंक दूंगा, आपके गले में तेज़ाब डाल दूंगा और आपकी बोलती बंद कर दूंगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक धमकी नहीं है, बल्कि लोकतंत्र और समाज दोनों के लिए बेहद गंभीर और खतरनाक संकेत है। डॉ. पात्रा ने अपील की कि कोलकाता हाई कोर्ट को इस मामले का स्वतः संज्ञान लेना चाहिए और ऐसे व्यक्ति को जेल भेजा जाना चाहिए।

ज्ञात रहे कि झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने एक सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि भाजपा कहती है कि हमें बांगलादेश भेज देंगे।

# वोट चोरी में भाजपा की मदद क्यों कर रहा आयोग : खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया है कि वह कई सालों से वोट चोरी की साजिश में शामिल होकर भाजपा की मदद कर रहा है और उसे स्पष्ट करना चाहिए कि क्या आयोग इस काम के लिए भाजपा का बैक ऑफिस बन गया है।

श्री खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए रविवार को कहा कि क्या चुनाव आयोग वोट चोरी के लिए भाजपा का बैक-ऑफिस बन गया है। उन्होंने इस संदर्भ में कुछ पुराने उदाहरण देते हुये कहा कि मई 2023 के कर्नाटक चुनाव से पहले कंग्रेस ने अलंद निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाने का खुलासा किया और बताया था कि इस सीट पर फॉर्म 7 के आवेदनों में साजिश कर बेहद सलीके से हज़ारों मतदाताओं के अधिकार छीन लिये गये। फिर एक मामला दर्ज किया गया और इसकी जाँच में 5,994 जाली आवेदनों का पता चला। यह वोट चोरी के बड़े प्रयास का एक स्पष्ट प्रमाण है। इसके बाद कंग्रेस सरकार ने दोषियों को पकड़ने के लिए सीआईडी जाँच का आदेश दिया। कंग्रेस अध्यक्ष ने इस प्रक्रिया में चुनाव आयोग को घेरते हुए कहा ''लेकिन यहाँ पेच यह है जहाँ चुनाव आयोग ने पहले जालसाजी का पता लगाने के लिए आवश्यक दस्तावेज़ों का एक हिस्सा साझा किया था वहीं अब उसने महत्वपूर्ण जानकारी को छुपा दिया है - और वोट चोरी के पीछे के लोगों को प्रभावी ढंग से बचा रहा है। आयोग ने अचानक महत्वपूर्ण सबूत क्यों रोक दिए। यह किसे बचा रहा है। भाजपा के वोट चोरी विभाग को। क्या चुनाव आयोग भाजपा के दबाव में सीआईडी जाँच को पटरी से उतार रहा है।

# मोदी पर्यावरण संरक्षण को बना रहे है जन आंदोलन : पूनावाला

एजेंसी

नयी दिल्ली। ऐसी दुनिया में जहां एक तरफ जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव स्पष्ट हैं और दूसरी तरफ जलवायु परिवर्तन से इनकार करने वाली गैर-जिम्मेदाराना और अपरिपक्व सोच मौजूद है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को ऐसी आशा की किरण बनाया है, जो पर्यावरण संरक्षण को विकसित भारत 2047 के रोडमैप में शामिल कर रहा है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने अपने एक लेख में कहा कि श्री मोदी का पर्यावरण के प्रति जुनून गुजरात में उनके मुख्यमंत्री काल से शुरू हुआ जहां उन्होंने 2009 में भारत का पहला जलवायु परिवर्तन विभाग स्थापित किया। यह उस समय एक अग्रणी कदम था जब वैश्विक जलवायु चर्चा प्रारंभिक थी और इनकार आम था। उनकी ज्योतिग्राम योजना ने गांवों में 24 घंटे एवं सात दिनों बिजली पहुंचाई, जिससे डीजल का उपयोग कम हुआ और नवीकरणीय ऊर्जा की नींव रखी गई। चारणका सोलर पार्क ने गुजरात को सौर ऊर्जा का पावरहाउस बनाया।

उन्होंने लिखा है कि पीएम मोदी की पुस्तक, सुविधाजनक कार्रवाईः जलवायु परिवर्तन पर गुजरात की प्रतिक्रिया (2011) में नहर के ऊपर सौर पैनल और टिकाऊ शहरी नियोजन जैसे नवाचारों का वर्णन है। यह प्रतिबद्धता, जो मुख्यमंत्री मोदी से प्रधानमंत्री मोदी बनने के बाद और मजबूत हुई, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पंच परिवर्तन कार्यक्रम के साथ पूरी तरह से संरेखित है, जिसमें पर्यावरण को सामाजिक परिवर्तन के पांच स्तंभों में से एक के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, जो टिकाऊ जीवन और समुदाय-आधारित संरक्षण पर जोर देता है। पीएम मोदी को प्रकृति को संस्कृति से जोड़ने और टिकाऊ भविष्य के लिए रोडमैप बनाने का श्रेय दिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि श्री मोदी के नेतृत्व में भारत की



जलवायु उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं। सीओपी26 (2021) में उन्होंने पंचामृत प्रतिज्ञा की घोषणा कीः 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा, 50 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा, एक अरब टन कार्बन उत्सर्जन में कटौती, 2005 के स्तर से 45 प्रतिशत कार्बन तीव्रता में कमी, और 2070 तक नेट-जीरो। जून 2025 तक भारत ने 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन लक्ष्य हासिल कर लिया। 2023 तक उत्सर्जन तीव्रता 2005 के स्तर से 33 प्रतिशत कम हो गई, जो 2030 का एक और लक्ष्य पार करता है। ये मील के पत्थर विकास और हरित जिम्मेदारी के बीच दुर्लभ संतुलन को दर्शाते हैं जबकि कुछ विकसित राष्ट्र 'ग्रीड' को 'ग्रीन' पर प्राथमिकता देते हैं। श्री पूनावाला ने लिखा कि 2014 में 78 गीगावाट से भारत की नवीकरणीय क्षमता 2023 तक 174 गीगावाट तक पहुंच गई, जिसमें सौर और पवन ऊर्जा अग्रणी हैं।पीएम-कुसुम योजना ने किसानों को सौर सिंचाई के साथ सशक्त बनाया, जिससे उत्सर्जन कम हुआ और आजीविका में सुधार हुआ। पीएम सूर्य घरमुफ्त बिजली योजना (2024) एक करोड़ घरों में रूफटॉप सौर पैनल लगाने का लक्ष्य रखती है, जिससे नागरिक स्वच्छ ऊर्जा उत्पादक बन रहे हैंऔर पर्यावरण या सरकारी खजाने पर बोझ डाले बिना मुफ्त बिजली प्राप्त कर रहे हैं। नागरिक अतिरिक्त बिजली बेचकर पैसे भी कमा सकते हैं! अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसएस), जिसे फ्रांस के साथ सह-स्थापित किया गया और ब्रिटेन के साथ वन सन , वन वर्ल्ड , वन ग्रिड ने भारत के सौर नेतृत्व को वैश्विक वास्तविकता बना दिया । 2025 तक भारत की सौरक्षमता 100 गीगावाट तक पहुंच गई जो गुजरात मॉडल मुख्यमंत्री मोदी ने शुरू किया था, वह अब पूरे देश में अपनाया जा रहा है। उन्होंने लिखा कि भारत का वैश्विक रुख उसकी जिम्मेदारी को दर्शाता है। जलवायु योद्धा मोदी की मिशन लाइफ (2022) वैश्विक स्तर पर टिकाऊ जीवन शैली को बढ़ावा देती है, जो सचेत उपभोग को प्रोत्साहित करती है और महात्मा गांधी की शिक्षाओं के अनुरूप है। श्री महात्मा गांधी ने कहा था 'दुनिया में सभी की जरूरत के लिए पर्याप्त है लेकिन सभी के लालच के लिए नहीं।' सीओपी26 और सीओपी28 में, भारत ने विकसित देशों से 100 अरब डॉलर की जलवायु वित्त प्रतिबद्धता को पूरा करने की मांग की और ग्लोबल साउथ की ओर से जलवायु न्याय की वकालत की।

# राजनीति में मील का पत्थर बनी भारत जोड़ो यात्रा अब भी असरदार : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की कन्याकुमारी से श्रीनगर तक की भारत जोड़ो यात्रा की तीसरी वर्षगांठ पर आज कहा कि यह यात्रा राजनीति में परिवर्तन लाने में मील का पत्थर साबित हुयी है और इसका असर अब भी महसूस किया जा रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा ''भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत आज से तीन साल पहले कन्याकुमारी से हुयी थी। इस यात्रा की शुरुआत स्वामी विवेकानंद रॉक मेमोरियल और अन्य ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन के साथ हुयी, जिसके बाद एक विशाल जनसभा आयोजित की गयी थी। भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य देश के तीन ज्वलंत और चिंताजनक सार्वजनिक मुद्दों-आर्थिक असमानता, गहराता सामाजिक ध्रुवीकरण और बढ़ते राजनीतिक अधिनायकवाद को उजागर करना था। उन्होंने कहा कि यह 4000 किलोमीटर की पदयात्रा थी, जिसे श्री गांधी और 200 से अधिक भारत यात्रियों ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल पूरा किया। यह यात्रा 145 दिनों से अधिक चली, जिसमें 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों को कवर किया गया था। कांग्रेस नेता ने कहा ''भारत जोड़ो यात्रा हमारे देश की राजनीति में एक परिवर्तनकारी मील का पत्थर साबित हुयी। इसकी गूंज और असर आज भी महसूस किया जाता है।''

# राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं सूची में शामिल करने का अनुरोध

एजेंसी

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के 28वें अधिवेशन के दूसरे दिन आज केंद्र सरकार से राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं सूची में शामिल करने का अनुरोध किया गया।

नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार गोयनका की अध्यक्षता में समापन समारोह में इस आशय का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित करते हुये केन्द्र सरकार से आगामी जनगणना में मारवाड़ी को एक जाति के रूप में शामिल करने का अनुरोध भी किया गया। उन्होंने कहा कि राजस्थानी भाषा में सात लाख समृद्ध शब्दों का कोश विद्यमान है तथा देश भर में फैले 10 करोड़ मारवाड़ी समुदाय से अनुरोध किया गया है कि वे आगामी जनगणना में सभी अपनी मातृभाषा को मारवाड़ी भाषा लिखवाए। उन्होंने राजस्थानी भाषा के लगातार कम हो रहे उपयोग के चलते इस भाषा के अन्य भाषाओं की तरह लुप्त होने की आशंका को देखते हुये सरकार से इसके संरक्षण के लिए समय रहते उपाय करने का अनुरोध किया। समारोह में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि मारवाड़ी समाज के सदस्य ऐसे किसी भी विवाह समारोह में सम्मिलित नहीं होंगे जहां मद्यपान की व्यवस्था होगी। समारोह में पाणिग्रहण संस्कारों या अन्य किसी भी धार्मिक आयोजनों में मद्यपान को प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया गया और यह प्रस्ताव भी पारित किया गया कि मारवाड़ी समाज किसी भी मृत्यु भोज में सम्मिलित नहीं होगा।

## मनमोहन सिंह को मरणोपरांत नरसिम्हा राव स्मृति सम्मान


नयी दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के नाम पर बने पीवी नरसिम्हा राव मेमोरियल फाउंडेशन ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को आर्थिक क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान के लिए मरणोपरांत सम्मानित किया है। प्रतिष्ठान के महासचिव एम अनिल कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह सम्मान डॉ सिंह की पत्नी गुरशरण कौर को शनिवार को यहां मोतीलाल नेहरू मार्ग स्थित उनके आवास पर उन्हें सौंपा गया।

# नागरिक स्वदेशी उत्पाद खरीदें : मांडविया

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज 'गर्व से स्वदेशी' की विशेष थीम पर 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' पहल के तहत सांसदों के साथ इंडिया गेट और कर्तव्य पथ पर साइकिल चलाई और नागरिकों से स्वदेशी उत्पादों को खरीदने का अग्राह किया।

आज फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 39वें संस्करण का आयोजन भारतीय रेलवे के सहयोग से देश भर के 8000 स्थानों पर किया गया। नयी दिल्ली में इस कार्यक्रम का शुभारंभ ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने सुबह सात बजे मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम से किया, जिसमें 1500 से अधिक साइकिल चालक और फिटनेस प्रेमी मौजूद थे। इस दौरान 'गर्व से स्वदेशी' उत्सव में भारतीय स्पोर्ट्सवियर और फिटनेस ब्रांड्स ने प्रतिभागियों के लिए स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल लगाए गये।



कार्यक्रम में कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, नवीन जिंदल, पुरुषोत्तम रूपाला, प्रभुभाई वसावा, हेमंग जोशी, सुभाष बराला, भोजराज नाग और रमेश बिधूड़ी आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. मांडविया ने कहा, ल्लमुझे रविवार को साइकिल पर कार्यक्रम में हमारे नागरिकों की बढ़ती भागीदारी देखकर खुशी हो रही है। यह एक जन आंदोलन बन गया है और इसने सक्रिय जीवनशैली अपनाने के बारे में महत्वपूर्ण जागरूकता पैदा की है। आज, मैंने सांसदों के साथ 'गर्व से स्वदेशी' थीम पर साइकिल चलाई। मैं इस अवसर पर सभी नागरिकों से भारत में निर्मित उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह करता हूं। उन्होंने हाल ही में खेल के सामान पर जीएसटी में की गई कटौती पर कहा, ल्लहम अधिकांश खेल के सामान पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी हैं। इससे ये वस्तुएँ नागरिकों के लिए सस्ती हो जाएंगी और उन्हें खेल और फिटनेस गतिविधियों में अधिक सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगी। बढ़ती मांग से भारतीय खेल सामान निर्माण इकाइयों के उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा और खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगा। खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा,ल्लदिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में संडे ऑन साइकिल के 39वें संस्करण में शामिल होकर गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। यह केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के नेतृत्व में एक उल्लेखनीय फिटनेस अभियान है। इस कार्यक्रम में माननीय सांसद, ओलंपिक चैंपियन साक्षी मलिक और साई और भारतीय रेलवे के गणमान्य व्यक्ति एकता के जीवंत प्रदर्शन के लिए एक साथ आए। हमने मिलकर ल्लगर्वसेस्वदेशीक्क का संकल्प लिया, जिससे एक आत्मनिर्भर और स्वस्थ भारत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई। ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने संडे ऑन साइकिल अभियान में भाग लेने के बाद कहा, ल्लमुझे फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। आज, भारत सरकार और खेल मंत्रालय द्वारा देश भर में 8000 से अधिक स्थानों पर इसका आयोजन किया जा रहा है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री ने 2019 में फिट इंडिया की शुरुआत की थी और हमारे खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने दिसंबर 2024 में संडे ऑन साइकिल पहल की शुरुआत की थी। हजारों लोगों और विशेषकर हमारे संसदीय क्षेत्र के सदस्यों के साथ साइकिल चलाने का यह मेरा पहला अनुभव था। मैं सभी से कहना चाहूंगी कि वे रोजाना एक घंटा फिटनेस और अपने शारीरिक स्वास्थ्य के लिए समर्पित करें।

# पेज एक का शेष

## प्रधानमंत्री के 75वें...

'नमो युवा रन' में 10 लाख से अधिक युवा भाग लेंगे। जो देश के इतिहास की सर्वाधिक भागीदारी वाली दौड़ होगा। 17 सितंबर को सुबह 7 बजे 75 स्थानों पर 'नशा मुक्त भारत' संकल्प के लिए एक साथ ये दौड़ शुरु होगी। श्री सूर्या ने कहा कि पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देश में नशे के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 साल में 24 लाख किलो से अधिक नशे का सामान जब्त किया गया है। इस अवसर पर श्री मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने 11 साल के कार्यकाल में देश को बहुत कुछ दिया है इसी कड़ी में जीएसटी सुधार देश के लिए उपहार है। उनके नेतृत्व में आज देश तरक्की कर रहा है, देश आगे बढ़ रहा है और नए भारत का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से लेकर दो अक्टूबर तक, भाजपा 15 दिनों तक 'सेवा पखवाड़ा' मनाती है। श्री मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को लाल किले से कहा था कि देश आज़ादी के लिए बड़ी संख्या में युवाओं ने अपने प्राणों का बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 11 साल के कार्यकाल में टैक्स लगातार घटता रहा और देश का बजट दिनों-दिन बढ़ता गया। श्री मंडाविया ने कहा कि आज देश का बजट 51 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गया। उन्होंने सभी लोगों से स्वदेशी और 'नमो युवा रन' से जुड़ने की अपील की। इस अवसर पर 'नमो युवा रन' के ब्रांड एंबेसडर मिलिंद सोमण ने कहा कि वह मोदी जी के फिटनेस के बहुत बड़े फैन हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ मशल्स या बॉडी बना लेना ही फिटनेस नहीं है बल्कि दैनिक जीवन के काम के साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने इस तरह के स्वास्थ्य जागरूकता के कार्यक्रम के लिए लगातार जोर दिया है। श्री सोमण ने कहा कि नशा आज पूरी दुनिया के लिए समस्या बन चुका है इसके लिए सभी देशों को एकजुट होकर प्रयास करने चाहिए। इस अवसर पर श्री सूर्या की अपील पर मिलिंद सोमण ने युवाओं के साथ पुश अप लगाए और फिट रहने का संदेश दिया।

## हर प्रदेश में धर्मांतरण...

को करोड़ों रुपये विदेशों से मिले हैं। 200 करोड़ से अधिक की चल-अचल संपत्तियां बलरामपुर व दुबई में है। विदेशों में बैंक खाते हैं। नेपाल सीमा पर छांगुर गिरोह की गतिविधियों का भी जिक्र चार्जशीट में है। जल्दी ही छांगुर व नीतू के खिलाफ चार्जशीट एटीएस सूत्र बताते हैं कि छांगुर और नीतू के खिलाफ भी जल्दी ही चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की जाएगी। इसमें दोनों के बयानों के आधार पर कुछ साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। इसके बाद ही चार्जशीट पूरी कर ली जाएगी। उधर, ईडी भी अपने प्रकरण में छांगुर व नीतू के खिलाफ जल्दी ही चार्जशीट दाखिल करने की कवायद कर रही है। इस प्रकरण में छांगुर के एक करीबी इदुल इस्लाम की तलाश में एटीएस और एसटीएफ लगी हुई है लेकिन कुछ पता नहीं चल रहा है।

## यूपी में चार करोड़ ...

शामिल है। इन मुख्य फोकस क्षेत्रों में एआई और डीप-टेक इनोवेशन, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार टियर- 2 और 3 शहरों तक, सैटेलाइट इकोसिस्टम, ग्लोबल स्टार्टअप कनेक्ट, साइबर सिक्योरिटी और डाटा प्रोटेक्शन, यूनिवर्सिटी स्टार्टअप इनोवेशन फंड और रिसर्च हब शामिल हैं। आईटी विजन को गति देने के लिए स्किल डवलपमेंट को केंद्र में रखा है। लक्ष्य है कि प्रदेश के शत-प्रतिशत युवाओं को इंडस्ट्री-बेस्ड स्किल्स में प्रशिक्षित किया जाए और चार करोड़ से अधिक ग्लोबल स्किल्ड वर्कफोर्स तैयार की जाए। प्रदेश के पांच शैक्षणिक संस्थानों को दुनिया के 200 सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में शामिल करने की भी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इंडस्ट्री 4.0 के अनुरूप युवाओं को तैयार किया जाएगा और विश्वस्तरीय यूनिवर्सिटीज एवं आरएंडडी सेंटर्स की स्थापना होगी।

## 10 लाख का इनामी...

पुलिस और सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बना हुआ था। एसपी ने बताया कि पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त टीम इलाके में नक्सलियों की गतिविधियों की जानकारी के बाद खोजी अभियान (सर्च ऑपरेशन) चला रही थी। इस दौरान घात लगाए बैठे नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने भी मोर्चा संभाला। कई घंटों तक दोनों ओर से गोलीबारी चली। इसके बाद घटनास्थल की तलाशी में नक्सली कमांडर अमित हांसदा का शव बरामद किया गया। उसके पास से हथियार और नक्सली सामग्री भी मिली है। एसपी ने बताया कि अभियान में चाईबासा जिला पुलिस और कोबरा 209 बटालियन के जवान भी शामिल थे। घटनास्थल से एक एसएलआर रायफल, कई जिंदा कारतूस और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की गई हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के आलोक में आगे की सभी विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। दरअसल, मारा गये नक्सली पर कई जिलों में बड़ी घटनाओं को अंजाम देने का आरोप था। वह अब तक चाईबासा और आसपास के इलाकों में करीब 96 से अधिक नक्सली घटनाओं में शामिल रहा। इसके अलावा उसने 12 से भी ज्यादा पुलिसकर्मियों की हत्या की और कई बार हथियार भी लूटे। वर्ष 2014 में चाईबासा जिला में बैंक घटना, सरायकेला जिला के फुकडू में पुलिसकर्मी की हत्या और हथियार लूट, गोइलकेरा थाना क्षेत्र में पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर हमला और दो जवानों की हत्या जैसे कई मामलों में उसकी संलिप्तता रही। वर्ष 2022 में झिरकाटां में हुए हमले और हथियार लूट का भी वह मास्टरमाइंड था।

## सीबीआई की जांच...

के पास मिले दस्तावेजों से भी काफी कुछ पता चला। सीबीआइ सूत्रों का कहना है कि गयासुद्दीन के बेटे की भूमिका का भी पता किया जा रहा है। सीबीआई की ओर से दर्ज एफआईआर में नर्सिंग होम संचालक के बेटे का नाम दर्ज है। उसके खिलाफ साक्ष्य मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## यूपी में अब...

से तत्काल अपने मन को संतुष्ट कर लेंगे, लेकिन समय कभी माफ नहीं करता है। ईमानदारी से किया गया प्रयास परिणाम अवश्य लेकर आता है। सीएम के हाथों 11 अनुदेशकों को मिला नियुक्ति पत्र सीएम के हाथों 11 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र मिला। सीएम के हाथों रायबरेली की पल्लवी, उन्नाव की स्मृति दुबे, मीरजापुर की ममता वर्मा, मुजफ्फरनगर के संदीप, अयोध्या के सौरभ यादव, बस्ती की प्रियंका सिंह, देवरिया के अभिलाष सिंह, देवरिया के सुशील कुमार, जालौन के विवेक मिश्र, कानपुर नगर की पिंकी कुमारी, कन्नौज की ममता यादव को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। लोकभवन में हुए मुख्य कार्यक्रम में 460 नवनियुक्ति अनुदेशक शामिल हुए। शेष अनुदेशकों को स्थानीय स्तर पर नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस दौरान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल, विधायक डॉ. नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, लालजी प्रसाद निर्मल, रामचंद्र प्रधान, इंजी. अवनीश सिंह, प्रभारी मुख्य सचिव दीपक कुमार, प्रमुख सचिव हरिओम आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने 'महिला रोजगार योजना' के तहत एक विशेष ऑनलाइन पोर्टल किया लॉन्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' के तहत एक विशेष ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया। इस पोर्टल के जरिए अब राज्य की महिलाएं सीधे रोजगार के लिए आवेदन कर सकेंगी और योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगी।

पटना में अपने आवास पर स्थित 'संकल्प' सभागार में आयोजित इस लांचिंग कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, अन्य कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर रोजगार प्रचार वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो राज्यभर में इस योजना के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाएंगे। इस योजना के तहत महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए शुरुआत में 10,000 (दस हजार) रुपये सीधे उनके बैंक खातों में दी जाएगी। इसके बाद यदि लाभार्थी महिला 6 महीने तक सक्रिय रूप से अपने व्यवसाय में लगी रहती है और योजना के मापदंडों पर खरी उतरती है, तो उसे अतिरिक्त 2 लाख रुपये तक की राशि की सहायता मिलेगी। राज्य सरकार का कहना है कि यह योजना केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास है। खासकर ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए यह योजना नई संभावनाओं का द्वार खोल रही है। यह कार्यक्रम बिहार सरकार के विकासोन्मुखी एजेंडे का हिस्सा है, जिसे चुनावी वर्ष 2025 को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया है। इससे पहले मुख्यमंत्री कैबिनेट ने इस योजना को मंजूरी दी थी। योजना को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा लागू किया जा रहा है

# कनाडा सरकार की वित्तीय रिपोर्ट ने भारत की सुरक्षा चिंताओं की पुष्टि की : प्रो. ख्याला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर। पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता प्रो. सरचांद सिंह ख्याला ने कनाडा के वित्त विभाग द्वारा जारी ताज़ा रिपोर्ट पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए रविवार को कहा कि यह रिपोर्ट भारत की सुरक्षा चिंताओं को पूरी तरह सही साबित करती है। उन्होंने कहा कि अब यह मामला केवल भारत की चिंता नहीं रहा, बल्कि पूरे विश्व के लिए एक खुली चेतावनी है कि लोकतंत्र के नाम पर हिंसक और अलगाववादी तत्वों को अपनी धरती पर फैलने देना कितना खतरनाक है। प्रो. ख्याला ने कहा कि कनाडा की 2025 की मनी लॉन्ड्रिंग और अतिवादी फंडिंग रिपोर्ट में कुछ लोगों की साज़िशों के कारण सिख नाम वाली अलगाववादी संगठनों का कनाडाई क्रिमिनल कोड के तहत हमास और हिज़्बुल्ला जैसे बदनाम आतंकी संगठनों की श्रेणी में नामित होना अमनपसंद प्रवासी सिख समुदाय के लिए शर्मिंदगी का कारण है। उन्होंने बताया कि कनाडा की खुफिया एजेंसी सीएसआईएस पहले ही स्वीकार कर चुकी है कि खालिस्तानी समूह कनाडा की धरती से भारत विरोधी फंडिंग और साज़िशों को बढ़ावा दे रहे हैं। अब वित्तीय रिपोर्ट ने भी यह खुलासा कर भारत की सभी चेतावनियों को सही साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट का यह खुलासा कि हिंसक समूह गैर-लाभकारी और चैरिटेबल संस्थाओं की आड़ लेकर राजनीतिक प्रेरित हिंसक अलगाववाद के लिए पैसा इकट्ठा करते हैं, प्रवासी समुदायों से दान लेते हैं और कनाडाई वित्तीय प्रणाली की कमज़ोरियों का ग़लत फायदा उठाते हैं, यह साबित करता है कि कनाडा न केवल अपनी ज़िम्मेदारियों में विफल रहा है, बल्कि भारत की एकता और अखंडता को निशाना बनाने वाली ताक़तों का अड्डा बन गया है। यह स्थिति कनाडा की आंतरिक सुरक्षा के लिए भी बड़ा ख़तरा है। प्रो. सरचांद ने कहा कि अब समय आ गया है कि कनाडा केवल रिपोर्टें जारी करने की रस्म अदायगी न करे, बल्कि भारत विरोधी खालिस्तानी और अन्य हिंसक संगठनों के खिलाफ तुरंत और सख्त कार्रवाई करे। लोकतंत्र और मानवता के मूल्यों की रक्षा के लिए यह कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। अगर कनाडा वास्तव में विश्व शांति के लिए प्रतिबद्ध है, तो उसे अपनी धरती से इन अलगाववादी नेटवर्कों को खत्म करना ही होगा। प्रो. ख्याला ने कहा कि एक तरफ भारत से कूटनीतिक संबंधों की बात और दूसरी तरफ खालिस्तानी समूहों को शरण देना, कनाडा की डबल स्टैंडर्ड नीति है, जो अब विश्व समुदाय के सामने भी साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने केंद्र सरकार के पक्ष की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भारत राष्ट्रवादी संकल्प पर मज़बूती से खड़ा है।

# मौसम में सुधार और बांधों से कम मात्रा में पानी छोड़ने से बाढ़ से तबाह पंजाब में हालात सुधर रहे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के बांधों में जलस्तर में कमी आने से बांधों से कम मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है जिसके कारण पंजाब में बाढ़ के हालात सुधर रहे हैं लेकिन अभी भी राज्य के 22 जिलों के 1996 गांवों में बाढ़ का पानी जमा है। बाढ़ के कारण पिछले 24 घंटों में अमृतसर और रूपनगर में तीन और लोगों की मौत हो गई है, जिससे मरने वालों की कुल संख्या 46 हो गई है, जबकि पठानकोट जिले में तीन लोग लापता हैं। प्रभावित गांवों की संख्या भी बढ़कर 1996 हो गई है, जिससे कुल 3.87 लाख की आबादी प्रभावित हुई है। पंजाब में इस वर्ष रावी नदी में 14.11 लाख क्यूसेक पानी का असाधारण बहाव देखा गया, जो 1988 में दर्ज 11.2 लाख क्यूसेक से अधिक है। पिछले दो वर्षों के दौरान पंजाब सरकार द्वारा 200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किए गए सुदृढ़ीकरण कार्यों से यह सुनिश्चित हुआ कि तटबंध दबाव को झेल सकें और ब्यास नदी के सरकारी नियंत्रण वाले बांधों में किसी भी प्रकार के टूटने की सूचना नहीं मिली। बाढ़ का एकमात्र कारण अभूतपूर्व बारिश थी, और अकेले 25 अगस्त को चंबा में सामान्य से 1205 प्रतिशत, कांगड़ा में 275 प्रतिशत और पठानकोट में 820 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई। भारतीय सेना, वायु सेना, एनडीआरएफ और बीएसएफ की विशेषज्ञ टीमों द्वारा निकाले गए लोगों की संख्या भी लगभग 23,000 हो गई है। गाँवों की संख्या, जनसंख्या और फसल क्षेत्र की दृष्टि से गुरदासपुर, फाजिल्का, फिरोजपुर, अमृतसर, कपूरथला और तरनतारन जिले सबसे ज़्यादा प्रभावित हैं। घरों और पशुओं को भी भारी नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों और गैर-सरकारी संगठनों की मदद से राहत और बचाव कार्य जारी हैं। पंजाब की दुग्ध सहकारी संस्था, मिल्कफ़ेड ने भी डेयरी किसानों और पशुओं की मदद के लिए एक व्यापक दोहरी रणनीति अपनाई है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी परिवार बिना पोषण के न रहे। पंजाब के राजस्व, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री हरदीप सिंह मुंडियां ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान 48 और गाँव, 2691 आबादी और 2131 हेक्टेयर फसलें प्रभावित हुई हैं। अब तक, 22 जिलों के 1996 गाँव प्रभावित हुए हैं, जिससे कुल 3,87,013 आबादी प्रभावित हुई है। पिछले 24 घंटों में 925 और लोगों को निकाला गया, जिससे अब तक बचाए गए लोगों की कुल संख्या 22,854 हो गई है। अब तक सबसे ज़्यादा लोगों को गुरदासपुर (5581), फाज़िल्का (4202), फिरोजपुर (3888), अमृतसर (3260), होशियारपुर (1616), पठानकोट (1139) और कपूरथला (1428 ) से निकाला गया है। राज्य में इस समय 139 राहत शिविर कार्यरत हैं, जिनमें 6121 प्रभावित लोग रह रहे हैं, जबकि बाढ़ शुरू होने के बाद से विभिन्न जिलों में कुल 219 शिविर स्थापित किए गए हैं। इनमें फाजिल्का में 14 शिविरों में 2588 लोग, बरनाला में 49 शिविरों में 527 लोग, होशियारपुर में चार शिविरों में 921 लोग, रूपनगर में पांच शिविरों में 250 लोग, मोगा में तीन शिविरों में 155 लोग और मानसा में दो शिविरों में 89 लोग रह रहे हैं। कुल 23 एनडीआरएफ टीमें अमृतसर, फाजिल्का, गुरदासपुर, फिरोजपुर, जालंधर, होशियारपुर, पटियाला, लुधियाना, पठानकोट और रूपनगर में राहत और बचाव कार्यों में लगी हुई हैं, जबकि कपूरथला में दो एसडीआरएफ टीमें सक्रिय हैं। भारतीय सेना की 27 टुकड़ियां और सात इंजीनियर टास्क फोर्स बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सक्रिय रूप से तैनात हैं। भारतीय वायु सेना और सेना के नौ हेलीकॉप्टर राहत कार्यों में लगाए गए हैं।

# उत्तरकाशी: नीले आसमान के लिए मनाया गया 6वाँ अंतर्राष्ट्रीय दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उत्तरकाशी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वाधान में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आज 6वाँ अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु एवं नीले आसमान का दिवस मनाया ।

जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी एस रावत की अध्यक्षता में नीले आसमान के लिए स्वच्छ वायु का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया, जो वायु प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों को कम करने और सभी के लिए स्वच्छ हवा सुनिश्चित करने के लिए समाधान खोजने पर केंद्रित था। इस वर्ष का अभियान ''रेसिंग फॉर एयर'' (हवा के लिए दौड़) थीम पर आधारित था, जो स्वच्छ हवा प्रदान करने के लिए खेल और प्रदर्शन के माध्यम से सामूहिक कार्रवाई को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि वायु प्रदूषण आज विश्व के समक्ष गंभीर चुनौती है। प्रदूषित वायु से श्वसन संबंधी रोग, हृदय रोग, कैंसर और बच्चों एवं बुजुर्गों में अनेक स्वास्थ्य समस्याएँ बढ़ रही हैं। इस अवसर पर प्रमुख अधीक्षक डॉ पी एस पोखरियाल एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी एस पांगती द्वारा चिकित्सालय के समस्त स्टाफ, आशा कार्यकत्रियों एवं आम जनमानस को वायु प्रदूषण कम करने हेतु जागरूक किया गया। उनके द्वारा नागरिकों से अपील करते हुए कहा गया कि वे सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें, अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें तथा प्लास्टिक एवं कचरे को जलाने जैसी हानिकारक गतिविधियों से बचें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के तहत आगामी 13 सितंबर (एक सप्ताह) तक जनपद की समस्त चिकित्सा स्वास्थ्य इकाइयों में वृहद जनजागरुकता अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों, आशा कार्यकत्रियों एवं नागरिकों से अपील की गई वे मिलकर पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण में सक्रिय भूमिका निभाएँगे ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु और नीला आसमान मिल सके। इस अवसर पर प्रमोद नौटियाल, अनिल बिष्ट, राकेश उनियाल, मनोज भट्ट, गिरीश व्यास आदि मौजूद रहे।



## नकली ब्रांडेड कपड़े और फुटवियर बनाने वाला गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तरी-पश्चिम जिला पुलिस की डीआईयू यूनिट ने एक ऐसे शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है, जो नामी ब्रांड्स के नकली कपड़े, जूते और एक्सेसरीज बनाकर उन्हें असली बताकर बाजार में बेच रहा था। पकड़े गए आरोपित की पहचान शालीमार बाग निवासी मोहित सचदेवा (35) के रूप में हुई है। वह ''डिजाइनर हुड'' नामक दुकान से नकली सामान बेचने का धंधा चला रहा था। उत्तरी-पश्चिम जिले के एडिशनल डीसीपी सिकंदर सिंह ने रविवार को बताया कि छापेमारी के दौरान आरोपित के कब्जे से भारी मात्रा में नकली ब्रांडेड सामान बरामद किया गया है।

एडिशनल डीसीपी ने बताया कि इस मामले की शिकायत नृपेन्द्र कश्यप निवासी निजामुद्दीन ईस्ट ने दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि आरोपित नकली लेबल लगाकर कपड़े, जूते, घड़ियां और अन्य एक्सेसरीज़ को असली ब्रांड बताकर बेच रहा है। पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की।

# स्वतंत्रता सेनानी शहीद परिवारों ने की बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में मदद की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। आज हर महीने प्रथम रविवार दस बजे दस मिनट स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों शहीदों के नाम अभियान के अन्तर्गत देशभर में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों में उपस्थित स्वतंत्रता सेनानी शहीद परिवारों ने अतिवृष्टि के चलते जम्मू कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, उत्तराखण्ड, दिल्ली, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, बिहार तथा असम सहित अन्य प्रान्तों में आई त्रासदी पर चिंता जताते हुए स्वतंत्रता सेनानी परिवार के लोगों से मदद की अपील की। हरिद्वार में आयोजित कार्यक्रम में अपने संदेश में स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति के राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्र रघुवंशी ने कहा कि सरकार तथा अन्य सामाजिक, धार्मिक संगठनों द्वारा अपने अपने स्तर पर राहत कार्य चलाए जा रहे हैं। फिर भी इस संकट की घड़ी में स्वतंत्रता सेनानी शहीद परिवारों को भी अपनी सामर्थ्य के अनुसार तन, मन और धन से जुटना चाहिए। इसके लिए 14 सितम्बर को स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दिल्ली बैठक में विचार विमर्श के साथ स्वतंत्रता सेनानी परिवारों की ओर से सहयोग का प्रस्ताव दिया जाएगा। हर महीने प्रथम रविवार दस बजे दस मिनट स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों शहीदों के नाम अभियान के क्रम में हरिद्वार जिले में भी शहीद जगदीश वत्स पार्क निकट जटवाड़ा पुल ज्वालापुर, स्वतंत्रता सेनानी स्मृति स्तंभ, वटवृक्ष सुनहरा रुड़की, स्वतंत्रता सेनानी स्तंभ रुड़की, लक्सर बहादराबाद में भी प्रतिमाह की भांति कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहीद जगदीश वत्स पार्क ज्वालापुर में संगठन के मार्गदर्शक मंडल सदस्य वीरेन्द्र कुमार गहलौत ने ध्वजारोहण किया, शहीद जगदीश वत्स की प्रतिमा पर डॉ. वेद प्रकाश आर्य, अरुण पाठक व कैलाश वैष्णव ने माल्यार्पण किया।

# पंजाब सीमा पर पिस्तौल और हेरोइन के साथ पांच लोग गिरफ्तार , ड्रोन बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। पंजाब सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए, सतर्क बीएसएफ जवानों ने कई घटनाओं में पांच तस्करों को गिरफ्तार किया और पिस्तौल, गोला-बारूद, ड्रोन और हेरोइन जब्त की। बीएसएफ के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि पुख्ता सूचना पर कार्रवाई करते हुए, बीएसएफ और एएनटीएफ, अमृतसर की एक संयुक्त टीम ने शनिवार को तरनतारन के चब्बल इलाके के पास रणनीतिक रूप से घात लगाकर हमला किया। इसके बाद, संयुक्त टीम ने एक तस्कर को उसके कब्जे से एक पैकेट हेरोइन (कुल वजन- 504 ग्राम), एक मोबाइल फोन और एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति, मालूवाल गाँव का निवासी है और उसके अवैध संबंधों का पता लगाने के लिए विस्तृत पूछताछ हेतु एएनटीएफ की हिरासत में है।

एक अन्य मामले में कल शाम , बीएसएफ और एएनटीएफ, अमृतसर की संयुक्त टीम तरनतारन के सुर सिंह मार्केट में संदिग्ध क्षेत्र में पहुँची और चार तस्करों को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। विस्तृत तलाशी लेने पर उनके पास से हेरोइन से भरे नौ पैकेट (कुल वजन- 5.032 किलोग्राम), दो पिस्तौल, एक स्कॉर्पियो वाहन, चार मोबाइल फोन, दो बाइक और एक हजार रुपए की भारतीय मुद्रा जब्त की गई। गोइंदवाल और सोहल गाँवों के निवासी अपराधी आगे की जाँच के लिए एएनटीएफ की हिरासत में हैं।

## बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर के महानिरीक्षक बाढ़ प्रभावित सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा किया


जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पंजाब फ्रंटियर के महानिरीक्षक डॉ. अतुल फुलझेले ने रविवार को फिरोज़पुर सीमा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गाँवों और चौकियों का दौरा कर बाढ़ की स्थिति का जायज़ा लिया तथा राहत कार्यों की समीक्षा की। डॉ फुलझेले ने प्रीतम सिंह वाला, पछारियां, पल्ला मेघा, जखरावां, बस्ती रामलाल, कमलेवाला दुलचिके और किल्चे सहित कई अन्य बाढ़ प्रभावित गाँवों का दौरा किया और बाढ़ से हुए नुकसान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें बीएसएफ द्वारा त्वरित और निरंतर सहायता का भरोसा दिलाया। बीएसएफ द्वारा आयोजित किए जा रहे चिकित्सीय शिविरों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे ऐसे शिविरों में उपलब्ध निःशुल्क चिकित्सा और पशु-चिकित्सा सेवाओं का पूर्ण लाभ उठाएँ। आने वाले कुछ दिनों तक प्रतिदिन इन शिविरों का आयोजन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किया जाएगा। महानिरीक्षक ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी बचाव और राहत कार्यों में लगे बीएसएफ जवानों के अथक प्रयासों की सराहना की।

# मोतिहारी पुलिस ने साइबर अपराध की रोकथाम के लिए निकाला जागरूकता मार्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूर्वी चंपारण। जिला पुलिस कप्तान स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर मोतिहारी साइबर थाना पुलिस ने डीएसपी अभिनव पराशर के नेतृत्व में बढते साइबर अपराध की रोकथाम के लिए अनूठी पहल शुरूआत की है।यह पहल आम लोगो को जागरूक बनाकर इस डिजिटल युग में साइबर अपराध से सुरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। मोतिहारी साइबर थाना पुलिस ने इसकी शुरुआत रविवार को मोतिहारी पुलिस लाइन से गांधी चौक तक एक जागरूकता मार्च निकाल कर की है। मार्च में बड़ी संख्या पुलिसकर्मी व नागरिको ने हिस्सा लेकर लोगो को साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूक किया। इस दौरान बताया गया कि बदलते परिवेश में साइबर अपराधी रोज नये तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं,ऐसे में बिना जांच के किसी भी ऐप्स को डाउनलोड न करे।लोन लेने के लिए प्रमाणित बैंकों का ही चयन करे।कोई फोन कॉल पर खुद को सीबीआई, ईडी या पुलिस अधिकारी बताकर वीडियो कॉल करते हैं, और लोगों को झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देते हैं,तो तत्काल उस फोन कॉल को काट दे और बिना घबराहट के तुरंत इसकी सूचना साइबर थाना पुलिस को दे। इन दिनो साइबर अपराधी लोगो को लुभावनी योजनाओं का सहारा लेकर भी ठगी कर रहे है। मुफ्त बिजली,मुफ्त सोलर,बड़ी इनाम में जीत सहित कई लालच देकर संदिग्ध मैसेज के साथ लिंक भेजते है,जिस पर क्लिक करते ही आपकी व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी चोरी हो सकती है।ऐसे में बिना जांच के ऐसे संदिग्ध मैसेज के किसी भी लिंक पर क्लिक ना करे।इस मौके पर मोतिहारी साइबर थाना के तेजतर्रार डीएसपी अभिनव पराशर ने हाल में ही मोतिहारी में पकड़े गए कई साइबर फ्रॉड गिरोह के नये तरकीबो के बारे में बताते हुए कहा कि साइबर सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है,बल्कि यह हर नागरिक की सतर्कता पर निर्भर करती है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063